CMYK

तापमान अधिकतम :33°C न्यूनतम: 17°C

सेंसेक्स 75,364.69 निफ्टी 22,904.45

सोना 91,455 चांदी 94,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

बरेली, रविवार 6 अप्रैल 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 131 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 7 शव्वाल 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### चीन ने अमेरिका में टिकटॉक सौदा खारिज किया

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### पंत पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# जस्टिस वर्मा ने ली इलाहाबाद में शपथ

## मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली ने लाइब्रेरी हॉल में पद वगोपनीयता की दिलाई शपथ

**प्रयागराज, वार्ता**

**घर से भारी** मात्रा में नोट मिलने के बाद चर्चा में आए जस्टिस यशवंत वर्मा ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में बतौर न्यायाधीश पद और गोपनीयता की शपथ ग्रहण कर ली है।

मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली ने उन्हें लाइब्रेरी हॉल में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। जस्टिस वर्मा का नाम इलाहाबाद हाईकोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर भी दर्ज हो गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने जस्टिस वर्मा के शपथ ग्रहण पर आपत्ति जताई थी। रजिस्ट्रार प्रोटोकॉल आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की शपथ सुबह 9.30 पर मुख्य न्यायाधीश के लाइब्रेरी हॉल में हुई। इलाहाबाद हाईकोर्ट की ऑफिशियल वेबसाइट पर उनका नाम सातवें नंबर पर अपलोड किया गया। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट में ट्रांसफर किया था। जस्टिस यशवंत वर्मा दिल्ली हाईकोर्ट में रहते हुए कैश कांड में घिरे थे। उधर, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने शपथ पर आपत्ति जाहिर की है। मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर कहा कि बार एसोसिएशन इस बात से परेशान है कि एसोसिएशन को शपथ ग्रहण की जानकारी क्यों नहीं दी गई। जस्टिस यशवंत वर्मा का तबादला इलाहाबाद हाईकोर्ट करने के कॉलेजियम के फैसले के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं ने नाराजगी जाहिर की थी। इसके विरोध में अधिवक्ताओं ने सात दिनों तक कामकाज ठप रखा था। बाद में वादकारियों की दिक्कतों को देखते हुए 29 मार्च को हड़ताल स्थगित करने की घोषणा कर दी थी। मंगलवार से हाईकोर्ट में कामकाज शुरू हो गया था।



■ जस्टिस वर्मा का नाम इलाहाबाद हाईकोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर भी दर्ज हुआ

# आपदा प्रभावित राज्यों के लिए 1280 करोड़ की सहायता मंजूर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने पिछले वर्ष बाढ़, आकस्मिक बाढ़, बादल फटने, भूस्खलन, चक्रवाती तूफान से प्रभावित बिहार, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु और पुड्डुचेरी के लिए 1280.35 करोड़ रुपये की अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता को मंजूरी दी है।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति की शनिवार को हुई बैठक में यह मंजूरी दी गई। गृह मंत्रालय ने बताया है कि उच्चस्तरीय समिति ने राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि से तीन राज्यों को 1247.29 करोड़ रुपये और एक केंद्रशासित प्रदेश को 33.06 करोड़ रुपये की केन्द्रीय सहायता को मंजूरी दी, जो राज्य आपदा मोचन निधि में उपलब्ध वर्ष के लिए प्रारंभिक शेष राशि के 50 प्रतिशत के समायोजन के अंतर्गत है। अभी जारी कुल 1280.35 करोड़ रुपये की राशि में से बिहार के लिए 588.73 करोड़ रुपये, हिमाचल प्रदेश के लिए 136.22 करोड़ रुपये, तमिलनाडु के लिए 522.34 करोड़ रुपये और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के लिए 33.06 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। यह अतिरिक्त सहायता केन्द्र द्वारा राज्यों को राज्य आपदा मोचन कोष और केंद्र शासित प्रदेश आपदा मोचन कोष में जारी की गई धनराशि के अतिरिक्त है, जो पहले से ही राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के पास है। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान केन्द्र सरकार ने राज्य आपदा कोष के तहत 28 राज्यों को 20,264.40 करोड़ रुपये और राष्ट्रीय आपदा कोष के तहत 19 राज्यों को 5,160.76 करोड़ रुपये जारी किए हैं।



■ गृह मंत्री शाह की अध्यक्षता में बैठक में चार राज्यों को मिली सौगात

### रामनवमी पर बंगाल में बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में रविवार को रामनवमी के अवसर पर शांति सुनिश्चित करने के लिए राजधानी कोलकाता समेत पूरे राज्य में बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार ने 10 जिला पुलिस आयुक्तालय का सीमांकन किया और रामनवमी समारोह के दौरान शांति एवं सामान्य स्थिति सुनिश्चित करने तथा सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी के लिए 29 आईपीएस अधिकारियों को दायित्व सौंपा है। कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा ने भी वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के साथ कई बैठकें की है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने अंजनी पुत्र सेना और विश्व हिंदू परिषद को संवेदनशील और अत्यधिक आबादी वाले हावड़ा में अपनी-अपनी रैलियां निकालने की शुक्रवार को अनुमति दी है।

### आईएनएस सह्याद्रि कोलंबो बंदरगाह पर पहुंचा

**कोलंबो।** आईएनएस सह्याद्रि शुक्रवार को कोलंबो बंदरगाह पहुंचा, जहां श्रीलंका की नौसेना ने उसका गर्मजोशी से स्वागत किया। 'डेली मिरर' की शनिवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, आईएनएस सह्याद्री 143 मीटर लंबा फ्रिगेट है, जिस पर 320 लोगों का दल है और जहाज की कमान कैप्टन रजत कुमार के हाथ में है। रिपोर्ट के अनुसार, आईएनएस सह्याद्री के चालक दल अपनी यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के लिए श्रीलंका की नौसेना की ओर से आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेंगे। वे देश भर के कई पर्यटन स्थलों का भी दौरा करेंगे। यात्रा के समापन पर, आईएनएस सह्याद्री सात अप्रैल को कोलंबो से रवाना होने वाला है।

### रामनवमी पर श्रद्धालुओं पर करेंगे पुष्पवर्षा : अंसारी

**अयोध्या।** बाबरी मस्जिद के पक्षकार रहे इकबाल अंसारी ने कहा कि रामनवमी पर आने वाले श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा करके रामनवमी मनाएंगे। बाबरी मस्जिद के पक्षकार रहे इकबाल अंसारी ने कहा कि रविवार को रामनवमी के दिन अर्थात श्रीरामजन्मोत्सव पर्व पर देश, विदेश से आए हुए श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत करेंगे। उन्होंने कहा कि अयोध्या धर्म की नगरी है। अयोध्या पूज्य है, अयोध्या में सरयू नदी है, अयोध्या में हनुमानगढ़ी है और अयोध्या में भगवान राम का मंदिर है। अयोध्या में देश-दुनिया की आस्था है। अयोध्या में जितने भी श्रद्धालु आएंगे उनका हम स्वागत करेंगे।

### रामलला के ललाट पर हुआ भगवान सूर्य का तिलक ट्रायल

**अयोध्या।** श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला के जन्मोत्सव पर भगवान सूर्य का तिलक का ट्रायल शनिवार को किया गया। सूत्रों के अनुसार रामनवमी के पूर्व भगवान रामलला के ललाट पर भगवान सूर्य ने तिलक किया। तिलक का ट्रायल ठीक बारह बजे किया गया।

# भारत हर परिस्थिति में श्रीलंका के साथ: मोदी

## श्रीलंका से हमारे सदियों पुराने आध्यात्मिक व आत्मीयता भरे संबंध

**कोलंबो, वार्ता**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने कहा है कि भारत- श्रीलंका के सुरक्षा हित समान हैं, उनकी सुरक्षा एक-दूसरे से जुड़ी है तथा भारत सच्चे पड़ोसी तथा मित्र के रूप में हर प्रतिकूल परिस्थिति में श्रीलंका के साथ खड़ा है।

श्रीलंका यात्रा पर आए श्री मोदी ने शनिवार को यहां राष्ट्रपति अनुरा दिसानायके के संयुक्त प्रेस वक्तव्य के अवसर पर कहा कि भारत और श्रीलंका के बीच सदियों पुराने आध्यात्मिक और आत्मीयता भरे संबंध हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने सबका साथ सबका विकास के विजन को अपनाया है और हम अपने पार्टनर देशों की प्राथमिकताओं को भी महत्व देते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में दोनों देश अपनी भागीदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि मछुआरों के मुद्दे पर भी चर्चा हुई और श्री मोदी ने मछुआरों को तुरंत रिहा किए जाने और उनकी नौकाओं को वापस भेजने पर जोर दिया है। श्री मोदी ने कहा कि मैं श्रीलंका के लोगों के धैर्य और साहस की सराहना करता हूं और आज श्रीलंका को वापस प्रगति के पथ पर देख कर हर्ष महसूस कर रहा हूं। भारत -शेष पृष्ठ दो पर



### भारत और श्रीलंका ने रक्षा सहयोग पर सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए

**कोलंबो।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के बीच कोलंबो में शनिवार को द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों ने रक्षा सहयोग पर अपने पहले सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करने के साथ ही त्रिंकोमाली को ऊर्जा केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए यूएई के साथ त्रिपक्षीय समझौते पर भी हस्ताक्षर किए हैं।

### मोदी को मिला श्रीलंका का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

**कोलंबो।** पीएम मोदी को श्रीलंका सरकार ने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'श्रीलंका मित्र विभूषण' से सम्मानित किया है। श्रीलंका की यात्रा पर गए श्री मोदी को राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने शनिवार को कोलंबो में एक समारोह में 'श्रीलंका मित्र विभूषण' से सम्मानित किया और इस सम्मान के प्रतीक पदक को उनके गले में पहनाया।

### दिल्ली आयुष्मान भारत योजना में शामिल

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की स्वास्थ्य बीमा योजना 'आयुष्मान भारत' में शनिवार को दिल्ली शामिल हो गई। केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की उपस्थिति में यहां इस आशय के समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। हाल में हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में आयुष्मान भारत में दिल्ली राज्य को शामिल करना एक प्रमुख मुद्दा था। आयुष्मान भारत योजना में दिल्ली की जनता को केंद्र सरकार की स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ मिल सकेगा। इसके तहत प्रत्येक पात्र परिवार को प्रति वर्ष पांच लाख का रुपये का उपचार निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा 70 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक व्यक्ति को पांच लाख रुपये का प्रति वर्ष उपचार भी मिलेगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण ने दिल्ली सरकार के साथ आयुष्मान भारत- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को दिल्ली में लागू करने के एक सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

# वक्फ बिल के खिलाफ मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड करेगा आंदोलन

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड वक्फ संशोधन बिल को वापस लेने की मांग के साथ पूरे देश में आंदोलन करेगा। शनिवार शाम को ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोड मे दो पेज का लेटर जारी किया। बोर्ड ने कहा कि हम सभी धार्मिक, समुदाय-आधारित और सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर राष्ट्रव्यापी आंदोलन करेंगे।

यह अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक कि संशोधन पूरी तरह से निरस्त नहीं हो जाते। वक्फ संशोधन बिल इस्लामी मूल्यों, धर्म और शरीयत, धार्मिक और सांस्कृतिक स्वतंत्रता, सांप्रदायिक सद्भाव और भारतीय संविधान के आधारभूत ढांचे पर गंभीर हमला है। कुछ राजनीतिक दलों का भाजपा के सांप्रदायिक एजेंडे को दिए गए समर्थन ने उनके तथाकथित धर्मनिरपेक्ष मुखौटे को पूरी तरह से उजागर कर दिया है। शनिवार को 'आप' विधायक अमानतुल्लाह खान ने बिल के विरोध में सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई। इससे पहले शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में दो याचिकाएं लगाई गईं थीं। बिहार के किशनगंज से कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद और एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने यह याचिका लगाई।




■ कहा: संशोधन संविधान पर हमला, सुप्रीम कोर्ट में तीसरी याचिका दाखिल

### कारवाड़ नौसेना स्टेशन पर दो हजार करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कारवाड़ नौसेना स्टेशन पर दो हजार करोड़ की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया। शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन के पहले चरण में हिस्सा लेने आए रक्षा मंत्री ने भारतीय नौसेना के प्रोजेक्ट सीबर्ड के तहत नौसेना बेस कारवाड़ में बुनियादी ढांचे की एक विस्तृत परियोजना श्रृंखला का उद्घाटन किया। कारवाड़ की यात्रा के दौरान नौ पियर्स, अत्याधुनिक समुद्री उपयोगिताओं और ट्रंक सुविधाओं के साथ- साथ नाविकों और रक्षा नागरिकों के लिए 480 आवास इकाइयों सहित 2000 करोड़ रुपये के बुनियादी ढांचे का उद्घाटन किया गया। नौसेना के अनुसार इन सुविधाओं और बुनियादी ढांचे का पूरा होना भारत की रक्षा क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को मजबूत करने की दिशा में बड़ी छलांग है।

# कनाडा में भारतीय की हत्या

**ओटावा।** कनाडा की राजधानी ओटावा के पास रॉकलैंड में एक भारतीय नागरिक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई है। भारतीय उच्चायोग ने घटना पर दुख व्यक्त किया है और कहा है कि वे सभी सहायता प्रदान करने के लिए स्थानीय सामुदायिक संघ के साथ निकट संपर्क में हैं।

भारतीय उच्चायोग ने कहा कि हम ओटावा के पास रॉकलैंड में चाकू घोंपकर एक भारतीय नागरिक की दुखद मौत से बहुत दुखी हैं। पुलिस ने कहा है कि एक संदिग्ध को हिरासत में ले लिया गया है। उच्चायोग ने कहा कि हम शोक संतप्त परिजनों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए एक स्थानीय सामुदायिक संघ के माध्यम से निकट संपर्क में हैं। रिपोर्ट के अनुसार शुक्रवार चार अप्रैल को कनाडा के रॉकलैंड में लालोंडे स्ट्रीट पर स्थित एक आवास में हुई घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

■ भारतीय उच्चायोग ने घटना पर दुख जताया

# बीएसएफ ने किया घुसपैठिया ढेर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के जम्मू में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के सतर्क जवानों ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर एक घुसपैठिए को मार गिराया और घुसपैठ की कोशिश को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया है।

आधिकारिक प्रवक्ता ने शनिवार को यहां बताया कि चार-पांच अप्रैल की मध्य रात्रि में बीएसएफ के जवानों ने जम्मू क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर एक संदिग्ध गतिविधि देखी। उन्होंने कहा कि जवानों ने एक घुसपैठिए को अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार करते देखा, जिसके बाद उसे चुनौती दी गई, लेकिन उसने कोई ध्यान नहीं दिया और आगे बढ़ता रहा। प्रवक्ता ने बताया कि बीएसएफ के जवानों ने खतरे को भांपते हुए घुसपैठिए को मार गिराया। घुसपैठिए की पहचान और मकसद का पता लगाया जा रहा है। सतर्क बीएसएफ जवानों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया, जबकि समकक्षों के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया जा रहा है।

# सैफ अली हमला में तीनों टुकड़े एक ही चाकू के निकले

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमला केस में आरोपी शरीफुल इस्लाम की जमानत याचिका पर मुंबई की एक कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान मामले की जांच कर रही मुंबई पुलिस ने फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) रिपोर्ट में बड़ा खुलासा किया।

पुलिस ने कोर्ट में बताया कि आरोपी से बरामद टुकड़ा, वारदात की जगह से मिला हिस्सा और सैफ की रीढ़ की हड्डी से निकला टुकड़ा, तीनों एक ही चाकू के हैं। आरोपी के खिलाफ मजबूत सबूत हाथ लगे हैं। जल्द ही चार्जशीट दाखिल की जाएगी। आरोपी को जमानत मिली, तो वह बांग्लादेश भाग सकता है। आरोपी की ओर से दाखिल जमानत याचिका में कहा गया था कि एफआईआर झूठी है और जांच पूरी हो चुकी है, सिर्फ चार्जशीट दाखिल होना बाकी है। मामले की अगली सुनवाई 9 अप्रैल को होगी। सैफ अली खान पर 15 जनवरी को उनके घर सतगुरु शरण अपार्टमेंट में घुसकर हमला हुआ था। इसके बाद सैफ खुद अस्पताल पहुंचे थे।

■ फॉरेंसिक रिपोर्ट में हुआ खुलासा

### वक्फ विधेयक का समर्थन करने पर शाहनवाज हुसैन को मिली धमकी

**समस्तीपुर।** वक्फ संशोधन विधेयक का समर्थन करने पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन को जान से मारने की धमकी मिली है। श्री हुसैन ने शनिवार को समस्तीपुर में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में इसका स्वयं खुलासा करते हुए बताया कि उनके मोबाइल फोन के साथ-साथ सोशल मीडिया पर उन्हें लगातार संदेश भेजकर धमकी दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक के फायदे के बारे में पार्टी की ओर से लोगों खासकर मुसलमानों के बीच अपनी बात मजबूती के साथ लगातार रख रहा हूं।

# पंचतत्व में विलीन हुए मनोज कुमार



**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज फिल्मकार-अभिनेता मनोज कुमार पंचतत्व में विलीन हो गए हैं। मुंबई में जुहू के पवन हंस श्मशान घाट पर शनिवार को उनके परिजनों, मित्रों और प्रशंसकों की उपस्थित में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। अभिनेता के पार्थिव शरीर को उनके पुत्र कुणाल गोस्वामी ने मुखाग्नि दी। मनोज कुमार की पत्नी शशि गोस्वामी श्मशान घाट पर थीं।

### शिवराज ने की डल्लेवाल से अनशन खत्म करने की अपील

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों के साथ बातचीत की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से अनशन समाप्त करने की अपील की है। श्री चौहान ने शनिवार को सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में कहा कि किसान संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ पहले से तय तिथि के अनुसार चार मई को बातचीत होगी। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार के प्रतिनिधियों और किसान संगठनों के प्रतिनिधियों के बीच उनकी मांगों को लेकर चल रहा बातचीत का सिलसिला लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल अब अस्पताल से वापस आ चुके हैं और हम उनके अतिशीघ्र पूर्ण रूप से स्वस्थ होने की कामना करते हैं। साथ ही हम उनसे अनुरोध करते हैं कि वह अपना अनशन समाप्त करें।

# तेलंगाना में 86 नक्सलियों का सामूहिक आत्मसमर्पण

**बस्तर/हैदराबाद, वार्ता**

**केंद्रीय गृह मंत्री** अमित शाह के छत्तीसगढ़ के बस्तर दौरे के बीच शनिवार को तेलंगाना के भद्राद्री कोठागुडेम जिले में माओवादी संगठन को एक और झटका देते हुए 86 नक्सलियों ने सामूहिक आत्मसमर्पण कर दिया।

इनमें से अधिकांश छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं। जानकारी के अनुसार, नक्सलियों ने कोठागुडेम के हेमचंद्रपुरम पुलिस मुख्यालय पहुंचकर मल्टी जोन-1 के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) चंद्रशेखर रेड्डी के समक्ष आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वालों में 66 पुरुष और 20 महिलाएं शामिल हैं। ये सभी माओवादी लंबे समय से आईईडी ब्लास्ट, फायरिंग, हत्या और ठेकेदारों से वसूली जैसी गंभीर वारदातों में शामिल रहे हैं। आईजी चंद्रशेखर रेड्डी ने बताया कि इन सभी ने तेलंगाना सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन चेयुथा' के तहत आत्मसमर्पण किया है। सरकार ने आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को पुनर्वास योजना के तहत तत्काल 25 हजार रुपये की सहायता राशि भी प्रदान की है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह सामूहिक आत्मसमर्पण बस्तर में बढ़ती पुलिस कार्रवाई और सुरक्षा बलों के सतत दबाव का परिणाम है।



■ लंबे समय से आईईडी ब्लास्ट, फायरिंग, हत्या और ठेकेदारों से वसूली जैसी गंभीर वारदातों में शामिल रहे



## संक्षिप्त समाचार

### कंपनी अधिनियम 2013 में संशोधन पर टिप्पणियां आमंत्रित

**नई दिल्ली।** सरकार ने कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत फास्ट ट्रैक विलय के दायरे को बढ़ाने के लिए नियमों में प्रस्तावित संशोधन पर सार्वजनिक टिप्पणियां आमंत्रित की हैं। कंपनी मामलों के मंत्रालय ने आज यहां कहा कि कंपनी अधि. नियम 2013 की धारा 233 में केंद्र सरकार के अनुमोदन के माध्यम से कुछ कंपनियों (फास्ट ट्रैक विलय) के विलय या समामेलन का प्रावधान है। चालू वित्त वर्ष के बजट भाषण के अनुसार ऐसे विलय के दायरे को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इस उद्देश्य के लिए कंपनी (समझौता, व्यवस्था और समामेलन) नियम, 2016 में संशोधन का प्रस्ताव करने वाली एक मसौदा अधिसूचना मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। मसौदा संशोधन नियमों पर टिप्पणियां/सुझाव मंत्रालय की वेबसाइट पर ई-परामर्श मॉड्यूल के माध्यम से 5 मई 2025 तक भेजे जा सकते हैं।

### मणिपुर में चार उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में पिछले 24 घंटों के दौरान अलग-अलग घटनाओं में चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से हथियार बरामद किए गए है। मणिपुर पुलिस ने शनिवार को बताया कि सुरक्षा बलों ने थौबल जिले के खोंगजोम-पीएस के अंतर्गत खोंग. जोम खेबाचिंग क्षेत्र से केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति थौबल जिले के खोंगजोम क्षेत्र से जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल है। उसके पास से एक एम20 पिस्तौल, एक मैगजीन और जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इसके बाद सुरक्षा बलों ने खुरई कोंगपाल लैशराम लेइकाई से केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के एक और सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक 9 एमएम पिस्तौल, एक मैगजीन और छह जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने बताया कि इंफाल पश्चिम जिले के पटसोई पार्ट-4 से एक व्यक्ति के अपहरण का मामला सामने आया है। पुलिस ने बिष्णुपुर जिले के नाम्बोल-पीएस के अंतर्गत नाम्बोल फोइलजग इलाके में घेरा. बंदी और तलाशी अभियान चलाया। अभियान के दौरान उक्त व्यक्ति के अपहरण में शामिल दो यूएनएलएफ (पी) कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया। अपहृत व्यक्ति को भी बचा लिया गया। पुलिस ने बताया कि दो अन्य अभियानों में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया।

### आईजीएनसीए में 'प्रथम सुनीत चोपड़ा स्मृति व्याख्यान'

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) के संरक्षण प्रभाग एवं सांस्कृतिक अभिलेखागार 'प्रथम सुनीत चोपड़ा स्मृति व्याख्यान' में कला आलोचना के ऐतिहासिक दृष्टिकोण और उसके विकसित होते आयामों पर प्रकाश डाला गया। आईजीएनसीए की ओर से शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार कार्यक्रम में प्रसिद्ध कला इतिहासकार, सांस्कृतिक आलोचक, राजनीतिज्ञ और विचारक सुनीत चोपड़ा के भारतीय कला और संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान को याद किया गया। इस विशेष अवसर पर कर्नाटक चित्रकला परिषद के कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स के कला इतिहास विभाग के प्रोफेसर एवं अध्यक्ष डा. आरएच कुलकर्णी मुख्य वक्ता थे।

### अब कोई चौराहों की जमीनों पर कब्जा नहीं कर सकेगा

# जमीनों की लूट-खसोट पर लगेगी रोक: योगी

**महाराजगंज, वार्ता**



■ संसद में वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम पारित होने को लेकर उप्र के मुख्यमंत्री ने किया बड़ा दावा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर महाराजगंज पहुंचे। जनसभा को संबो. धित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने संकल्प लिया कि अगले तीन साल में यूपी से गरीबी खत्म कर इसे देश का नंबर एक राज्य बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में देश की संसद में वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम पारित किया गया है, जिससे वक्फ के नाम पर जमीनों की लूट-खसोट और अवैध कब्जे पर रोक लगेगी। उन्होंने कहा कि अब कोई चौराहों की जमीनों पर कब्जा नहीं कर सकेगा। सरकारी संपत्ति का उपयोग विद्यालय, चिकित्सालय, कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, बैराज और आवास निर्माण जैसे जन कल्याणकारी कार्यों में होगा। सीएम योगी ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में लाखों एकड़ भूमि वक्फ बोर्ड के नाम पर नाजायज तरीके से कब्जाई गई थी, जिससे गरीबों का कल्याण नहीं हो रहा था। अब इस मनमानेपन पर लगाम लगेगी। मुख्यमंत्री ने वासंती नवरात्रि की अष्टमी के अवसर पर मां बनैलिया देवी को नमन करते हुए कहा कि उन्हें नौतनवा विधानसभा क्षेत्र में रोहिन नदी पर बैराज के लोकार्पण का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इस बैराज से 16 हजार अन्नदाता किसानों और 54 सौ हेक्टेयर से अधिक भूमि को सिंचाई का लाभ मिलेगा। योगी ने कहा कि यह बैराज मां बनैलिया देवी के नाम से जाना जाएगा। रोहिन नदी का पानी मीठा है और यह नेपाल से गोरखपुर तक बहती है। इस बैराज से किसानों को लंबे समय तक लाभ मिलेगा। रोहिन बैराज के बारे में उन्होंने कहा कि 25 साल से इसकी मांग थी, लेकिन पहले की सरकारें अपने परिवार की जेब भरने और जमीन की लूट में व्यस्त थीं। अब यह बैराज बाढ़ से बचाव और सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराएगा। इसके आसपास वाटर बाडी, पर्यटन, नौकायन और रेस्टोरेंट बनने से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। सीएम योगी ने बताया कि पिछले 8 साल में उत्तर प्रदेश ने नई ऊंचाइयां छुई हैं। 2017 में यूपी देश में सातवें नंबर की अर्थव्यवस्था था, आज यह देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। मुसहर, वनटांगिया और थारू जैसी जनजातियों के गांवों को जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या में राम मंदिर और महाकुम्भ का जिक्र करते हुए कहा कि यह विकास और विरासत का अनूठा समन्वय है। मुख्यमंत्री ने सरयू नहर परियोजना का जिक्र करते हुए कहा कि 1972 में बनी परियोजना को पूरा होने में 49 साल लग गए, वो भी तब पूरा हुआ, जब भाजपा की सरकार आई।

### कांग्रेस और सपा गरीब मुस्लमानों के नहीं भूमाफियाओं के साथ: अरुण सिंह

**मिर्जापुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद अरुण सिंह ने आज विपक्ष पर जमकर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस सपा सहित सभी दल गरीब मुसलमानों के साथ नहीं बल्कि भू-माफियाओं के साथ है। वक्फ बिल दोनों सदनों में पास हो जाने के बाद अब सरकार माफियाओं के कब्जे से जमीन को मुक्त करा कर गरीब एवं पिछड़े मुसलमानों के लिए काम करेगी। अरुण सिंह भाजपा के स्थापना दिवस पर एक सप्ताह तक पार्टी द्वारा कार्यक्रम के लिए पूजा कर शुभारंभ किया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि विपक्षी दल मुस्लिम समुदाय में भ्रम फैला रहे हैं। हालांकि उनके मंसूबों पर पानी फिर जाएगा। राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि विपक्षी दलों के लिए यह नया नही है। मोदी सरकार द्वारा जब भी कोई बड़े बदलाव किए जाते हैं। तब तब भ्रम फैलाने में कोई कोर कसर नही छोड़ते हैं। चाहे सीसीए बील हो या धारा 370 हो, लेकिन अब मुस्लिम समाज सब समझ रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वक्फ बिल पास हो जाने के बाद गरीब मुसलमानों को इसका लाभ मिलेगा, जो अब तक कुछ माफिया लोग ले रहे थे।

### पीएम के नेतृत्व में तेजी से बढ़ी देश की अर्थव्यवस्था, प्रदेश को बनाएंगे नंबर वन

**महराजगंज।** प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ी हैं। आज भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनने की ओर अग्रसर है, तो अपना यूपी देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। प्रदेश भय और अराजकता से मुक्त हो सुशासन और विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिसका एक बड़ा उदाहरण महराजगंज में बना यह रो. हिन बैराज भी है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को रतनपुर में नवनिर्मित रोहिन बैराज परियोजना के लोकार्पण समारोह को सम्बोधित करते हुई कहीं। उन्होंने कहा कि यह नया भारत है, जहां बिना किसी भेदभाव के काम होता हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज पुरा देश एक नए भारत का दर्शन कर रहा हैं, जो भारत बिना किसी भेदभाव के योजनाओं का लाभ सबको देता है। किसानों हो, नौजवान, मजदूर हो या महिलाएं सबको सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है, जो काम पिछली सरकारों ने सत्तर सालों में नहीं किया वो काम मोदी सरकार ने दस वालों में कर दिखाया। डबल इंजन की सरकार में आज देश के 80 करोड़ लोगों को फी राशन मिल रहा है। चार करोड़ गरीब परिवारों को उनका अपना आशियाना मिला है। बच्चों की अच्छी पढ़ाई से लेकर लोगों की दवाई तक के लिए भाजपा सरकार काम कर रहीं हैं। अंत में मुख्यमंत्री ने सभी को नवरात्र की बधाई देते हुए विकास और सुशासन में सहयोग का आह्वान किया। इस दौरान प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, जिले के प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, विधायक ऋषि त्रिपाठी, ज्ञानेंद्र सिंह, जयमंगल मंगल कन्नौजिया, प्रेम सागर पटेल व संजय पाण्डेय आदि मौजूद रहें।

# भाजपा के लोग ही भाजपा के खिलाफ: अखिलेश

**लखनऊ, वार्ता**



■ जीरो टालरेंस अगेंस्ट क्राइम एंड करप्शन की पालिसी जीरो, अखिलेश ने कसा योगी सरकार पर तंज

राजधानी लखनऊ में शनिवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पत्रकार वार्ता की। इस दौरान उन्होंने भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था से लेकर विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि जीरो टालरेंस अगेंस्ट क्राइम एंड करप्शन की पालिसी यूपी में जीरो हो गई है।

सपा मुखिया ने कहा कि बहुत कम देखने को मिलता होगा कि पुलिस फिरौती के लिए खुद अपहरण कर रही है। पुलिस ही पुलिस पर मुकदमे दर्ज कर रही है। अब बताओ जीरो टालरेंस कहां बचा। प्रदेश में कहीं भी लोगों को न्याय नहीं मिल रहा है। भाजपा के लोगों को भी न्याय नहीं मिल रहा है। भाजपा के लोग ही भाजपा के खिलाफ हैं। अखिलेश यादव ने आगे कहा कि करप्शन में एक आईएएस अधिकारी को पकड़ा गया है। बीच में जो दलाल था, उसे भी पकड़ा गया। पकड़ा गया दलाल और भी आईएएस अफसरों का काम करता था। ये करप्शन का मामला नहीं, बल्कि बंटवारे का झगड़ा था। जो लोग 80-20 का नारा देते हैं, मैं उनसे पूछता हूं कि हम 80 में आते हैं या 20 में। ये 80-20 का मामला नहीं, बल्कि 90-10 का मामला है। आधी आबादी और पीडीए भाजपा से नाराज है। जो लोग निवेश लाना चाहते थे, वो विनाश ले आए। ये भ्रष्ट अधिकारी छुपे हुए हैं। यूपी के एक अधिकारी का पैसा दूसरे प्रदेश में मिला। अखिलेश ने कहा कि इतिहास को नहीं पलटना चाहिए। जो इतिहास खुशहाली के रास्ते पर ना ले जाए, उसे नहीं पलटना चाहिए। क्योंकि इतिहास में अच्छाई और बुराई दोनों होती है। जबसे वक्फ बिल पास हुआ है, तबसे भाजपा के लोग इंडिया एलायंस का दुष्प्रचार कर रहे हैं। भाजपा यही चाहती है कि हम लोग बुनियादी सवालों पर चर्चा ना करें। क्या यूपी में गेहूं की सरकारी खरीद हो रही है। सरकार ने खरीद के लिए प्राइवेट लोगों को लाइसेंस दे दिया है। यूपी और उत्तरखंड से सबसे ज्यादा युवा फौज में जाते थे। लेकिन पक्की भर्ती बंद करके अग्निवीर योजना शुरू कर दी गई। सरकार अमेरिका के राष्ट्रपति से सीखे कि वह लोग अपने देश की अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए दूसरे देशों पर पाबंदी लगा रहे हैं। क्या हमारी सरकार चीन पर पाबंदी लगा पाएगी? ये सरकार झूठ के एक्सप्रेसवे बना रही है। एक पोस्टर में लिखा था कि छह बन चुके हैं और सात निर्माणधीन हैं, तो क्या बाकी हवा में बन रहे हैं।

# अमेरिका से व्यापार समझौते पर बने टास्क फोर्स

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ कांग्रेस ने ट्रम्प के टैरिफ लगाने पर गहरी चिंता जताते हुए उठाई मांग

कांग्रेस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ लगाने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, पश्चिम एशिया, चीन, जापान, लैटिन अमे. रिकी देश तथा अफ्रीकी संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौतता (एफटीए) पर नए सिरे से विचार करने तथा अमेरिका के साथ इस मुद्दे पर बातचीत करते रहने और इसके लिए टास्क फोर्स बनाने का सुझाव दिया है, जिसमें सभी क्षेत्रों के विशेषज्ञ शामिल हों।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दो दिन पहले अमेरिका ने रेसिप्रोकल टैरिफ की घोषणा की, जिससे पूरी दुनिया के व्यापार को चोट पहुंची है और इस फैसले से सात दशक पुरानी अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था एक झटके में चौपट हो गई है। दशकों से दुनिया में निवेश के लिए सहमति बनी और टैरिफ तथा व्यापार पर आम सहमति के बाद विश्व व्यापार संगठन की स्थापना हुई थी। इस व्यवस्था के बाद अब पहली बार किसी बड़े देश ने रेसिप्रोकल टैरिफ शब्द का इस्तेमाल किया है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यह पहला फैसला है, जिससे पूरी दुनिया में अनिश्चितता का माहौल बना और इससे अमीर तथा गरीब देश सीधे प्रभावित हो रहे हैं। इसकी वजह है कि आज दुनिया के सभी देश अपनी आर्थिक और सामाजिक प्रगति के अलग-अलग पयदान पर खड़े हैं। कुछ अमीर हैं, कुछ विकासशील अर्थव्यवस्था में हैं, कुछ बहुत गरीब हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि भारत पर भी रेसिप्रोकल टैरिफ का प्रभाव होगा, इस पर देश की क्या रणनीति है, इसकी कोई जानकारी नहीं है, लेकिन इसको लेकर भारत की जो भी प्रतिक्रिया हो, उसमें राष्ट्रहित ही सबसे ऊपर रहे। अमेरिका के साथ भारत के कई बड़े समझौते हैं और बड़े ट्रेडिंग पार्टनर भी हैं। संकेत हैं कि सरकार द्विपक्षीय ट्रेड के लिए कुछ टर्म्स और रिफ्रेंस तैयार किए जा रहे हैं। वो क्या हैं और उसके मापदंड क्या हैं, इस पर देश को विश्वास में लेना चाहिए। बिना बताए ऐसे कोई निर्णय न हों, जिसकी कीमत लंबे समय तक देश चुकाता रहे। बेहतर होता कि संसद में सरकार इस पर बयान देती और चर्चा की जाती। अब विपक्ष के नेताओं से बैठक कर सरकार बताए कि उनकी इस पर क्या रणनीति है। इस पर जो समझौता हो, वो संतुलित और सम्मानजनक होना चाहिए।

### खड़गे-राहुल ने समता दिवस पर जगजीवन राम को किया नमन

**नई दिल्ली।** मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पूर्व उपप्रधानमंत्री और दिग्गज नेता रहे बाबू जगजीवन राम की 118वीं जयंती पर उनकी समाधि समता स्थल पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। खड़गे व गांधी ने समता स्थल पर जगजीवन राम की समाधि पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान वहां जगजीवन राम की पुत्री तथा पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार सहित कई अन्य प्रमुख नेता मौजूद थे। इस दौरान वहां सर्व धर्म सभा का भी आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न वर्गों की लोगों ने हिस्सा लिया। खड़गे ने कहा कि समता दिवस पर महान स्वतंत्रता सेनानी, सामाजिक न्याय के पुरोधा एवं पूर्व उपप्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम जी की जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि। समता के महानायक, बाबू जी समाज के कमज़ोर, शोषित और पिछड़े वर्गों के उत्थान एवं उनके न्याय के लिए नि:स्वार्थ भाव से संघर्षरत रहे।

# निजी स्कूलों-भाजपा सरकार की सांठगांठ की हो सीबीआई जांच: सिसोदिया

**नई दिल्ली, वार्ता**



आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के निजी स्कूलों में हुई बेहताशा फीस वृद्धि की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग की है। आप के वरिष्ठ नेता वएवं दिल्ली के पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को कहा कि जब से दिल्ली में भाजपा की सरकार बनी है, वह रोजाना कुछ न कुछ दिल्ली के लोगों के हितों के खिलाफ काम कर रहे हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कई जनहित की योजना शुरू की थीं। इसमें अब बसों में महिलाओं को फी टिकट मिलना बंद हो गया है, मोहल्ला क्लीनिक बंद हो गए हैं, अस्पतालों में दवाइयां मिलनी बंद हो गई हैं, टेस्ट होने बंद हो गए हैं। भाजपा की सरकार हर रोज कुछ न कुछ ऐसे कदम उठा रही है, जिससे दिल्ली के लोग परेशान हो रहे हैं। अब दिल्ली के निजी स्कूलों ने मनमाने तरीके से फीस बढ़ानी शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि 2015 में जब मैं दिल्ली का शिक्षा मंत्री बना था, उस वक्त निजी स्कूलों की मनमानी और फीस वृद्धि पर लगाम लगाई गई थी। 'आप' की सरकार से पहले निजी स्कूलों का खुला राज चलता था। 2015 से पहले किसी बच्चे का निजी स्कूल में दाखिला हो गया, तो फिर निजी स्कूल हर साल कितना भी पैरेंट्स को लूट सकते थे और पैरेंट्स असहाय महसूस करते थे। उन्होंने कहा कि 'आप' की सरकार ने निजी स्कूलों की मनमानी पर लगाम कसने के लिए एक-एक स्कूल का ऑडिट कराया। हर निजी स्कूल को निर्देश दिया गया कि बिना सरकार की अनुमति के कोई भी स्कूल फीस नहीं बढ़ाएगा। फीस वृद्धि से पहले सरकार की अनुमति लेना आवश्यक कर दिया था।

आप नेता ने कहा कि हर निजी स्कूल 10 से 30 फीसदी फीस मनमाने तरीके से बढ़ा दे रहा है। आखिर भाजपा की सरकार की निजी स्कूलों से क्या मिली भगत है। दिल्ली में लोगों को लूटने का खुला भ्रष्टाचार शुरू हो गया है। दिल्ली के लोगों की जेब पर डाका डालने का खुलेआम काम हो रहा है और भाजपा इस काम को करा रही है। नौकरी पेशा लोग बघे मुश्किल से पैसा बचाकर अपने बच्चों की फीस देते हैं। हर महीने अभिभावकों से 30 से 40 फीसदी की लूट को बढ़ा देना भ्रष्टाचार है और इसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए।

# निर्वाचित सरकार अपने अधिकार क्षेत्र से वाकिफ: वानी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के सलाहकार नासिर असलम वानी ने शनिवार को कहा कि निर्वाचित सरकार अपने अधिकार क्षेत्र से भली-भांति वाकिफ है।

वानी ने संवाददाताओं से बात. चीत के दौरान उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा मध्यम श्रेणी के अधिका. रियों के तबादले के अपने फैसले का बचाव करने के संदर्भ में यह टिप्पणी की। सत्तारूढ़ गठबंधन ने शुक्रवार को आयोजित बैठक में अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है और केंद्र को लो. कतांत्रिक रूप से निर्वाचित सरकार के अधिकार को कमजोर करने के खिलाफ आगाह किया। उन्होंने कहा कि हमें भी अपना अधिकार क्षेत्र पता है। हमारा रुख वही है। देखते हैं भविष्य में क्या होता है। उपराजयपाल के अपने फैसले को संसद द्वारा पारित जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम के अनुरूप बताए जाने के संदर्भ में पूछे जाने पर वानी ने कहा कि निर्वाचित सरकार भी चाहती है कि शासन अधि. नियम और स्थापित व्यावसायिक नियमों के अनुरूप ही चले।मुख्यमंत्री कार्यालय और उपराज्यपाल के बीच गतिरोध 01 अप्रैल को उस समय बढ़ गया, जब सिन्हा ने जम्मू-कश्मीर प्रशासनिक सेवा के 48 अधिकारियों के लिए तबादला आदेश जारी किए।

### यूपी के कई जिलों में लू की चेतावनी जारी

**लखनऊ।** प्रदेश में गर्मी पूरी तरह से अपने पैर पसार चुकी है। प्रदेश में अप्रैल के पहले सप्ताह में ही गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। शुक्रवार को प्रदेश की ज्यादातर इलाकों में दिन चढ़ने के साथ ही तपिश भरी धूप ने लोगों को परेशान किया। दोपहर तक 25 से ज्यादा जिलों में अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। शनिवार के लिए मौसम विभाग ने गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्ध नगर, अलीगढ़ और बुलंदशहर के लिए लू की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले तीन-चार दिनों में कई जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार चला जाएगा।

# खाद्य तेलों के साथ ही सभी जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली, वार्ता**



स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान मूंग दाल, उड़द दाल, चना, दाल चना, मसूर दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन: चना 5550-5650, दाल चना 6550-6650, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 8950-9050, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18681 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 15201 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16849 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

### आनंदीबेन ने दी देशवासियों को रामनवमी की बधाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने देश एवं प्रदेशवासियों को रामनवमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अपने बधाई संदेश में राज्यपाल ने कहा कि भगवान राम का जीवन हम सभी के लिए आदर्श है। उनके द्वारा स्थापित नैतिकता, मर्यादा और कर्तव्यनिष्ठा को जीवन में आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान राम के जीवन आदर्शों से प्रेरणा लेकर उसे अपने आचरण में उतारना चाहिए। उन्होंने कामना की कि भगवान श्री राम की कृपा से देश एवं प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि और शांति प्राप्त हो।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**भारत हर ...**

के लिए यह गर्व का विषय है कि हमने एक सच्चे पड़ोसी मित्र के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वाहन किया है। चाहे 2019 का आतंकवादी हमला हो, कोविड महामारी हो, या हाल में आया आर्थिक संकट, हर कठिन परिस्थिति में, हम श्रीलंका के लोगों के साथ खड़े रहे हैं।

मोदी ने कहा कि श्रीलंका की उनकी पिछली यात्रा 2019 में बहुत ही संवेदनशील समय में हुई थी और उस समय उन्हें विश्वास था कि श्रीलंका और अधिक मजबूत होकर उभरेगा। उन्होंने महान तमिल संत थिरुवलुवर को याद करते हुए उनके हवाले से कहा कि चुनौतियों और शत्रुओं के विरुद्ध एक सच्चे मित्र और उसकी मित्रता की ढाल से बढ़कर और क्या सुरक्षा हो सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि श्रीलंका का भारत की पड़ोसी प्रथम नीति और महासागर दृष्टिकोण में विशेष स्थान है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति दिसानायके की भारत यात्रा के बाद से सहयोग में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि सामपुर सोलर पावर प्लांट से श्रीलंका की ऊर्जा सुरक्षा में मदद मिलेगी। मल्टी-प्रोडेक्ट पाइपलाइन के निर्माण, और त्रिकोमाली को ऊर्जा हब के रूप में विकसित किए जाने के लिए जो समझौता हुआ है, उसका लाभ श्रीलंका के सभी लोगों को मिलेगा। दोनों देशों के बीच ग्रिड कनेक्टिविटी समझौते से श्रीलंका के लिए बिजली निर्यात करने के विकल्प खुलेंगे। उन्होंने कहा कि भारत ने सबका साथ सबका विकास के विजन को अपनाया है।

भारत भागीदार देशों की प्राथमिकताओं को भी महत्व देता है। उन्होंने कहा कि पिछले छह महीनों में ही हमने 10 करोड़ डॉलर से अधिक राशि के ऋण को ग्रांट में बदला है। हमारे द्विपक्षीय 'डेट रिस्ट्रक्चरिंग एग्रीमेंट' से श्रीलंका के लोगों को तत्काल सहायता और राहत मिलेगी। आज हमने ऋण की दर को भी कम करने का निर्णय लिया है। यह प्रतीक है कि आज भी भारत श्रीलंका के लोगों के साथ खड़ा है।

### जनता की अपेक्षाओं को पूरा करना हमारी जिम्मेदारी: विजेंद्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शनिवार को कहा कि उनकी कोशिश रहती है कि दिल्ली की दो करोड़ जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने का काम दिल्ली विधानसभा करे। गुप्ता ने रोहिणी में आयोजित सम्मान समारोह में कहा कि अध्यक्ष की कुर्सी बड़ी है, इसलिए जिम्मेदारी भी बड़ी है। मेरी कोशिश रहती है कि दिल्ली की दो करोड़ जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने का काम दिल्ली विधानसभा करे। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा का सदन, दिल्ली की जनता ने अपने लिए चुनकर भेजा है। दिल्ली के कोने-कोने से जो 70 विधायक चुनकर आए हैं, हमारा काम है कि विधानसभा में जनता की समस्याओं पर चर्चा हो, विचार-विमर्श हो और उनके समाधान निकाले जाएं। गुप्ता ने बताया कि मेरा एक ही प्रयास रहता है कि सदन व्यवस्थित रूप से चले। सदन में विचार-विमर्श हो।

# नौ वर्षों में सपनों को पोषित किया है स्टैंड अप इंडिया

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ आजीविका का सृजन किया है और देश में समावेशी विकास को गति दी है

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य 5 अप्रैल 2016 को शुरू की गई स्टैंड अप इंडिया योजना ने नौ वर्षों में न केवल व्यवसायों को वित्त पोषित किया है, बल्कि इसने सपनों को पोषित किया है, आजीविका का सृजन किया है और देश में समावेशी विकास को गति दी है।

वित्त मंत्रालय ने इस योजना को नए व्यवसाय शुरू करने में मदद करने के लिए बैंक लोन प्रदान करके बाधाओं को तोड़ने और समाज के कमजोर और महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू किया था। योजना ने पिछले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दिखाई है, जिसकी शुरुआत के बाद से स्वीकृत कुल राशि 31 मार्च 2019 तक 16,085.07 करोड़ रुपए से बढ़कर 17 मार्च 2025 तक 61,020.41 करोड़ रुपए हो गई। इसने मार्च 2018 से मार्च 2024 तक अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति समुदायों और महिला उद्यमियों के लिए महत्वपूर्ण वित्तीय सशक्तिकरण को प्रतिबिंबित किया किया है।

इस योजना का लाभ उठाने वाले अनुसूचित जाति के खाते बढ़कर 9,399 से 46,248 हो गए, तथा लोन की राशि 1,826.21 करोड़ रुपए से बढ़कर 9,747.11 करोड़ रुपए हो गई। अनुसूचित जनजाति के खाते बढ़कर 2,841 से 15,228 हो गए तथा स्वीकृत लोन की राशि 574.65 करोड़ रुपए से बढ़कर 3,244.07 करोड़ रुपए हो गई। इस अवधि में महिला उद्यमियों के खाते 55,644 से बढ़कर 1,90,844 हो गए तथा स्वीकृत राशि 12,452.37 करोड़ रुपए से बढ़कर 43,984.10 करोड़ रुपए हो गई।

मंत्रालय की कहना है कि योजना एक बदलावकारी पहल रही है, जिसने अनुसूचित जाति, अनुस. ूचित जनजाति और महिला उद्यमियों को अपने व्यावसायिक विचारों को हकीकत में बदलने के लिए सशक्त बनाया है। लोन स्वीकृति और वितरण में महत्वपूर्ण उपलब्धियों के साथ, यह समावेशी विकास को प्रोत्साहन देना जारी रखता है। यह योजना केवल लोन के बारे में नहीं है, यह अवसर पैदा करने, बदलाव को प्रेरित करने और आकांक्षाओं को उपलब्धियों में बदलने के बारे में है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# दुर्गा अष्टमी पर कन्याओं से लिया आशीर्वाद

## आठवें नवरात्र पर भक्तों ने की मां महागौरी की आराधना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। चैत्र नवरात्र की दुर्गा अष्टमी पर माता के भक्तों ने मां महागौरी की पूजा अर्चना की। उपवास रखकर माता से परिवार की सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया। कन्याओं को भोजन कराया गया। जबकि पैर छूकर उनका आशीर्वाद भी लिया। देवी मंडपों में माता के भजनों की धूम रही।

### ■ व्रत रखकर भक्तों ने मां से मांगी मुरादें

शनिवार को चैत्र नवरात्र पर मां दुर्गा अष्टमी का पूजन किया गया। भक्तों ने कन्याओं को भोजन कराया तथा पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। इसके अलावा कन्याओं को उपहार भी भेंट किये। देवी मंडपों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ देखनी को मिली। बड़ों के साथ छोटे बच्चों ने भी व्रत रखकर माता का गुणगान किया। नगर के अधिकांश मंदिरों में माता के भजनों की धून सुनाई दे रही थी। जिससे सारा वातावरण भक्तिमय हो गया। लोगों ने पूरे उत्साह व श्रद्धा के साथ माता को मनाया। उन्होंने व्रत रखकर मां महागौरी से परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। दुर्गा अष्टमी पर कन्याओं को भोजन कराना सौभाग्य समझा जाता है। इस दिन कन्याएं ढूंढे से भी हाथ नहीं आती। एक के बाद दूसरे घर में उन्हें भोजन के लिये आमंत्रित किया जाता है। कन्याओं को दुर्गा का भी रूप समझा जाता है। जिस कारण अष्टमी पूजन के दिन इनका काफी महत्व रहता है। इनके लिये घरों में पकवान बनाये जाते है तथा पूरी श्रद्धा के साथ उन्हें भोजन कराया जाता है। शनिवार को भी यही सिलसिला चलता रहा। एक के बाद दूसरे घर में



कन्याओं को भोजन के लिये आमंत्रित किया जाता रहा। मुश्किल से कन्याएं भोजन के लिये मिल रही थी। इनके साथ एक बालक को भी भोजन कराया जाता है। जिन घरों में अष्टमी पूजन होता है वहां शनिवार को नवरात्र का समापन हो गया।

### नवमी पूजन के साथ आज होगा समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। नवमी पूजन के साथ आज नवरात्र का समापन हो जायेगा। पिछले नौ दिनों से लगातार भक्त पूरी तरह माता की भक्ति में लीन थे।

रविवार को नवमी पूजन किया जायेगा। इस दिन माता के भक्त कन्याओं को भोजन कराकर व्रतों का परायण करेंगे। इसी के साथ नवरात्र का समापन भी हो जायेगा। लगातार नौ दिन तक माता के भक्त पूरी तरह श्रद्धा व उत्साह से माता रानी को मनाने में लगे थे। मंदिरों में सुबह-सांय भजन कीर्तन का दौर चल रहा था। नवरात्र पर भक्तों में नई ऊर्जा का संचार देखा गया।

# पुलिस पर फायरिंग में दो को सात साल की कैद

## कोर्ट ने दस हजार का जुर्माना भी ठोका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। पुलिस टीम पर फायरिंग करने के मामले में कोर्ट ने दो लोगों को 7 साल 4 महीने जेल की सजा सुनाई। दोषियों पर दस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। दोनों ने कोर्ट में अपना जुर्म कुबूल कर लिया था।

20 जनवरी 2018 की घटना बछरायूं थाना क्षेत्र की थी। पुलिस टीम क्षेत्र में रूटीन गश्त कर रही थी। उसी दौरान कस्बे के मोहल्ला शेखजादान के रहने वाले अरशद और बिजनौर जिले के गांव बैरखा के रहने वाले विनीत गुर्जर ने पुलिस टीम को देखकर फायरिंग कर दी थी। इतना ही नहीं कांस्टेबल विमल कुमार को बाइक से टक्कर मारकर घायल कर दिया था। मामले में पुलिस ने आरोपी अरशद और विनीत गुर्जर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। दोनों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। फिलहाल, दोनों जेल में हैं। केस की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट द्वितीय अरविंद कुमार शुक्ला की कोर्ट में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता नितिन बंसल ने मजबूर पैरवी की। इसी दरमियान अरशद और विनीत गुर्जर ने बिजनौर जेल अधीक्षक के माध्यम से कोर्ट में अपने जुर्म का इकबाल पत्र प्रस्तुत कराया। शनिवार को कोर्ट में केस की आखिरी सुनवाई की गई। अभियोजन व आरोपी पक्ष के तर्कों को सुनने के बाद पत्रावली व साक्ष्यों का अवलोकन किया। अरशद और विनीत गुर्जर को दोषी करार दिया। दोनों को 7 साल 4 महीने जेल की सजा सुनाई तथा पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जोया-बंबूगढ़ मार्ग पर सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर घायल हो गया। जोया सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद जिसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। मामले में फिलहाल तहरीर नहीं दी गई है।

शहर के मोहल्ला इस्लामनगर में छोटे का परिवार रहता है। शनिवार दोपहर उनका बेटा सुब्हान बाइक पर सवार होकर जोया से घर लौट रहा था। बंबूगढ़ मार्ग पर पथखोई ईंट उद्योग के पास सामने से आ रही पिकअप ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक क्षतिग्रस्त हो गई जबकि हवा में उछलकर दूर जाकर गिरा सुब्हान गंभीर घायल हो गया। हादसे अंजाम देने के बाद चालक पिकअप लेकर भाग निकला। स्थानीय लोगों ने सरकारी एंबुलेंस बुलाकर घायल सुब्हान को जोया सीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार देने के बाद चिकित्सक ने जिला अस्पताल और वहां से हायर सेंटर रेफर कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए थे।

# रजिस्ट्रार कानूनगो पर कार्रवाई की मांग

## लेखपालों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप किया कार्य बहिष्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। लेखपाल संघ की बैठक में रजिस्ट्रार कानूनगो पर लेखपालों के साथ अभद्र और अनुचित व्यवहार करने का आरोप लगते हुए रोष व्यक्त किया गया। लेखपालों ने एसडीएम चंद्रकांता को ज्ञापन देकर रजिस्टार कानूनगो को वर्तमान पटल से हटाने, लेखपालों पर की गई कार्यवाही वापस लेने की मांग की। दो दिन में मांग पूरी न होने पर लेखपाल संघ ने कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी।

शनिवार को तहसील परिसर में लेखपाल संघ की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में लेखपालों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई। लेखपालों ने रजिस्ट्रार कानूनगो धीरेसिंह पर लेखपालों के साथ अभह व अनुचित व्यवहार का आरोप लगाया। संगठन के अध्यक्ष विकास यादव ने कहा रजिस्टार कानूनगो शासकीय कार्यों के लिए भी अनावश्यक कार्यालय पर चक्कर लगवाते है। संशोधन ऑफलाईन अंश दुरुस्ती आदि कागज नहीं लेते हैं। कृषक लेखपालों को दोषी मानते हैं। लेखपाल पर कानूनी कार्यवाही करने की धमकी देते हैं। लेखपालों के वेतन भत्ते आदि शासकीय कार्यों में कोई रुचि नहीं लेते हैं। जबकि लेखपालों पर अतिरिक्त क्षेत्रो का कार्य है। अतिरिक्त कार्य के दवाब में लेखपाल मानसिक तनाव जैसी स्थिति का सामना कर रहे है। उसके बाद भी वेतन रोकने जैसी कार्यवाही उनके द्वारा की जा रही है। लेखपाल संघ ने एसडीएम को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की। इस दौरान विकास यादव, सचिन, नूतन, अंशु, अंकुल, अनुज, रोहित, मुजम्मिल, इस्तेकार, मोहित, अनुज आदि लेखपाल मौजूद रहे।



■ मंडी धनौरा। रजिस्ट्रार कानूनगो के खिलाफ आंदोलन की रणनीति तैयार करते लेखपाल।

### परवेज ने किया सड़क का शिलांयास



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। पूर्व विधान परिषद सदस्य परवेज अली ने शनिवार को सदर विधायक महबूब अली की निधि से अमरोहा नगर में बिजनौर रोड राज बैंकट हाल से आगे मैन रोड से अमीन खां के कब्रिस्तान तक बनने वाले खड़ंजा सडक व नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस मौके पर पूर्व एमएलसी ने कहा कि सडक निर्माण से लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि लोगों द्वारा पिछले काफी समय से उक्त सड़क के निर्माण की मांग की जा रही थी। शहर के विकास के लिए सडकों की हालत सुधरना जरुरी है। इस दौरान अमीन खां, राधेलाल रघुवंशी, नसीम चौधरी, फुरकान सैफी आदि उपस्थित रहे।

# चेयरपर्सन ने किया कर्मचारियों को सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। 'स्वच्छता ही सेवा' व 'स्वच्छ घाट' प्रतियोगिता में प्रथम आने पर नगर पालिका अध्यक्षा राजेन्द्री उर्फ उमा व नगर स्वच्छता प्रेरक/पूर्व विधायक ने नगर पालिका कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया, वहीं कर्मचारियों ने पालिकाध्यक्ष व उनके पति पूर्व विधायक का फूल मालाओं से स्वागत किया। चेयरपर्सन ने कहा कि नगर पालिका गजरौला को मिली इस उपलब्धि में नगर पालिका के सभी कर्मचारियों, विशेषकर सफाई व्यवस्था से जुड़े मैट व कर्मचारियों, सभासदों व

### ■ 'स्वच्छता ही सेवा' में प्रथम आने पर जताया आभार

नागरिकों का विशेष सहयोग है। हमें आगे भी इसी तरह प्रयास करते हुए नगर पालिका को चमकाना है। नगर स्वच्छता प्रेरक ने कहा कि नगर पालिका कर्मचारियों के प्रयास की जितनी सराहना की जाये वह कम ही कम है। इस दौरान स्वच्छता प्रभारी आदेश अग्रवाल, सफाई व्यवस्था प्रभारी अजय गोस्वामी, लिपिक ललित कुमार, नगर पालिका के मैट महेश कुमार, मुनेश कुमार, जयचंद आदि को चेयरपर्सन ने प्रशस्ति पत्र व शॉल ओढ़ाकर



सम्मानित किया। इस अवसर पर लिपिक इरशाद खां, वंदना अग्रवाल, अक्षय शुक्ला, रविन्द्र सिंह, ओमप्रकाश, शुभम सिंघल, योगेश कुमार, रामपाल व्यास, विभोर, वंशिक आदि मौजूद रहे।

# शादी के चार माह बाद विवाहिता को निकाला

## पति ने दोस्तों के साथ ससुराल पर की चढ़ाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। शादी के चार महीने बाद ही रिश्ते में दरार पड़ गई। दहेज की मांग पूरी नहीं कराने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। आरोप है कि पति को शराब पीने की आदत है। दोस्तों के साथ मिलकर उसने ससुराल पर चढ़ाई कर दी। पत्नी की बेरहमी से पिटाई की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामले में पति समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नौबतखाना निवासी बरीरा की शादी 14 अप्रैल 2024 को नजदीक के मोहल्ला हक्कानी में रहने वाले वसीम के साथ हुई थी। विवाहिता का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले मायके से दहेज में एक लाख रुपये और बाइक दिलाने की मांग करने लगे, विरोध करने पर उसके साथ मारपीट करते थे। उसका आरोप है कि पति को शराब पीने की आदत है। प्रताड़ित करते हुए ससुराल वालों ने अगस्त 2024 में बरीरा को मारपीट कर घर से निकाल दिया। तभी से वह अपने मायके में पिता के घर में रहती है। आरोप है कि बीती चार अप्रैल की रात वसीम अपने दोस्त विक्की, दानिश और जैद के अलावा एक अज्ञात साथी को लेकर घर में घुस आया और बेरहमी से पिटाई की। इतना ही नहीं घर में रखे सामान में भी तोड़फोड़ की। आस-पड़ोस के लोगों के जमा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि मामले में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पीड़िता का मेडिकल कराया गया है। जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# चैत्रीय महोत्सव में मां के भजनों पर झूमे भक्त



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। चैत्रीय महोत्सव में विगत रात्रि मुरादाबाद से आए कलाकारों ने मां काली और राधा कृष्ण के भजन सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आशाराम वैलफेयर सोसाइटी के संस्थापक अध्यक्ष विचित्र भाटी व डॉ. आशुतोष भूषण शर्मा ने माता दुर्गे की आरती उतारकर व फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बताते चलें कि वंश पब्लिक स्कूल शिक्षा समिति पिछले 11 वर्षों से नगर के मायापुरी स्थित नव दुर्गे मंदिर में जागरण का कार्यक्रम आयोजित कराती आ रही है। शुक्रवार की रात को आयोजित कार्यक्रम में आशाराम वैलफेयर सोसाइटी के संस्थापक अध्यक्ष विचित्र भाटी ने आयोजक संस्था के प्रयास और कलाकारों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की सराहना की। डॉ.आशुतोष भूषण शर्मा ने कहा कि मां दुर्गे की पूजा अर्चना से हर व्यक्ति की मनोकामनाएं पूरी होती है। इस दौरान कलाकारों ने माता के विराट रूप के दर्शन भी कराए। इस अवसर पर चंद्रपाल पाल, डॉ.सुमेर चंद, रामपाल सिंह, होशियार सिंह, सुरेश कुमार, प्रमोद कुमार, दिनेश अग्रवाल, कांति प्रसाद दिवाकर, मदन शर्मा, निगम वर्मा, महिपाल चौहान, जितेन्द्र गुप्ता आदि मौजूद रहे। संचालन एड.मनमोहन सिंह सेन ने किया।

# कक्षा छह की छात्रा को लेकर युवक फरार

## अपने स्तर से तलाश में जुटे परिजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। युवक गांव की रहने वाली कक्षा छह की छात्रा को लेकर फरार हो गया। आरोपी के घर वालों पर दबाव बनाते हुए परिजन अभी छात्रा को तलाश कर रहे हैं, बदनामी की वजह से पुलिस को सूचना नहीं दी गई है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। बताया जा रहा है कि यहां पर रहने वाला एक मजदूर पेशा युवक बीते कई दिन से गांव निवासी एक किसान की नाबालिग बेटी पर डोरे डाल रहा था। ग्रामीणों ने इस बात की शिकायत भी की थी लेकिन दोनों की उम्र में बड़ा अंतर होने के कारण किसान ने नजरअंदाज कर दिया। किसान की बेटी स्थानीय एक स्कूल में कक्षा छह की छात्रा है। शुक्रवार को युवक अपने मंसूबे में कामयाब हो गया और गांव से किसान की बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। बेटी के गायब होने पर किसान के परिवार में हड़कंप मच गया। काफी तलाश करने पर भी कुछ पता नहीं चला, इसके बाद छानबीन की तो पता चला कि युवक ही उनकी बेटी को अपने साथ ले गया है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामला में संज्ञान में होने से इनकार किया। तहरीर मिलने पर जांच व कार्रवाई की बात कही।

## एक नजर

### दबंग पर कार्रवाई को गरजे सफाई कर्मी



**शाह टाइम्स संवाददाता नौगांवा सादात**। सफाई कर्मियों ने दबंगों पर कार्रवाई की मांग को थाने के गेट पर प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार नवाब खान पुत्र निसार अहमद व प्रमोद कुमार पुत्र किशनलाल वाल्मीकि ग्राम पंचायत बादशाहपुर में सफाई कर्मी के पद पर तैनात हैं। इनका आरोप है कि गांव का राजीव पुत्र रामौतार आये दिन उनके साथ अभद्रता करता है तथा जातिसूचक शब्दों से अपमानित करता है। आज इसी के विरोध में वह थाने पहुंचे तथा कार्रवाई की मांग को प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि दबंग के उत्पीड़न से वह काफी परेशान है वह आये दिन मारपीट पर उतारू हो जाता है। सफाई कर्मियों ने राजीव पर कार्रवाई की मांग को थाने में ज्ञापन सौंपा।

### महिलाओं के विरोध पर छोड़ा ई-रिक्शा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। ट्रैफिक पुलिस ने चेकिंग करते हुए अवैध रूप से चल रही है 17 ई रिक्शाओं को अपने कब्जे में ले लिया। महिलाओं के हंगामा काटने के साथ विरोध करने पर ई रिक्शा संचालकों को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। शनिवार को श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज के समीप ट्रैफिक पुलिस ने ई रिक्शा की चेकिंग करनी शुरू कर दी। बिना नंबर वाली ई रिक्शा को ट्रैफिक पुलिस ने अपने कब्जे में लेना शुरू कर दिया। जैसे ही इसकी खबर ई रिक्शा संचालक के परिवार की महिलाओं को इस बारे में पता चला तो वहां भीड़ इकट्ठा हो गई। ट्रैफिक पुलिस के साथ ई रिक्शा खरीदने के लिए भी आया हुआ था। उसने जब ई रिक्शा को 6000 में लेने की बात की तो मजदूर ई रिक्शा संचालको में रोष फैल गया। उसके बाद महिलाओं ने वहां पर हंगामा काटना शुरु कर दिया।

# किसान ने लगाया नाबालिग बेटी को बेचने का आरोप

## पुलिस से बरामद करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। किसान ने बहन बहनोई व भांजे पर अपनी नाबालिक बेटी को अधेड़ के हाथों बेचे जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से बरामद करने की मांग की है। छोटी बेटी को भी बंधक बनाये जाने का आरोप लगाया है।

जनपद बदायूं के थाना उचेती के गांव पोखरा निवासी किसान ने बताया कि रहरा थाना क्षेत्र के गांव फूलपुर निवासी उसकी बहन सुषमा दीपावली पर उसकी दो नाबालिक पुत्रियों को उनकी देखभाल करने की बात कहकर अपने साथ ले आई थी। कई बार उसने अपनी बहन से बेटियों से बात करवाने के लिए कहा तो उसने कोई जवाब नहीं दिया। जब वह अपनी बेटियों को लेने के लिए घर आया तो उसकी दोनों बेटियां रोने लगी। क्योंकि दोनों ने बताया कि बुआ उनके साथ बहुत बुरा व्यवहार करती है। गलत काम करने के लिए दबाव डालती है। वह इंजेक्शन लगवाती है। वह खाने में मिला कर कुछ दवाइयां भी देती हैं और उन्हें घर में कैद करके रखती है। उन्हें ऐसी दवाइयां दी जाती है जिससे उनका शरीर जल्दी से जवान हो जाये। किसी से बात भी नहीं करने देती हैं। एक दो बार घर से भागने की कोशिश की तो उन्हें बंधक बना लिया गया। पीड़ित किसान का कहना है कि जब वह अपनी बेटियों को ले जाने का प्रयास करने लगे तो उसकी बहन बहनोई सुरेंद्र व भांजे अर्जुन ने उनकी कनपटी पर तमंचा लगा दिया। और साफ कह दिया की दोनों बेटियां उसकी नहीं है। पीड़ित किसान का आरोप है कि उसकी 12 वर्षीय नाबालिक पुत्री को 40 वर्ष के अधेड़ को आरोपियों ने बेच दिया है। और छोटी बेटी को घर में बंधक बनाकर रखा हुआ है। पीड़ित किसान ने दोनों बेटियों को बरामद कर उन्हें सौंपे जाने की गुहार लगाई है।

# कश्यप, निषाद व अशोक की जयंती मनाई

## सपाईयों ने चित्र पर किये पुष्प अर्पित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। शनिवार को समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर महर्षि कश्यप, महाराजा निषादराज गुह्य और सम्राट अशोक मौर्य की जयंती मनाई गई। सपा कार्यकर्ताओं ने तीनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। जिलाध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव ने कहा कि तीनों महापुरुषों का जीवन दर्शन मानवता के लिए प्रेरणादायक है।

इस मौके पर पूर्व मंत्री जगराम सिंह, पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह, जिला सचिव राधेलाल रघुवंशी, महिला सभा की जिलाध्यक्ष नूरसबा, मुख्तार नकवी, अतीक अहमद, सरफराज अनवर एडवोकेट, कृपाल सिंह प्रधान, फैयाज अल्वी, अनुज यादव, आसिफ, खलील अहमद, कोशिंदर गुर्जर,





एडवोकेट लता सागर, राधा सागर, अशोक यादव, चंद्रपाल सिंह सैनी आदि उपस्थित रहे। संचालन जिला महासचिव चन्द्रपाल सैनी ने किया।

# देवी-देवताओं पर अपमानजनक टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

## ढाई माह पहले सोशल मीडिया पर किया था कमेंट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** देवी-देवताओं को लेकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने कमेंट्स करीब ढाई महीने पहले किया था। मामला सामने आने पर बजरंग दल, विश्व हिन्दू व अन्य संगठनों के लोगों की शिकायत पर पुलिस ने अब कार्रवाई की है। टीपीनगर चौकी इंचार्ज संदीप मलिक की तहरीर पर उन्माद भड़काने के अलावा धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने तथा आईटी एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी का चालान किया गया है। सीओ सिटी अरूण कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार दोपहर में विभिन्न संगठनों के लोगों ने शहर कोतवाली पहुंचकर इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। बताया था कि शहर के मोहल्ला बटवाल में लोहरान वाली गली में रहने वाले मोहम्मद फारूक पुत्र मोहम्मद शानदार ने सोशल मीडिया साइट्स एक्स पर देवी-देवताओं को लेकर अपनी आईडी से आपत्तिजनक टिप्पणी की है। हरकत में आई पुलिस ने जब छानबीन शुरू की तो मामला करीब ढाई महीने पुराना निकला, लिहाजा निरीक्षक अपराध रणदीप सिंह ने कांस्टेबल मोमीन, विजय कुमार व नरेश कुमार की मदद से आरोपी फारूक को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास वन प्लस का मोबाइल, जिससे टिप्पणी की गई थी। सीओ सिटी ने बताया कि मामले में टीपीनगर चौकी इंचार्ज संदीप मलिक की तहरीर पर देर रात ही आरोपी फारूक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। शनिवार को चालान करते हुए आरोपी को कोर्ट में पेश किया

# रामनवमी पर सुन्दरकांड पाठ का आयोजन



■ मंडी धनौरा। गढ़ी मन्दिर में सुन्दरकांड के पाठ में शामिल श्रद्धालु

## पालिका द्वारा प्राचीन गढ़ी मन्दिर पर कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** रामनवमी के उपलक्ष्य में नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के प्राचीन गढ़ी मंदिर धर्मशाला में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ईओ अवधेश कुमार वर्मा ने पुरोहित द्वारा विधिवत रूप से पूजा अर्चना कराकर पाठ प्रारंभ कराया। जिसमें नगर पालिका प्रशासन के सभासद सहित नगर के गणमान्य लोगों ने भाग लेकर सुंदर कांड पाठ की चौपाइयों का गुणगान किया। स्थानीय गायकों के द्वारा भगवान बजरंगबली के सुंदर भजनों का गुणगान करते हुए श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया। पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा प्रभु नाम के स्मरण मात्र से ही समस्त पाप कट जाते हैं। उन्होंने कहा कि सुंदरकांड बजरंगबली की अराधना है। इसके पाठ करने से बजरंगबली प्रसन्न होते हैं। इस अवसर पर भाजपा जिलाउपाध्यक्ष शरद गर्ग, गौरव अगरवाल, राजू बादशाह, गुरवचन सिंह, राजेन्द्र सिंह, मयंक गर्ग, सतीश, गजराज, ईओ अवधेश वर्मा, लेखाकार सोनू पिवाल, निशांत युध्वंशी, आरती शर्मा, रामेन्द्र यादव आदि मौजूद रहे

# घर लगी आग में झुलसे तीन बच्चे

## गैस सिलेंडर लीक होने से भड़की आग, नकदी समेत लाखों का नुकसान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सिलेंडर लीक होने से घर में अचानक भड़की आग में तीन बच्चे बुरी तरह झुलस गये। सूचना के बाद भी फायर बिग्रेड मौके पर नहीं पहुंची। आग से 35 हजार रूपये की नकदी समेत लाखों का सामान जलकर राख हो गया।

**■ सूचना के बाद भी नहीं पहुंचा फायर बिग्रेड की गाड़ी**

घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव शेखूपुर माफी की है। यहां पेशे से मजदूर शाहनवाज हुसैन का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी सायरा के अलावा तीन बच्चे 9 वर्षीय बेटा गुलनवाज, 6 वर्षीय बेटा हसन व 2 वर्षीय बेटी अनीसा है। शनिवार दोपहर बाद शाहनवाज व सायरा खेतों में मजदूरी करने गए थे। तीनों बच्चे घर में मौजूद थे। बताया जा रहा है कि किसी बच्चे ने जैसे ही गैस का चूल्हा जलाया तो अचानक आग भड़क गई। इसका कारण सिलेंडर में लीकेज होने माना जा रहा है। आग की चपेट में आकर तीनों बच्चे झुलस गए। आग लगती देख गांव के लोग मौके पर पहुंच गए। बच्चों को जैसे- तैसे बाहर निकाला गया लेकिन उस समय तक आग पूरे घर में फैल चुकी थी। ग्रामीणों ने सिलेंडर बाहर निकालकर आग पर काबू पाया। दमकल को सूचना दी गई लेकिन आरोप है कि दमकल टीम मौके पर नहीं पहुंची। पता चलते ही शाहनवाज व सायरा भी खेत से घर लौट आए। झुलसे तीनों भाई-बहन को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। लेकिन उस समय तक घर में रखे 35 हजार रुपये की नकदी, बाइक, फर्नीचर व अन्य सामान घरेलू सामान जलकर राख हो चुका था। गृहस्वामी ने अग्निकांड में करीब दो लाख रुपये का नुकसान बताया है। वहीं, घटना को लेकर गांव में हड़कंप मचा रहा।

# जेपीएल में जुबिलेंट टाइगर रही विजेता



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** जुबिलेंट क्रिकेट प्रीमियर लीग 2025 में जुबिलेंट रॉयल एवं जुबिलेंट टाइगर की टीमों के बीच मुकाबला हुआ। जुबिलेंट टाइगर की टीम विजेता रही। शनिवार की दोपहर जुबिलेंट की सैकिंड कालोनी स्थित खेल मैदान में जेएएसीपीएल में एचआर हेड ऋषिपाल परमार ने टॉस उछाला। जुबिलेंट रॉयल टॉस जीतकर पहले मैदान में उतरी। यह टीम दस ओवर में मात्र 80 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। मैच के स्कोरर सनी सिंह, एंपायर विष्णु राणा सुमित रहे। इससे पूर्व ऋषिपाल परमार एवं जुबिलेंट इंग्रेविया में एडीपी अरविंद यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित, सुरक्षा एवं प्रशासन विभाग के प्रमुख सतेंद्र चौधरी, जेबीएफ में मेडिकल हेड डा. सतेंद्र फोगाट आदि मौजूद रहे।

# अष्टमी पूजन करके कन्याओं को भोग लगाया



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** शनिवार को नगर व ग्रामीण क्षेत्र में नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर मां दुर्गा के आठवें स्वरूप की पूजा विधि विधान से की गई। देवी मंदिरों में सुबह से भक्तों की भीड़ दर्शन के लिए लगी रही। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंच कर प्रसाद चढ़ाया तथा हलुवा पूड़ी का भोग लगाया। इस दौरान नगर के इंदिरा चौक पर स्थित गंगा प्याऊ मंदिर के अलावा बस्ती मार्ग स्थित चामुंडा देवी मंदिर, ललिता देवी मंदिर, स्टेशन रोड स्थित शिव मंदिर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न मंदिरों में नवरात्र के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ हो रही है। देवी मंदिरों में पूजा अर्चना करने वालों की भारी भीड़ देखी गई। मां के भक्तों ने अपने-अपने घरों में मां का पूजन अर्चन कर परिवार के मंगलमय की कामना की। देवी मंदिरों में माता के जयकारे के बीच पूजा अर्चना चलती रही। वहीं पूजन के बाद भक्तों ने अपने अपने घरों में कन्याओं को देवी मां का प्रतीक मानते हुए भोग लगाया और उन्हें उपहार व नकद धनराशि भेंट की। रविवार को मां सिद्धिरात्रि के पूजन के बाद चैत्र नवरात्र का समापन हो जायेगा। नवमी पर भी कन्याओं को जिमायां जाएगा।

**■ देवी के आठवें स्वरूप का किया गया पूजन**

# शादी से लौट रहे युवकों को घेरकर पीटा

## पांच के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शादी में शामिल होकर बैंक्वेट हॉल से घर लौट रहे दोस्तों को युवकों ने रास्ते में घेरकर हमला कर दिया। बेरहमी से की गई पिटाई में दोनों बुरी तरह घायल हो गए। राहगीरों के टोकने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। मामले में पुलिस ने पांच युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कटरा गुलाम अली में ओम प्रकाश सैनी का परिवार रहता है। उनका बेटा जय कुमार सैनी, अपने साथी अरुण के साथ एक दोस्त की बारात में शामिल होने के लिए गुरुवार को नौगावां सादात रोड पर चूना भट्टी के पास स्थित एक बैंक्वेट हॉल गया था। खाना खाने के बाद दोनों वहां से घर वापस लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में फ्रेंड्स कॉलोनी के रहने वाले रोहित, अनुज, नीरज, शानू और रितिक ने घेर लिया। जय कुमार और अरूण जब तक कुछ समझ पाते आरोपियों ने दोनों पर हमला कर दिया। मारपीट में दोनों दोस्त गंभीर घायल हो गए। लोगों की भीड़ जमा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। इस दौरान पीड़ित जयकुमार सैनी का मोबाइल फोन भी वहीं गिर गया। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि मामले में रोहित, अनुज, नीरज, शानू और रितिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। वहीं घायल दोनों दोस्तों का परिजन निजी अस्पताल में उपचार कर रहे हैं।

# अम्बेडकर जयंती की सफलता को जुटे बसपाई

## बसपा की बैठक में बनी रणनीति



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बसपा मुरादाबाद मंडल प्रभारी धनीराम सिंह ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता बाबा साहेब डा. अम्बेडकर की जयंती पर अधिक से अधिक संख्या में ग्रामीणों को लेकर कार्यक्रम में पहुंचें।

जिलाध्यक्ष सोमपाल सिंह एडवोकेट के रानीनगर स्थित आवास पर बसपा की बैठक हुई। जिसमें मुरादाबाद मंडल प्रभारी धनीराम सिंह ने कहा कि 14 अप्रैल को बाबा साहेब की जयंती धूमधाम से मनायी जायेगी। सभी विधानसभा अध्यक्ष बड़ी संख्या में ग्रामीणों को लेकर मौके पर पहुंचे। रणविजय सिंह ने कहा कि बाबा साहेब की जयंती पर होने वाला कार्यक्रम भव्य होगा। जिसमें कार्यकर्ता पूरी तैयारी के साथ जुट जायें। साथ ही पार्टी की नीतियों का भी प्रचार करते रहें। बैठक में ओमकार सिंह, गुलाब सिंह, श्रीकृष्ण गौतम, रोहताश शर्मा, गिरीश सैनी, ओमपाल सिंह, रेवती प्रसाद, सतेन्द्र प्रधान, देवेन्द्र सिंह, माहीलाल सिंह, कैलाश सिंह, विपिन कुमार आदि मौजूद रहे।

# प्रभातफेरी संग श्रीराम जयंती महोत्सव शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** श्रीराम जानकी भक्त मंडल के संयोजन में तीन दिवसीय श्रीराम जयंती महोत्सव का शनिवार को शुभारंभ हुआ। नगर के कंचन बाजार स्थित प्राचीन श्रीराम जानकी मंदिर से पहले दिन प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी कंचन बाजार, हरदेव बाजार, अग्रसेन बाजार, पुराना स्टेट बैंक, नुक्कड़ शिव मंदिर आदि स्थानों से होती हुई श्रीराम जानकी मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। यहां आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। इसके बाद मंदिर परिसर में श्रीरामचरित मानस के अखंड पाठ का शुभारंभ किया गया। इस दौरान अक्षय अग्रवाल, विजय कुमार, तरुण भटनागर, अजय कौशिक, पारस सिंघल, सुषमा अग्रवाल, कुसुमलता गोयल आदि मौजूद रहे।

# पति ने विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

## रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** विवाहिता ने पति पर दहेज में कार व एक लाख रुपये न लाने पर मारपीट कर घर से निकाले जाने का आरोप लगाया है। एसडीएम को प्रार्थना पत्र लेकर आरोपी पति के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव फूलपुर बीझलपुर निवासी लेखराज ने अपनी पुत्री सुमन की शादी गांव जुझारपुर निवासी प्रदीप पुत्र जयपाल के साथ की थी। सुमन का आरोप है कि उसका पति ससुराल से कार व 100000 लाने के लिए प्रताड़ित कर रहा था। 15 दिन पहले उसके पति ने शराब पीने के बाद उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी तथा दहेज में कार व 1 लाख रुपये लाने की डिमांड करने लगा। जब उसने इंकार किया तो उसकी नंद भी वहां पर आ गई तथा उन्होंने दोनों बच्चे छीनकर धक्के देकर उसे घर से निकाल दिया। पति समेत एसडीएम से ससुराल वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। विवाहिता सुमन ने बताया कि उसका पति लालची है तथा उसके साथ वह बच्चों के साथ भी मारपीट करता है।

# हाईकोर्ट में न्यायधीश बने गजरौला निवासी हरवीर

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** फिरोजाबाद जनपद में जिला जज के पद पर कार्यरत हरवीर सिंह की हाईकोर्ट में न्यायधीश के पद पर पदोन्नति होने से अखिल भारतीय जाट महासभा ने खुशी जताई और जज हरवीर सिंह के बड़े भाई सोमवीर सिंह उर्फ गुरू जी का स्वागत किया। नगर के खादगूजर तिराहे के पास स्थित एक प्रतिष्ठान पर आयोजित कार्यक्रम में हाईकोर्ट में जज बने हरवीर सिंह के बड़े भाई सोमवीर सिंह उर्फ गुरू जी ने बताया कि छोटे भाई हरवीर सिंह काफी मृदुभाषी और सरल व्यक्तित्व के हैं और अपनी शिक्षा में आरंभ से ही मेधावी रहे हैं। उन्होंने नेहरू स्मारक इण्टर कॉलेज में दसवीं कक्षा टॉप की थी, जबकि उन्होंने इंटर की पढ़ाई कुंदन मॉडल इंटर कॉलेज से की है। अखिल भारतीय जाट महासभा के अध्यक्ष पूर्व ब्लॉक प्रमुख पति कामेन्द्र सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि पर न केवल जाट समाज बल्कि गजरौला क्षेत्र के लिये भी गर्व का विषय है। इस अवसर पर कृपाल सिंह, अशोक चौधरी, सुरेन्द्र सिंह स्टेट, रामरतन सिंह, करन सिंह, मूलचंद गिल, विपिन पंघाल, तेजपाल सिंह, महावीर सिंह, करन सिंह, ओमप्रकाश सिंह, सतवीर सिंह, डॉ.ललित सिंह मौजूद रहे। सभी ने न्यायधीश के बड़े भाई सोमवीर सिंह उर्फ गुरू जी को मिठाई खिलाई।

**■ अखिल भारतीय जाट महासभा ने जताई खुशी**



# नुमाइश न लगने से कालेज को लाखों का नुकसान

## आर्थिक तंगी से जूझ रहा प्रबंधतंत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज के ग्राउंड में नुमाइश न लगने के कारण सरकार को लाखों रुपये का चूना लग रहा है। नुमाइश न लगने के कारण कॉलेज आर्थिक स्थिति से जूझ रहा है।

श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज के ब्लाक के सामने स्थित ग्राउंड में 11 अप्रैल को नुमाइश का ठेका होना प्रतावित हैं। पिछले करीब 5 वर्षों से इस ग्राउंड में नुमाइश नहीं लग रही है। बल्कि एक प्राइवेट ग्राउंड में नुमाइश लगाई जा रही है। श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज ग्राउंड में लगने वाली नुमाइश का ठेका 30 लाख से ऊपर का छूटता था। यह पैसा कॉलेज के रख रखाव एवं अन्य कार्यों में इस्तेमाल होता था। लेकिन यहां पर राजनीतिक दखल अंदाजी के चलते नुमाइश नहीं लग पा रही है। जिसके चलते कॉलेज के साथ-साथ सरकार को भी लाखों का चूना लग रहा है। जबकि नुमाइश एक ऐसे स्थान पर लगाई जा गई है जिसके पीछे घना जंगल है। ब्लॉक के सामने नुमाइश ने लगने के कारण ग्राउंड में अतिक्रमण फैला हुआ है। शहर की जनता भी चाहती है की नुमाइश ब्लॉक के सामने ही लगे ताकि वह सुरक्षित रह सके। अधिकारियों को चाहिए कि वह कॉलेज की भूमि पर ही नुमाइश को लगवाये।ताकि नुमाइश के ठेके से मिलने वाले पैसे से कॉलेज का विकास किया जा सके। प्रबंध संचालक धर्म सिंह ने बताया विभागीय अधिकारियों के आदेश पर नुमाइश के ठेके का विज्ञापन प्रकाशित कराया गया है। उन्होंने बताया को ग्राउंड में फैले अतिक्रमण को हटाने के लिए जिला अधिकारी को भी पत्र भेजा गया है।

# अवैध ई-रिक्शा के विरूद्ध चलाया अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** बिना रजिस्ट्रेशन के सड़कों पर दौड़ रहे अवैध ई-रिक्शा के विरूद्ध परिवहन विभाग व पुलिस ने संयुक्त रूप से अभियान चलाया। इस दौरान ऐसी सभी ई-रिक्शा को रमाबाई अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय के कैंप लगाकर बिना रजिस्ट्रेशन वाले अवैध ई-रिक्शा के स्क्रैप का अधिकृत स्क्रैल डीलर द्वारा उचित दाम देकर निस्तारण किया गया तो वहीं नए ई-रिक्शा खरीदने विक्रय करने हेतु विक्रेता व फाइनेंस सुविधा देने के लिये भी बैंक कर्मी मौजूद रहे। अमरोहा पुलिस ने यह शिविर आज 05 अप्रैल से प्रारंभ किया है जो कि आगामी 20 अप्रैल तक चलेगा। इस तिथि के बाद अवैध ई-रिक्शों की जब्तीकरण की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वहीं ई-रिक्शा चालकों का कहना था कि स्क्रैप डीलर द्वारा उनकी ई-रिक्शा की कीमत कम दी जा रही है। उन्होंने नगर पालिका अध्यक्षा राजेन्द्री उर्फ उमा व पूर्व विधायक हरपाल सिंह से मिलकर भी अपनी बात रखी।

**नक्शा दिखाकर बोले विधायक... प्राचीन धरोहर को किया जाएगा संरक्षित**

# रामलीला ग्राउंड की बाउंड्री वॉल के लिए तीन करोड़ स्वीकृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** भाजपा विधायक राजीव तरारा ने कहा कि रामलीला मैदान के लिए स्वीकृत धनराशि से सांस्कृतिक धरोहर को दिव्य और भव्य बनाया जाएगा। यहां रामलीला मंचन का पुराना इतिहास रहा है 200 वर्षों से रामलीला होती आई है विदेशों तक से यहां रामलीला देखने के लिए लोग आते हैं। सरकार से स्वीकृत धनराशि से मैदान को सुरक्षित-संरक्षित किया जाएगा।



धनौरा विधानसभा क्षेत्र में 200 वर्षों से चली आ रही रामलीला की परंपरा को नया जीवन मिला है। विधायक राजीव तरारा के मुताबिक उन्होंने रामलीला मैदान को कब्जा मुक्त कराने में सफलता हासिल की है। विधायक तरारा ने शनिवार को प्रेस वार्ता में बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के सहयोग से यह कार्य संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि इस प्राचीन धरोहर की सुरक्षा के लिए मैदान की बाउंड्री और द्वार निर्माण के लिए 2 करोड़ 94 लाख 53 हजार रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। विधायक ने कहा रामलीला कमेटी लगातार इस भूमि को बचाने के लिए प्रयासरत थी। यह सर्व समाज की धरोहर है। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधि के रूप में उनका प्रयास है कि सही कार्य हो। उत्तर प्रदेश सरकार सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के लिए लगातार काम कर रही है। कार्यक्रम के दौरान रामलीला कमेटी के सदस्यों ने विधायक का फूल मालाओं से स्वागत किया और उनके प्रयासों की सराहना की। विधायक ने कहा यहां की जनता ने आशीर्वाद देकर भेजा है तो मेरा प्रयास है कि क्षेत्र में सही कार्य हो तो रामलीला कमेटी ने इसके विषय में बताया हम इसको संरक्षित करने के लिए जुट गए और हमारी सरकार हमारी जो सांस्कृतिक धरोहर है उसको बचाने के लिए लगातार काम कर रही है और उसी का परिणाम आज है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ओर पर्यटन मंत्री ने इसके लिए धन की स्वीकृति की गई। इस अवसर पर अजय गोयल, कृष्ण गोपाल, पवन गुप्ता, कुसुमलता गोयल, महेंद्र प्रताप, गीतेश अग्रवाल, मनु अग्रवाल, कपिल अग्रवाल, विजय अग्रवाल, विनेश चौधरी, प्रशांक त्यागी, चंद्रशेखर गर्ग, डॉ बीएस जिंदल, रूपक अग्रवाल, सूरज अग्रवाल, रजीव अग्रवाल, अशोक घरोटिया, सुबोध देवरा, जगत सिंह सैनी, महकपल सिंह, अनूप अग्रवाल, निहार त्यागी, अमन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# पत्रकार की पत्नी को शोक संवेदनाएं दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** वरिष्ठ पत्रकार मो. मिनीन कुरैशी की पत्नी मायरा बेगम के इंतकाल पर नगर पालिका में शोकसभा का आयोजन किया गया। ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने कहा कि इस दुख की घड़ी में पालिका प्रशासन मोमिनीन कुरैशी के साथ है। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुख की घड़ी है जिसमें पालिका प्रशासन पूरी तरह उनके साथ है। शोकसभा में विनीत कुमार, शिवओम शर्मा, देवेश कुमार, मयंक शर्मा, गौरव श्रीमाली, महताब अमरोही, महेन्द्र मौर्य, नकी मेंहदी, जितेन्द्र शर्मा, अफसर अली, सौरव गौस्वामी, दानिश खान, कमाल हसनैन, फैसल सिद्दीकी, बच्चन सिंह, मोहम्मद माजिद आदि पत्रका मौजूद रहे।

# दो समुदायों में जमकर चले लाठी-डंडे






## दो समुदाय के बीच मामूली बात को लेकर हुई मारपीट, दर्जनों लोग हुए घायल।

**पंचू गोपाल,शाह टाइम्स**

**ओरछी।** दो समुदाय के बीच मामूली बात पर चले लाठी डंडे आधा दर्जन लोग हुए घायल गंभीर हालत देखते हुए थाना पुलिस ने जिला अस्पताल भेजा दिनदहाड़े खूनी संघर्ष चला।

मारपीट की वीडियो हुआ वायरल जिसमें दर्जनों लोगों में मारपीट हो रही है। बुधवार दोपहर की वारदात खुलेआम कस्बे में दो समुदायों के बीच छिड़ी जंग घटना के वीडियो हो रहे वायरल। थाना फैजगंज बेहटा कस्बे में दूसरे समुदाय लोगों में कहना सुननी पर जमकर चले लाठी डंडे चले मोबाइल छीन लिया दूसरे पक्ष ने अपने भाई को फोन करके वारदात बताया गांव से दर्जन भर लोग एकत्र होकर घटनास्थल पर पहुंच गए उग्र भीड़ ने लाठी डंडे बरसाए। माधुरी पत्नी वीरभान सिंह ने शिकायती पत्र देते हुए बताया जखौरा की तरफ से अंकित व हिमांशु पुत्र प्रकाश निवासी खेड़ादास बाइक से कस्बा फैजगंज बेहटा पहुंचे तभी सामने से फैज पुत्र पप्पू बाइक लेकर आ रहा था तभी टक्कर लगने से अंकित व फैज में कहा सुनी हो गई फैज के जानने वाले इतने में आ गए गाली गलौज देने लगे।

मारपीट करके चले गए। अंकित व हिमांशु ने अपने गांव खेड़ादास फोन करके अपने भाई विशाल को घटना के बारे में बताया गांव खेड़ादास से विशाल, कुलजीत, पुत्र वीरभान, अमित, पुत्र ओमकार, निखिल, पुत्र अमित सिंह, घटनास्थल पर पहुंच गए। सभी लोग फैज के घर पर शिकायत करने पहुंच गए दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले कस्बे के लोग एकत्र होकर लहूलुहान कर दिया। फैजगंज बेहटा निवासी फैज, खुशी मोहम्मद, पुत्र खुर्शीद, सोहेल पुत्र खुर्शीद, आशिफ, पुत्र अफसर अली, उवेश, पुत्र पप्पू सैफी, शायद, पुत्र रियाजब, मुबारक, पुत्र कल्लू, अनस, पुत्ररियासत, आरईस, पुत्र मुबारक, साहिल, पुत्र रिवाज, समीर, पुत्र शरीफ, आसमोहम्मद, पुत्र अल्ताफ, मुफीद, पुत्र मुबारक, अन्य अज्ञात लोग लाठी डंडे लेकर जमकर इन लोगों ने खेड़ादास निवासी मारपीट की थी। घायलों में विशाल, कुलजीत, हिमांशु, निखिल, अमित, अंकित, गंभीर रूप से घायल हो गए थाना पुलिस ने जिला अस्पताल भिजवा दिया।

# आस्था का केंद्र है प्राचीन देवी मंदिर



**रिंकू भारद्वाज,शाह टाइम्स**

**उघैती।** क्षेत्र के कस्बा खितौरा के प्रचीन तीन देवियो के मंदिर का संगम देवी भक्तों की अटूट श्रद्धा का केंद्र हैं ।सैकड़ों साल पुराने इन तीन देवियों के मंदिर पर हर साल नवरात्रो पर भक्तों की भारी भीड़ जुटती हैं।

यहां पर जरीफनगर के गांव कादराबाद बुलन्दशहर के कर्णवास एव अलीगढ़ के बैलोन की प्रसिद्ध देवी पीठ का संगम है। हालांकि तीनों देवियों कितने सालों से यहाँ है इसका कोई ऐतहासिक प्रमाण नहीं है पर माना जाता हैं कि खितौरा के ठाकुर स्व.डम्बर सिंह को एक रात तीन देवियों ने स्वप्न दिया कि वह एक पुराने कुआँ में बंद हैं।उनको निकालो तब भक्तो का लाभ होगा। सुबह उठकर उन्होंने ग्रामीणों को यह बात बताई तब सभी अचंभित रह गए किसी को विश्वास नही हुआ कि यह सपना सच हो सकता है । सपने के अनुसार सभी लोगो ने कुए की खुदाई शुरू कर दी लेकिन दो दिनों तक कुछ भी हाथ नही आया ।उत्सुक लोग मायूस हो चले । सभी लोग सपने को झूठा मनाकर घर लौटने वाले थे कि अचानक दो मूर्तियां नजर आ गई । पूरा गांव खुशी की लहर में झूम उठा । विधि विधान से आसपास की सारी जमीन पर मन्दिर बना दिया गया । मन्दिर बनने के बाद डम्बर सिंह को कुछ नुकसान हुआ तब वह फिर परेशान हो उठे । इसके बाद दोनों प्रतिमाओ ने सपना दिया कि काद. राबाद वाली सहेली को भी इस मंदिर में लाओ तब सब कुछ सही होगा, लेकिन इस सपने पर ध्यान नही दिया गया।जिसके बाद दोनों देवियां रूठ कर चली गई। डम्बर सिंह के परिवार को एहसास हुआ और विधि विधान से कादराबाद से तीनों देवियों को लाया गया । तब से यह मंदिर आज तक तीनो देवियों के अनूठे संगम को लेकर भक्तों की अटूट श्रद्धा का केंद्र हैं।

**आषाढ़ में लगती देवी की जात:** हिंदी महीने के आषढ महीने के शुक्ल पक्ष में देवी मंदिर पर लाखों श्रद्धालु देवियों के दर्शन कर जात लगाते हैं। मैया का पूरी साज सज्जा के साथ श्रगांर कर नरियल भेट करते है। इन दिनों मन्दिर परिसर में भारी मेला लगता हैं जोकि क्षेत्र का नही हजारों मील दूर के लोगों की आस्था का केंद्र हैं।

**लगातार होते है धार्मिक अनुष्ठान:** मन्दिर की तीनों देवियों की पूजा अर्चना के लिये पूरी साल भर भन्डारे , कीर्तन जगरण एवं हवन पूजन जैसे धर्मिक अनुष्ठान होते रहते है। लेकिन नवरात्र में मन्दिर पर विशेष रौनक एवं भक्तिमय माहौल बना रहता है । मन्दिर को बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रखने वाले डम्बर सिंह के बाद उनके दो पुत्र लल्लू सिंह एवं त्रिभुवन सिंह ने देखरेख की। अब लल्लू सिंह और त्रिभुवन सिंह के पौत्र मन्दिर की देखरेख कर रहे है। अजब है यहाँ की मान्यता पूरे विश्व में देवी भक्तों की कोई कमी नही है ।भक्त देवी माँ को खुश करने के लिये तमाम जतन करते है, मान्यता है कि जो भक्त कर्णवास बैलोन एव कादराबाद के मंदिरों में देवी के दर्शन करते हैं उन्हें यहां पर आकर तीनो माता सहेलियों से आशीष लेना पड़ता हैं।इसके बाद भक्तों की पूजा स्वीकार होती हैं।

## विभागीय अधिकारी प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें:राशि कृष्णा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** शनिवार को तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें 35 शिकायतों में से महज चार शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका। ज्यादातर शिकायतें जमीन के विवाद से संबंधित प्राप्त हुई, जिनके जल्द निस्तारण के लिए आश्वासन दिया गया है। बिसौली तहसील में उप जिलाधिकारी राशि कृष्णा की अध्यक्षता में आयोजित तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जन सामान्य के द्वारा कुल 35 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई, जिसमें से चार शिकायतों का निराकरण विभागीय अधिकारियों द्वारा मौके पर किया गया। एसडीएम राशि कृष्णा ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए और



शिकायतकर्ता को संतोषजनक उत्तर भी दिया जाए। इस दौरान तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला, सीओ सुनील कुमार, वन क्षेत्राधिकार मनोज यादव, एसडीओ विद्युत अमित कुमार आदि उपस्थित रहे।

## मौजमपुर छज्जू पर तैनात सफाई कर्मचारी को किया गया निलंबित

**शैलेश कुमार सिंह,शाह टाइम्स**

**बदायूं।** कुंवर गांव सालारपुर ब्लाक क्षेत्र के गांव मौजमपुर छज्जू पर तैनात सफाई कर्मचारी सानू को डीपीआरओ द्वारा शनिवार को निलंबित किया गया है सफाई कर्मचारी सानू द्वारा गांव में कोई सफाई कार्य नहीं किया जा रहा था जिस कारण गांव भीषण गंदगी व जलभराव की समस्या बनी हुई थी । गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय के मुख्य गेट पर जलभराव की समस्या की शिकायत प्रधानाध्यापक चक्रेश कुमार ने खंड विकास अधिकारी से की थी । जिसकी रिपोर्ट सहायक विकास खालिद अली द्वारा डीपीआरओ को दी गई थी ।18 मार्च को सफाई कर्मचारी सानू को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया लेकिन सानू की कार्यशैली में कोई सुधार नहीं हुआ । शनिवार को सफाई कर्मचारी सानू को निलंबित करते हुए ब्लाक मुख्यालय से सम्बध् किया गया है । सफाई कर्मचारी के खिलाफ निलंबन की कार्यवाही के बाद अन्य सफाई कर्मचारीयों में हड़कंप मचा हुआ है ।

**इस संबंध में एडीओ पंचायत खालिद अली ने बताया कि सफाई कर्मचारी सानू मौजमपुर छज्जू पर तैनात था जो गांव में सफाई कार्य करने नहीं जाता था । जिसकी प्रधानाध्यापक व प्रधान और पंचायत सहायक द्वारा कई शिकायतें प्राप्त चुकी हैं गांव में भीषण गंदगी व जलभराव की समस्या बनी हुई थी जिस कारण सानू को निलंबित किया गया है।**

## डयूटी के दौरान शराब के नशे में रहने वाले सचिव को किया गया निलंबित

**शैलेश कुमार सिंह, शाह टाइम्स**

**बदायूं।** कुंवर गांव सालारपुर ब्लाक में तैनात सचिव धीरेंद्र पाल को निलंबित किया गया है । उनके द्वारा अपने पदिय दायित्वों का पालन नहीं किया जा रहा था वह शासकीय कार्य अवधि दौरान शराब के नशे में रहते थे। सचिव द्वारा विकास खंड पर समय समय पर आयोजित होने वाली समीक्षा बैठकों में कभी प्रतिभाग नहीं किया गया। बैठक में अनुपस्थित रहने की ब्लाक पर कोई लिखित व मौखिक रूप से कोई सूचना नहीं दी जाती थी । इस दौरान सचिव धीरेंद्र पाल को खंड विकास अधिकारी द्वारा कई बार लिखित व मौखिक रूप से बैठक में अनिवार्य रुप से उपस्थित रहने के लिए कहा गया लेकिन उनकी कार्यशैली में कोई सुधार नहीं हुआ । जिसकी रिपोर्ट जिला पंचायत राज अधिकारी को सौंपी गई । जिसके बाद डीपीआरओ यावर अब्बास द्वारा 4 अप्रैल को सचिव धीरेंद्र पाल को निलंबित करते हुए दहगवां ब्लाक से सम्बध् किया गया है । प्रकरण में सहायक विकास अधिकारी पंचायत मुख्यालय राम औतार को जांच अधिकारी नामित किया गया है ।

## 21सौ गोलों की दी आहुति विशाल भंडारे का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**इस्लामनगर।** गढ़ी खानपुर स्थानीय कामाख्या शक्तिपीठ पर 2100 गोलों की आहुति के साथ शनिवार को चौत्र नवरात्रि की समाप्ति हुई। यज्ञ में विभिन्न जनपदों से सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। पूजन के बाद कन्या भोज और भंडारा किया गया। विदित रहे की 2 अप्रैल से यहां पर मेला लगातार चल रहा है । मां कामाख्या शक्तिपीठ एक ऐसा धाम है जहां पर लोग अपनी अपनी मनौती मांगते हैं, और वह पूरी होती है। दिल्ली से आए हुए एक भक्त ने बताया कि हम चल भी नहीं पाते थे, लेकिन पांच बार लगातार आने से बिना किसी इलाज के मेरे पैर ठीक हो गए हैं। ऐसे बहुत से चमत्कार इस दरबार में आए दिन होते रहते हैं। मेले का उद्घाटन प्रभारी निरीक्षक इस्लामनगर हरेंद्र सिंह एवं पूर्व पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार लीडर द्वारा किया गया। कमेटी अध्यक्ष संजीव सक्सेना ने बताया है कि रविवार को शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें अलीगढ़, एटा, दिल्ली बरेली एवं कासगंज की झांकियां एवं कलाकार अपने कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

## भाकियू ने किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं ने किसानों से संबंधित शिकायतों को लेकर तहसील अध्यक्ष मुकेश भदौरिया के नेतृत्व में पांच सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम राशि कृष्णा को सौपा। भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम राशि कृष्णा व तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला से मिलकर किसानों की समस्याओं से अवगत कराया और ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत पीएनसी कम्पनी द्वारा सीसी रोड, खड़ंजा, सड़कें खोदने के बाद मुख्यमंत्री के आदेश पर भी ठीक नही कराई, जिससे उन्हें आवागमन में असुविधा हो रही है। बही घटिया गुणवत्ता का कार्य होने के कारण हर घर जल भी नहीं पहुंच रहा है। किसानों ने रियल टाइम खतोनी में गड़बड़ी होने, राजस्व लेखपालों द्वारा अंश निर्धारण सही ढंग से नही करने और बिजली आपूर्ति शड्यूल के अनुसार नही मिलने की शिकायत की। वही चकबंदी विभाग में चकबंदी अधिकारी न होने के कारण किसानों को चकबंदी संबंधी समस्याएं हो रही हैं। इस दौरान तहसील अध्यक्ष मुकेश भदोरिया, धर्मेंद्र सिंह, राधेश्याम शर्मा, प्रेमपाल सिंह, जसबीर सिंह, दलबीर सिंह, रामनरेश, नवीन सिंह, यशवीर, प्रदीप कुमार, भूपेंद्र कुमार, महेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## दो बाइकों की भिड़ंत में एक युवक हुआ गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** शनिवार को बिसौली कोतवाली क्षेत्र के दबतौरी बिसौली रोड पर गुरयारी मोड़ के पास दो बाइकों की हुई जोरदार टक्कर एक युवक हुआ गंभीर रूप से घायल किया जिला अस्पताल रेफर हम आपको बता दें कि जनपद बदायूं के बिसौली कोतवाली क्षेत्र के बिसौली दबतोरी रोड पर दो मोटरसाइकिलों की भिड़ंत हो गई जिसमें श्याम सिंह पुत्र वीरेंद्र सिंह निवासी पृथ्वीपुर थाना बिसौली गंभीर रूप से घायल हो गए घायल के परिजनों ने बताया कि श्याम सिंह बाइक पर सवार होकर अपनी रिश्तेदारी दबतौरी में जा रहे थे तभी दबतौरी बिसौली रोड पर गुरियारी मोड़ के पास सामने आ रही बाइक से जोरदार टक्कर हो गई जिसमें श्याम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए जिनका इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसौली में भर्ती कराया गया है जहां उपस्थित डॉक्टर द्वारा घायल का प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## अरविंद कुमार को होली ईद सकुशल सम्पन्न कराने पर किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** बदायूं आल इण्डिया रिपोटर्स एसोसिएशन आईरा टीम वजीरगंज शनिवार को जिला अध्यक्ष वेदपाल सिंह कठेरिया एवं संरक्षक प्रेम कमल वार्ष्णेय के नेतृत्व मे कोतवाल वजीरगंज अरविंद कुमार को होली ईद सकुशल शन्ति रूप मे कराने के लिए आईरा टीम द्वारा पटका पहनाकर पुष्प देकर सम्मानित किया तथा पुलिस को मिष्ठान खिलाकर बधाई दी, इस वार पुलिस को होली और रोजे की नमाज जुमा एक ही दिन होने के कारण सकुशल कराना चुनौती था जो पुलिस पत्रकारो तथा सामाजिक लोगो के सहयोग से सम्पन्न हुआ समस्त क्षेत्र में इनके कार्यकाल में कोई भी घटना घटित नहीं हुई, जिसके कारण क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रही आईरा टीम पत्रकारो के हित के लिए लडाई लडती है साथ मे जन हित सामजिक कार्यो मे भी अपनी भूमिका निभाती है समाज हित में काम करने वालो को सम्मानित करती है तथा गलत कार्यो करने वाले शासन प्रशासन भ्रष्टाचारीयो के खिलाफ हमेशा लडने को तैयार रहती है, आईरा पत्रकार संगठन के साथ साथ सामा. जिक संगठन भी है जो अपनी भूमिका समाज मे ईमानदारी के साथ निभा रही है वजीरगंज कोतवाल अरविंद कुमार को सम्मानित करने के दौरान आईरा संरक्षक वरिष्ट पत्रकार प्रेम कमल वार्ष्णेय जिला अध्यक्ष वेदपाल सिंह कठेरिया, कुलदीप सक्सेना, अखिलेश सक्सेना, लल्ला गुप्ता, जय सिंह सागर एडवोकेट, अनुराग मिश्रा डोली, प्रदीप पाल, सर्वेश उपाध्याय ,राहुल शर्मा, कुलदीप काका ,आयुष महेश्वरी ,सादिक अली आदि आईरा सदस्य उपस्थित रहे।

# एक नजर

## 11 अप्रैल से बिना हेलमेट के नहीं मिलेगा पेट्रोल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने अवगत कराया कि जनपद बदायूँ में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने तथा हेल्मेट न पहनने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में होन वाली मृत्यु पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से परिवहन आयुक्त, उ०प्र०के पत्र द्वारा नो हेल्मेट, नो पयूल एवं मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र द्वारा कार्यालय आते समय दोपहिया वाहन चालकों एवं सहयात्रियों द्वारा हेल्मेट का प्रयोग करने की रणनीति लागू करने की अपेक्षा की गयी है। उन्होंने बताया कि मोटर यान अधिनियम-1988 की धारा-129 एवं उ०प्र० मोटर यान नियमावली 1998 के नियम 201 के अनुसार सभी मोटर साईकिल चालकों एवं सवारियों के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बी०आई०एस०) द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार प्राजेक्टिव हेडगियन (हेल्मेट) पहनना अनिवार्य है। इन प्रावधानों का उल्लंघन मोटर यान अधिनियम-1988 की धारा-194 के तहत दण्डनीय है, जिसमे जुर्माने का प्रावधान है। इस संबंध में उन्होंने जनपद बदायूँ में स्थित सभी पेट्रोल पम्प संचालकों एवं स्वामियों को निर्देश दिये है ।

कि आगामी 07 दिवसों में अपने प्रांगण में इस आशय के बड़े-बड़े होर्डिंग लगायेगें, कि दिनांक 11 अप्रैल 2025 से किसी भी ऐसे दो पहिया वाहन चालक को पेट्रोल का विक्रय नहीं किया जायेगा जिसके चालक तथा सहयात्री ने हेल्मेट नहीं पहना हो। इसके अत्तिरिक्त उन्होंने जनपद के समस्त शासकीय / अर्द्धशासकीय कार्यालय अध्यक्षों को निर्देशित किया है कि कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी जो दोपहिया वाहन से कार्यालय आते हैं, वे हेल्मेट अनिवार्य रूप से पहनें और उनके साथ यात्रा करने वाले सहयात्री (पीलीयन राईडर) के लिए भी हेल्मेट पहनना अनिवार्य है। इसी प्रकार जो अधिकारी/कर्मचारी चारपहिया वाहन से कार्यालय आते है, वे वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें एवं अन्य सभी सह यात्रियों के लिए सीट बेल्ट पहनना अनिवार्य है तथा जो अधिकारी एवं कर्मचारी इसका पालन नहीं करता है तो उनका कार्यालय में प्रवेश पर रोक लगाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि पेट्रोल पम्प परिसर एवं कार्यालय परिसर में सूचनात्मक बार्ड अथवा उचित स्थान पर पेंट से इंगित कराना सुनिश्चित करें। सभी पेट्रोल पम्प संचालक एवं स्वामी यह भी सुनिश्चित करेंगे कि उनके प्रतिष्ठान में सी०सी०टी०वी० कैमरा सदैव सक्रिय रहे। ताकि किसी भी विवाद की स्थिति में सी०सी०टी०वी० फुटेज का अवलोकन कर आवश्यक निर्णय लिया जा सके।

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
कामिल खान ब्यूरो चीफ
दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221
Email: mkkhan741@gmail.com

## संपूर्ण समाधान दिवस में जनता की समस्याओं का हुआ त्वरित निस्तारण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** तहसील दातागंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 ब्रजेश कुमार सिंह व अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना व सम्बंधित अधिकारियों उन्हें त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 45 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसके सापेक्ष 05 शिकायतों एवं समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने समाधान दिवस के मौके पर यह भी कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस लोगों की समस्याओं को सीधे प्रशासन तक पहुंचाने का एक प्रभावी माध्यम है, जहां शासन की मंशा के अनुरूप जनता को त्वरित एवं प्रभावी राहत प्रदान की जाती है। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से अपेक्षा की कि वह शिकायतों का निस्तारण केवल कागजों तक सीमित न रखें, बल्कि वास्तविक रूप से समाधान हो, जिससे फरियादी संतुष्ट होकर लौटे। जिलाधिकारी ने भूमि संबंधी प्रकरणों, राजस्व, विद्युत, जल, पेंशन, आवास, मनरेगा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, राशन कार्ड आदि से जुड़ी समस्याओं पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे मामलों में



विभागीय अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लें और टीम भावना के साथ कार्य करते हुए जन विश्वास अर्जित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता, विशेषकर महिलाएं, बुजुर्ग और दिव्यांगजन बड़ी आशा लेकर समाधान दिवस में आते हैं, उनकी शिकायतों को गम्भीरता से सुनना और पूरी सहानुभूति के साथ समाधान देना प्रशासन की नैतिक जिम्मेदारी है। इसका सभी ख्याल रखें। एसएसपी ने कहा कि पुलिस विभाग आमजन की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने उपस्थित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर निष्पक्ष और समयबद्ध रूप से निस्तारित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी पीड़ित व्यक्ति थाने के अलावा सम्पूर्ण समाधान दिवस एक सुनहरा अवसर है, जहाँ उसकी बात को सीधे उच्च स्तर पर सुना और समझा जाता है। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि पुलिस की भूमिका अब केवल अपराध नियंत्रण तक सीमित नहीं रही, बल्कि अब जनता की समस्याओं को समझना और उनके समाधान की दिशा में संवेदनशील पहल करना भी हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हर फरियादी की शिकायत को एक मानवीय दृष्टिकोण से देखा जाए और उसे न्याय मिले, यह सुनिश्चित करना पुलिस विभाग का कर्तव्य है। संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों में राजस्व, पुलिस, बिजली, जल आपूर्ति, स्वास्थ, सामाजिक कल्याण, कृषि, पेंशन, आवास और शिक्षा से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रूप से रहीं। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए और शिकायतकर्ता को संतोषजनक उत्तर भी दिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि समाधान दिवस केवल औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह शासन और जनता के बीच संवाद का सेतु है। यह मंच नागरिकों को सीधे प्रशासन से जुड़ने और अपनी समस्याएं साझा करने का अवसर देता है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, उप जिलाधिकारी दातागंज धर्मेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी दातागंज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समाधान दिवस में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और आम नागरिकों ने भाग लिया।

## आरएसएस के पथ संचलन में लोगों ने की पुष्प वर्षा



**अंकित कुमार गुप्ता शाह टाइम्स**

**रुदायन।** नगर पंचायत रुदायन में आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पथ संचलन का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत से पहले सभी स्वयंसेवक पारंपरिक वेशभूषा में पं. भगवान दास इंटर कॉलिज पर एकत्रित हुए। संगठन के प्रतिनिधियों ने स्वयंसेवकों को संघ के उद्देश्यों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि संघ का मुख्य लक्ष्य भारतीय संस्कृति और नागरिक समाज के मूल्यों को संरक्षित करना है। साथ ही हिंदुत्व की विचारधारा के माध्यम से हिंदू समुदाय को मजबूत करना और मातृभूमि की निस्वार्थ सेवा करना है। कार्यक्रम में प्रार्थना और भगवा ध्वज को प्रणाम के बाद कदमताल के साथ पथ संचलन शुरू हुआ। यह संचलन दुर्गा देवी इंटर कॉलिज से प्रारंभ होकर मैन बाजार का भ्रमण करते हुए भवन मन्दिर तक पहुंचा। इसके बाद पथ संचलन वापस पं. भगवान दास इंटर कॉलिज पहुंचकर संपन्न हुआ। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पूरे कार्यक्रम के दौरान पुलिस बल तैनात रहा। पथ संचलन के समय भी पुलिस टीम साथ-साथ चलती रही।

## कांग्रेसजनों ने पूर्व उप-प्रधानमंत्री बाबू को याद कर दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं ।** प्रांतीय आव्हान पर परशुराम चौक स्थित बदायूं कांग्रेस कार्यालय पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना लाल सागर की अध्यक्षता में कांग्रेसजनों ने आधुनिक भारतीय राजनीति के शिखर पुरूष भारत के पूर्व उप-प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम जी की जयन्ती एवं निषादों के राजा महाराज निषाद गुह्य राज की जयन्ती के अवसर पर श्रद्धांजलि/गोष्ठी सभा का आयोजन किया गया ।जिसमें मुख्यातिथि के रूप में जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ओमकार सिंह मौजूद रहे इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा जैसा कि आपको विदित है कि आज आधुनिक भारतीय राजनीति के शिखर पुरूष भारत के पूर्व उप-प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम जी की जयन्ती है। संसदीय जीवन में राष्ट्र के प्रति उनकी निष्ठा एवं समर्पण बेमिसाल रही है। उनका संपूर्ण जीवन राजनीतिक, सामाजिक सक्रियता और विशिष्ट उपलब्धियों से भरा हुआ है। सदियों से शोषित और उत्पीड़ित दलितों, मजदूरों के मूलभूत अधिकारों की रक्षा के लिए जगजीवन राम जी द्वारा किए गए कानूनी प्रावधान ऐतिहासिक हैं। इस अवसर पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुरेश सिंह राठौर व



आतिफ खान ने सयुक्त रूप से कहा जगजीवन राम जी का ऐसा व्यक्तित्व था जिसने कभी भी अन्याय से समझौता नहीं किया और दलितों के सम्मान के लिए हमेशा संघर्षरत रहे। विद्यार्थी जीवन से ही उन्होंने अन्याय के प्रति आवाज उठायी। बाबू जगजीवन राम जी का भारत में संसदीय लोकतंत्र के विकास में महती योगदान है इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुन्ना लाल सागर व पूर्व शहर अध्यक्ष असरार अहमद ने निषादों के राजा महाराज निषादराज गुह की जयन्ती के अवसर पर कहा वे ऋगवेरपुर (वर्तमान-प्रयागराज) के महाराजा थे। उन्होंने ही वनवासकाल में प्रभु श्रीराम चन्द्र जी, माता सीता जी तथा लक्ष्मण जी को अपने सेवकों के द्वारा गंगा पार करवाया था। वनवास के बाद श्रीराम चन्द्र जी ने अपनी पहली रात अपने मित्र निषादराज के यहां बिताई थी।

# टाइल्स से लदा ट्रक टायर के फटने पर पलटा

## एक ही परिवार के तीन लोग दबे, एक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र में टोल प्लाजा के नजदीक सतुइया पट्टी के पास दर्दनाक हादसा हो गया। राष्ट्रीय राजमार्ग पर दौड़ रहा टाइल्स से भरा ट्रक का टायर फटने पर एक ई-रिक्शा पर पलट गया। इससे ई-रिक्शा में सवार एक ही परिवार के तीन लोग टाइल्स के नीचे दब गए। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे का पता लगने पर मृतक के परिवार में कोहराम मच गया।



शनिवार दोपहर करीब तीन बजे टाइल्स से भरा एक ट्रक रामपुर से बरेली की तरफ आ रहा था। राष्ट्रीय राजमार्ग पर फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र में टोल प्लाजा के नजदीक गांव सतुइया पट्टी के पास पहुंचने पर ट्रक के दो टायर अचानक फट गए, जिससे ट्रक अनियंत्रित होने के बाद ई-रिक्शा पर पलट गया। इससे ई-रिक्शा में सवार एक ही परिवार के तीन लोग टाइल्स के नीचे दब गए। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोग दौड़कर मौके पर जा पहुंचे।

उधर से गुजर रहे राहगीर मोहम्मद साजिद, मयंक गंगवार, असद अंसारी आदि भी एकत्र हो गए। लोगों ने टाइल्स हटाकर घायलों को बाहर निकाला और ईलाज को भेजा वहाँ डॉक्टर ने एक को मृत घोषित कर दिया।

मृतक की शिनाख्त वेदपाल पुत्र झाऊराम के रूप में हुई। घायलों में वेदपाल का भाई प्रताप सिंह और उन्हीं के परिवार का 12 वर्षीय बालक आदर्श पुत्र तेजपाल हैं। सूचना मिलते ही ट्रेनी आईपीएस मेविस टॉक और थाना प्रभारी प्रदीप चतुर्वेदी मौके पर जा पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवा दिया।

# बैंक खाते में संदिग्ध लेन देन होने पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** एक ग्रामीण के सेविंग बैंक खाते में अत्यधिक लेन देन होने की सूचना मिलने पर थाना पुलिस ने ग्रामीण पर मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम मवई जरेल निवासी सुमित पुत्र महेंद्रपाल का खाता बहेड़ी की एसबीआई शाखा में संदिग्ध तरीके से भारी मात्रा में वित्तीय लेन देन हो रहा है। पुलिस ने सूचना मिलने पर उक्त के विरुद्ध सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत कार्यवाही कर जांच शुरू कर दी है।

एसएसआई सुनील कुमार ने बताया कि उक्त खाते में पंद्रह दिन में लगभग दो हजार बार लेन देन हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई 121 शिकायतें, आठ के निराकरण का दावा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित हुए संपूर्ण समाधान दिवस में आधा दर्जन से अधिक लोगों ने प्रधानमंत्री आवास की मांग जोर शोर से उठाई, जिसपर एसडीएम ने जांच के आदेश दिए हैं।



तहसील नवाबगंज के सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में ऐडवोकेट प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन के सचिव दुष्यंत गंगवार ने एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय को सौंपे पत्र में तहसील में फैले भ्रष्टाचार पर खासी नाराजगी जताते हुए इसपर रोक लगाए जाने की मांग की।

संगठन के सचिव दुष्यंत गंगवार ने अपने पत्र में शासनादेश की धज्जियां उड़ाए जाने का आरोप लगाते हुए हर लेखपाल, कानूनगो के पास लगे प्राइवेट कर्मियों ने तत्काल हटाए जाने की मांग की। जिसपर एसडीएम ने तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह को कार्यवाही के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही कस्बे के विजौरिया वार्ड 4 के रहने वाली फूल वी पत्नी इलियास, शाहीन पत्नी दिलशाद, हरीश बाबू पुत्र आदर्श बाबू, चंचल पत्नी विक्की, बहोरनगला की राज. कुमारी पत्नी राजेश कुमार, आजाद पुत्र अशफाक, राजो पत्नी खेमकरन और पूनम देवी पत्नी रामौतार ने एसडीएम को दिए अपने-अपने पत्र में प्रधानमंत्री आवास बनवाए जाने की गुहार लगाई है। एसडीएम ने इन सभी शिकायती पत्रों को कार्यवाही के लिए भेज दिया है।

शनिवार को सम्पन्न हुए इस संपूर्ण समाधान दिवस में 121 शिकायतें दर्ज की गईं जिनमें से 8 के निराकरण का दावा किया गया है। इसमें सीओ हर्ष मोदी, तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह, खण्ड विकास अधिकारी महेश चंद शाक्य, सीडीपीओ सुषमा राठौर सहित तहसील स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया।

# ड्यूटी से घर लौट रहे हेड कांस्टेबल की सड़क हादसे में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** थाना शाही में तैनात हेड कांस्टेबल वाजिद हुसैन पुत्र साबिर हुसैन जो परिवार के साथ बरेली में रह कर थाना शाही में अपनी ड्यूटी निभा रहे थे, वह मूल रूप से मुरादाबाद के मुड़ी पाण्डे निवासी थे।



वह डियूटी के बाद बरेली अपने घर आने को अपनी बाइक से निकले, जिनको अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस वाजिद को जिला अस्पताल लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सीओ अंजनी कुमार तिवारी ने बताया कि वाजिद कभी-कभी अपने परिवार के पास बरेली आते थे, वह ड्यूटी खत्म कर बाइक से निकले थे तभी रास्ते में एएनए कट फतेहगंज के पास उनका एक्सीडेंट हो गया, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नीलगाय की टक्कर से बाइक सवार मजदूर की मौत, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** राजमिस्त्री के साथ मजदूरी करने जा रहे मजदूरों की बाइक नीलगाय से टकरा गई। दुर्घटना में एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई तथा राजमिस्त्री व एक अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर मृतक की सूचना परिजनों को देकर घायलों को इलाज को भेजकर मृतक के शव को पीएम के लिए बरेली भेज दिया।

मानपुर के प्रधान प्रताप सिंह ने बताया कि उनके गांव के शानू, तौफीक राजमिस्त्री शरीफ के साथ मजदूरी करने बहेड़ी जा रहे थे कि समय लगभग सुबह 7.30 बजे जैसे ही बाइक सवार बहेड़ी शीशगढ़ रोड पर गांव टांडा मीरनगर के पास पहुंचे अचानक जंगल से निकल कर एक नील गाय बाइक से टकरा गई। दुर्घटना में मजदूर शानू पुत्र शकील उम्र 35वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई तथा राजमिस्त्री शरीफ और दूसरा मजदूर तौफीक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर बहेड़ी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को तुरंत इलाज को अस्पताल भेज दिया तथा मृतक के शव को कब्जे में लेकर मृतक के परिजनों को सूचना देकर शव को पीएम को बरेली भेज दिया। मृतक शानू के परिवार में पत्नी के अलावा दो छोटे बच्चे हैं।

### मौत को दावत दे रही हैं सड़कों पर घूमती नीलगाय

सड़कों पर घूमती नील गायों से अब जिंदगी को खतरा पैदा हो गया है। नील गायों से अक्सर हादसे होते रहते हैं। हादसे का शिकार किस वक्त कौन हो जाए किसी को पता नहीं। हालांकि सड़कों पर झुंड बनाकर घूमने वाली इन नील गायों से दो पहिया वाहन तो पूरी तरह असुरक्षित हैं। सड़कों के अलावा यह नील गाय खेतों में जाकर कृषकों की फसलों को भी बर्बाद कर रही हैं, लेकिन आवारा घूम रही इन नील गायों पर अभी तक कोई प्रतिबंध भी नहीं लगाया गया है।

# दिन दहाड़े कचेहरी से स्टाम्प विक्रेता के हाथ में 25 हजार रुपये छीनकर चोर फुर्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** शनिवार की दोपहर नवाबगंज कचेहरी में उस समय खलबली मच गई, जब एक शातिर चोर बड़े ही नाटकीय ढंग से एक स्टाम्प विक्रेता के हाथ से 25 हजार रुपए छीनकर फरार हो गया। भागते हुए चोर वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया।



तहसील के गांव फैजुल्लापुर के रहने वाले अरविन्द कुमार नवाबगंज कचेहरी में हरिपाल एडवोकेट की सीट पर बैठकर स्टाम्प बेचने का कार्य करते हैं। शनिवार को उन्होंने कस्बे की भारतीय स्टेट बैंक से 25 हजार रुपए निकाले थे। बताया जाता है कि अरविन्द कुमार दोपहर करीब 12 बजे रुपए हाथ में लेकर अर्जेंट फोटो स्टूडियो की दुकान पर अपना स्टाम्प बनवाने जा रहा था कि दुकान से पहले ही एक अज्ञात युवक ने अपनी बाइक उसके ऊपर चढ़ा दी, जिससे उसके पैर की टूटी हुई टांग दब गई, इस दौरान वहां बैठे अधिवक्ता या दूसरे लोग कुछ समझ पाते इससे पहले ही वह अज्ञात चोर स्टाम्प विक्रेता के हाथ से रूपए छीनकर बाइक से फुर्र हो गया। भागते हुए शातिर वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। स्टाम्प विक्रेता ने पुलिस को घटना की तहरीर दी है।

## एक नजर

### रात में किए जा रहे खनन की सूचना पर तहसीलदार ने चार ट्रैक्टर ट्रॉली और एक मशीन पकड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** प्रशासन की मिली भगत से तहसील नवाबगंज क्षेत्र में धड़ल्ले से अवैध खनन किया जा रहा है। कुछ जागरूक लोगों की शिकायत पर जरूर प्रशासन कार्यवाही करने को मजबूर होता है।



शुक्रवार की रात एक जागरूक व्यक्ति ने एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय को फोन कर क्षेत्र के गांव ठिरिया सैदपुर में बड़े पैमाने पर खनन किए जाने की सूचना दी, जिसपर एसडीएम ने तत्काल ही तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह को कार्यवाही के निर्देश दिए थे, इन निर्देशों पर ग्राम पहुंचे तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह के वाहन को आता देख दबंग खनन माफिया अपने अपने वाहन छोड़कर भाग गए। तहसीलदार ने मौके से चार ट्रैक्टर ट्रॉली और एक खनन करने वाली पट्टे वाली मशीन को पकड़कर नगर की पुलिस चौकी पर लाकर खड़ा करवा दिया, साथ ही इसकी सूचना आला अधिकारियों के साथ ही खनन अधिकारी को भी भेज दी, जिसपर नगर पहुंचे खनन अधिकारी ने इसकी जांच पड़ताल की है।

### दिल्ली से बरेली तक का दर्दनाक सफर: समलैंगिंग प्यार, धोखा और हिंसा की कहानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** प्यार की राहें कभी आसान नहीं होतीं, लेकिन जब यह रास्ता विश्वासघात, हिंसा और अपमान से होकर गुजरता है, तो दिल टूटने के साथ-साथ जिंदगी भी बिखर जाती है। दिल्ली की एक महिला की यह कहानी कुछ ऐसी ही है, जो अपने प्यार और भरोसे की कीमत चुकाने के लिए बरेली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दरवाजे तक पहुंची। यह मामला सिर्फ धोखे और चोरी का नहीं, बल्कि एक गहरे भावनात्मक रिश्ते के टूटने और उससे उपजी पीड़ा का भी है।

दिल्ली के मदनपुर खादर इलाके में रहने वाली यह महिला मेहनत-मजदूरी से अपना गुजारा करती थी। उसकी जिंदगी में तब एक खास मोड़ आया जब उसकी बुआ की लड़की काम की तलाश में उसके पास पहुंची। दोनों एक ही छत के नीचे रहने लगे, और धीरे-धीरे उनके बीच प्यार पनपने लगा। यह रिश्ता समलैंगिक था, जिसमें पीड़िता ने अपने दिल और आत्मा को झोंक दिया। वह अपनी बुआ की लड़की से बेइंतहा प्यार करती थी, और उसपर पूरा भरोसा करती थी। लेकिन यह भरोसा जल्द ही उसके लिए मुसीबत बन गया। उसका आरोप है कि उसकी प्रेमिका ने माता-पिता के इलाज के नाम पर उससे पैसे मांगने शुरू किए। प्यार की खातिर पीड़िता ने चार सालों में करीब तीन लाख रुपये दे दिए।

जब उसने अपने पैसे वापस मांगे, तो प्यार की मिठास कड़वाहट में बदल गई। उसे झगड़े, ताने और धमकियां मिलने लगीं। पीड़िता का दावा है कि उसकी प्रेमिका की जिंदगी में कई नाजायज रिश्ते थे, और वह ऐय्याशी में डूबी हुई थी। मामला तब और बिगड़ गया, जब बीती 9 मार्च को उसकी प्रेमिका ने उसकी गैर मौजूदगी में उसके दो मोबाइल फोन (ऑप्पो-21 और रेडमी), दो सोने की अंगूठियां, दो जोड़ी सोने के कुंडल और जरूरी कागजात चुराकर अपने गांव सिरौही (थाना भमौरा, बरेली) भाग गई। 27 मार्च 2025 को जब पीड़िता अपने प्यार और सामान को वापस मांगने बुआ के घर पहुंची, तो उसे मारपीट का सामना करना पड़ा और घर से भगा दिया गया।

यह सिलसिला यहीं नहीं थमा। 4 अप्रैल 2025 की रात करीब 10 बजे उसे थाने के बाहर बुलाया गया, जहां उसकी प्रेमिका, उसके पिता और भाई ने मिलकर उसे बुरी तरह पीटा। पीड़िता का आरोप है कि उसके साथ अश्लील हरकतें की गईं, और चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी गई। थाने में शिकायत देने के बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। हताश होकर उसने एसएसपी से गुहार लगाई कि भमौरा थाना अध्यक्ष को सख्त निर्देश दिए जाएं, ताकि आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई हो और उसका सामान व पैसे वापस मिले। यह कहानी एक समलैंगिक रिश्ते में प्यार, विश्वास और ठगी की त्रासदी को बयां करती है। पीड़िता का कहना है कि उसने अपने प्यार में सब कुछ लुटा दिया, लेकिन बदले में उसे सिर्फ दर्द और अपमान मिला। अब वह इंसाफ की आस में भटक रही है। क्या उसे उसका हक मिलेगा, यह सवाल अभी अनुत्तरित है।

### बेकरी फैक्ट्री में लगी भीषण आग, लाखों की क्षति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के रजऊ परसपुर गांव स्थित श्री बालाजी ट्रेडर्स बेकरी फैक्ट्री में शुक्रवार रात अचानक भीषण आग लग गई। हादसे से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। ऊंची-ऊंची आग की लपटें और धुआं देख ग्रामीणों की नींद खुल गई। सूचना पर पुलिस और अग्निशमन दल मौके पर पहुंचा और कड़ी मशक्कत के बाद शनिवार सुबह करीब छह बजे आग पर काबू पाया जा सका।

आग शुक्रवार देर रात करीब दो बजे लगी। देखते ही देखते पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। बरेली, फरीदपुर और परसाखेड़ा फायर स्टेशन से पहुंची छह दमकल गाड़ियों ने चार घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फैक्ट्री मालिक के अनुसार, आग से करीब दस लाख रुपये की मशीनें, बीस लाख रुपये के सांचे और बड़ी मात्रा में तैयार बेकरी उत्पाद जलकर खाक हो गए। कुल मिलाकर आग से लगभग 50 लाख रुपये का नुकसान आंका जा रहा है। प्राथमिक जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। हालांकि, मामले की गहन जांच जारी है।

# प्रतियोगिता में अव्वल रही शिवानी का हुआ सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत ब्लॉक संसाधन केन्द्र रिछा पर आयोजित की गई विज्ञान प्रतियोगिता में पूरे ब्लॉक में प्रथम आने वाली यूपीएस कचनेरा की छात्रा शिवानी को जिला बेसिक शिक्षा अशिकारी संजय सिंह द्वारा प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। आज उसी प्रतियोगिता में प्रथम आने पर खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश कुमार द्वारा ब्लॉक संसाधन केंद्र रिछा सभागार में पुरस्कार स्वरूप दो हजार की नकद धनराशि देकर सम्मानित किया गया। वहीं कचनेरा स्कूल के इंचार्ज प्रधानाध्यापक और उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष मनोज गंगवार ने भी स्कूल स्तर पर शिवानी को सम्मानित किया, तथा शिवानी के कार्य- व्यवहार एवं पढ़ने की शैली की चर्चा करते हुए सभी विद्यार्थियों को उससे प्रेरणा लेते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने को कहा।




शिवानी का एक छोटा भाई और बहिन भी कचनेरा स्कूल में ही पढ़ते हैं, शिवानी की सफलता से उसके भाई-बहिन के साथ विद्यालय के सभी बच्चे अत्यधिक उत्साहित हैं।

इसी विज्ञान प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान पर रही उच्च प्राथमिक विद्यालय मंगतपुर की छात्रा को भी दो हजार की धनराशि देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय मंगतपुर के गणित विशेषज्ञ बलवीर सिंह ने दोनों तेजस्वी बच्चों की तीव्र वृद्धि की प्रशंसा की।

इसके साथ ही ब्लॉक मंत्री तपन सिंह मौर्य, प्रमोद गंगवार, हरीश गंग. वार, सदाकत हुसैन, अनुज वीर गंग. वार, सत्यपाल गंगवार, मोर किशोर मौर्य, जगमोहन सिंह, शशि गंगवार, भारती पुंडीर, जगदीश गंगवार, महेश पाल आदि ने पुरस्कृत विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं।

# कम्पोजिट विद्यालय मुरचौड़ा में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव एवं शारदा संगोष्ठी हुई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कम्पोजिट विद्यालय मुरचौड़ा में वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह यादव, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष थान सिंह यादव एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ बहेड़ी केदार सिंह द्वारा पुरस्कृत किया गया। बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह यादव ने बच्चों को भविष्य में और अधिक लगन और निष्ठा से अपना अध्ययन करने हेतु प्रेरित किया गया। एसएमसी अध्यक्ष थान सिंह यादव ने सभी बच्चों से अच्छी शिक्षा के साथ साथ अच्छे संस्कार ग्रहण करते हुए अच्छे नागरिक बनने का संदेश दिया। प्रभारी प्रधानाध्यापक केदार सिंह द्वारा सभी ग्राम वासियों से अनुरोध किया गया कि जो बच्चे 6 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं, उनका नामांकन विद्यालय में अवश्य कराएं। साथ ही जो बच्चे किसी कारण से विद्यालय नहीं जा पा रहे हैं, उनका भी नामांकन विद्यालय में करके मुख्य धारा से जोड़ना आवश्यक है। शारदा संगोष्ठी में प्रतिभाग करने वाले सभी माता-पिता व अभिभावकों से विद्यालय एवं बच्चों के विकास हेतु सुझाव आमंत्रित किए गए। जिसपर सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। विद्यालय के सहायक अध्यापक अफजाल अहमद, अंजू कुमारी, आलोक कुमार भास्कर, योगेन्द्र कुमार, आशीष कुमार, अनीता कुमारी, योगेन्द्र पाल ने सराहनीय सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर रेशमा बेगम आंगनबाड़ी सहायिका, रघुवीर सिंह, प्रमोद कुमार, प्रेमपाल, कुंवर सेन, जलीस अहमद व अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# ई-रिक्शा चालक ने गृह कलह में फांसी लगाकर दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** प्रेमनगर थाना क्षेत्र में एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। इस दौरान परिजन युवक के अंतिम संस्कार करने की तैयारी में जुटे थे, तभी पुलिस सूचना पाकर मौके पर पहुंच गई, और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक शाहबाद पुलिस चौकी क्षेत्र के ब्रह्मपुरा निवासी 44 वर्षीय दीपक चन्द्रा पुत्र स्व० मनोहर लाल ने आज सुबह अपने ही घर मे गैलरी की छत से लगे कुंडे में प्लास्टिक की रस्सी के सहारे फंदा लिया, जिससे मौके पर ही युवक की मौत हो गई। आनन-फानन में परिवार ने मामले को छुपाने के लिए बिना पुलिस को सूचित किए शव को उतारकर अंतिम संस्कार के लिए शव यात्रा की तैयारी शुरू कर दी। जैसे ही पुलिस को मामले की सूचना मिली तो वह मौके पर पहुँची। पहले तो परिजनों ने मामले को हार्ट अटैक का बताकर पुलिस को भी गुमराह करने का प्रयास किया, बाद में हकीकत सामने आ गई। मोहल्ले में चर्चा है कि पति-पत्नी में हमेशा विवाद रहता था, शनिवार सुबह भी विवाद हुआ था, बाद में दीपक ने पत्नी से परेशान होकर फांसी लगा ली।

दीपक ई-रिक्शा चलाकर परिवार पालता था। 2011 में उसकी शादी निर्मल चन्द्रा से हुई थी। उसकी 13 वर्षीय पुत्री व 7 वर्षीय पुत्र है, जिनके सिर से आज उसके पिता का सहारा उठ गया। पुलिस ने पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, साथ ही मामले में जांच जुट गई है।

# डीएम ने सम्पूर्ण समाधन दिवस पर सुनीं समस्याएं

- आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के संबंध में समीक्षा कर उनके निस्तारण हेतु दिए समुचित निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** शनिवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में जनपद बरेली की तहसील आंवला के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस (तहसील दिवस) का आयोजन हुआ। जहां जनसामान्य की समस्याओं को सुनकर उनके ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।




सम्पूर्ण समाधान दिवस में सरक. ारी रोड पर अवैध कब्जा, दिव्यांग पेंशन, राशन कार्ड आदि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। सम्पूर्ण समाधान दिवस में निवासी मोहम्मदपुर पथरा की शिकायतकर्ता ने गांव के लोगों द्वारा आवासीय जमीन पर कब्जा किए जाने की शिकायत की। जिसपर जिलाधिकारी ने तहसीलदार आंवला व एसएचओ को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

एक आवेदक द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया कि उसके भाई ने लेखपाल से सांठगांठ करके साझे के भूखण्ड को बनायी गयी घरौनी में केवल अपना नाम अंकित कराकर उस पर कब्जा कर लिया है, जिसपर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी आंवला को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में आंवला क्षेत्र से आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की, और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि अधिक शिकायत वाले गांव का भ्रमण कर शिकायत का शत प्रतिशत निस्तारण किया जाये, और निस्तारण से शिकायतकर्ता संतुष्ट हो इसका पूरा ध्यान रखा जाये। इससे पूर्व जिलाधिकारी ने तहसील परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गए जन कल्याणकारी योजनाओं के स्टालों का भी अवलो. कन किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी द्वारा पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड तथा एक लाभार्थी को अंत्योदय कार्ड उपलब्ध कराये गये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. विश्राम सिंह, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, उपजिलाधिकारी आंवला नहने राम, तहसीलदार आंवला सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# भगवान महर्षि कश्यप की निकाली विशाल शोभायात्रा

- हजारों की संख्या में शामिल हुए लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** किला क्षेत्र के मोहल्ला मलूकपुर में श्री नौ देवी ग्वांडेड मंदिर से कश्यप समाज समिति के तत्वाधान में भगवान महर्षि कश्यप की शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा के संयोजक शशि भूषण कश्यप ने महर्षि कश्यप के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महर्षि कश्यप भगवान ब्रह्मा के मानस पुत्रों में सर्वश्रेष्ठ पुत्र है, वही सह संयोजक विशाल कश्यप ने कहा कि महर्षि कश्यप ने कश्मीर बसाया था और कश्मीर का नाम महर्षि कश्यप के नाम से दुनिया भर में जाना जाता है, और बताया कि इस शोभायात्रा का आयोजन लगभग हम 22 सालों से करते आ रहे हैं, जो हर वर्ष धूमधाम से शोभायात्रा मलूकपुर चमन मठिया से होते हुए बिहारीपुर चौकी, जिला पंचायत, बिहारीपुर ढाल, मलूकपुर चौकी होते हुए श्री नौ देवी ग्वांडेड मंदिर मलूकपुर पर समापन किया जाता है।




महर्षि कश्यप के जन्म उत्सव पर कार्यक्रम अध्यक्ष शिवचरण कश्यप जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी रहे एवं शिवचरण कश्यप ने हरी झंडी दिखाकर शोभा यात्रा का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री हीरालाल कश्यप अतिथि गोपाल कश्यप ग्राम प्रधान घटियारी बदायूं, अतिथि नवीन कश्यप समा. जसेवी कोषाध्यक्ष ऋषि भूषण कश्यप, पंकज कश्यप उपाध्यक्ष द्रोण कश्यप प्रवक्ता लोकनाथ कश्यप, सुधीर कश्यप, राजीव कश्यप, सार्थक कश्यप, नीतू कश्यप, रवि कश्यप, मनीष कश्यप, संजीव कश्यप, दीपू कश्यप, संजय कश्यप, दिनेश कश्यप, शिवम कश्यप, राहुल कश्यप, रॉबिन कश्यप, संजीव कश्यप आदि इसी के साथ मौजूद रहे

# डीएम ने ग्राम पंचायत खनगवां श्याम स्थित वृहद गौ संरक्षण केंद्र का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने तहसील आंवला के विकासखण्ड मझगवां की ग्राम पंचायत खनगवां श्याम स्थित वृहद गौ संरक्षण केंद्र का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पाया कि वृहद गौशाला में 300 गाय हैं, जिनका अंकन रजिस्टर में किया हुआ पाया गया।



निरीक्षण के दौरान वृहद गौशाला में साफ-सफाई तथा पीने योग्य पानी आदि व्यवस्थाओं को देखा और अधिकारियों को साफ-सफाई, पीने का पानी, भूसा, हरा चारा, आदि व्यवस्थाओं को बनाए रखने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि दूध देनी वाली गायों को अलग एवं उनके बच्चों को अलग रखा जाए तथा बीमार व बूढ़ी गायों को भी अलग-अलग रखा जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गांव वालों से जानकारी ली कि गायों के लिए घास उगाने के लिए जो जमीन दी गयी थी, उसपर गेहूं तथा सरसों उगाया जा रहा है तो क्या गायों को गेहूं तथा सरसों दिया जाता है, जिसपर ग्रामीणों ने बताया कि गायों को गेहूं तथा सरसों दिया जाता है। उक्त के उपरांत जिलाधिकारी ने गौमाताओं को हरा चारा व गुड़ आदि खिलाया।

इस अवसर पर तहसीलदार आंवला, ग्राम प्रधान, ग्रामीण जन सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनसमस्याएं

## संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों का हुआ निस्तारण, सम्बंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील बागपत में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अर्पित विजय वगर्हीय भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जन सामान्य की शिकायतें सुनीं और उनके शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बागपत तहसील संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 55शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 9 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी मामलों का त्वरित एवं निष्पक्ष समाधान किया जाए, ताकि जनता को बार-बार परेशान न होना पड़े। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक व्यक्ति को त्वरित न्याय मिले, यही प्रशासन की प्राथमिकता है। शिकायतों में मुख्य रूप से भूमि विवाद, राजस्व, बिजली, जल आपूर्ति, पेंशन, सड़क और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित मामले शामिल थे। जिलाधिकारी ने



अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का समाधान नियमानुसार एवं समयबद्ध तरीके से किया जाए और समाधान की स्थिति से आवेदकों को अवगत कराया जाए। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजय वर्गीय ने कानून व्यवस्था से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लेने के अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष जांच के बाद उचित समाधान किया जाए। उन्होंने जनता को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है और इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। बड़ौत तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में 35 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 5 शिकायतों का निस्तारण किया गया जबकि खेकड़ा तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में 9 शिकायत प्राप्त हुई जिसमें से दो का निस्तारण हुआ। इस अवसर पर एसडीएम बागपत अभिनाश त्रिपाठी तहसीलदार अभिषेक कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन कान्हा गौशाला का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने शनिवार को बागपत नगर पालिका द्वारा निर्माणाधीन कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया। इस परियोजना की कुल लागत 1 करोड़ 63 लाख रुपये है और इसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि यह गौशाला बागपत नगरीय क्षेत्र और आसपास के गांवों के 500 गोवंशों को संरक्षित करने की क्षमता प्रदान करेगी। इस परियोजना से क्षेत्र के गौवंश को बेहतर संरक्षण और देखभाल का लाभ मिलेगा। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य गुणवत्ता परक हो और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि परियोजना निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरी हो ताकि जल्द से जल्द इसे क्रियान्वित किया जा सके। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी बागपत नगर पालिका के के भड़ाना उपस्थित रहे।

## मार्ग बनवाने को लेकर जिलाधिकारी को लिखा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** घिटौरा गांव रेलवें स्टेशन को जाने वाला मार्ग जर्जर हो चुका है जिससे लेकर ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने डीएम को पत्र लिख मार्ग बनवाने की मांग की है।

घिटौरा गांव में शिव मंदिर से लेकर रेलवे स्टेशन का खड़जा मार्ग बना है जिसमे गहरे गढ्ढो के कारण राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ रही है। गांव के ही देवेंद्र ने बताया कि मार्ग जर्जर हो चुका और देश



आजाद होने के बाद से यहा खड़जा लगा है। आज तक इस मार्ग को पक्का नही किया गया है जिससे राहगीर और ग्रामीण परेशान है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर मार्ग को पक्का बनवाने की मांग की है।

## कश्यप जयंती पर नगर में गाजेबाजे के साथ निकाली रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भगवान महर्षि कश्यप जयंती के अवसर पर शनिवार को कश्यप समाज के लोगों ने गाजेबाजे के साथ में रैली निकाली। रैली कश्यप कॉलोनी से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई वापस कश्यप कॉलोनी में जाकर सम्पन्न हुई।

कश्यप समाज के लोगों ने शनिवार को महर्षि कश्यप की जयंती मनाई और यज्ञ पूजन कर भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने महर्षि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। जयंती के अवसर पर समाज के लोगों ने नगर में एक रैली भी निकाली। रैली में महर्षि के जीवन पर आधारित झाकियां विशेष आक्रशण का केंद्र बनीं हुई थी। रैली कश्यप कॉलोनी से शुरू हुई और नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई वापस कश्यप कॉलोनी में पहुंचकर सम्पन्न हुई। रैली के दौरान प्रयाप्त संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया। इस मौके पर संजय कश्यप, राजू कश्यप, भविचंद कश्यप, सहदेव कश्यप, धन्नु कश्यप, अंकित कश्यप, गौरव कश्यप, ललित कश्यप, बन्टी कश्यप, प्रशान्त कश्यप, सचिन कश्यप, विक्की कश्यप, विकाश कश्यप, दिनेश कश्यप व काला कश्यप आदि मौजूद रहे।





## एक नजर

### बेन-हर गुरुकुल में मनाया गया रामनवमी उत्सव




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** बेन-हर गुरुकुल, टनकपुर रोड कैंपस में छोटे-छोटे बच्चों ने धूमधाम से रामनवमी महोत्सव मनाया। कक्षा प्री नर्सरी, नर्सरी व केजी के बच्चों सगलरूप कौर, श्रीजा गुप्ता, स्मृति, नमरा, विधि, माहिरा, प्रयान अभिराज, अथर्व दीक्षित, निलेश, गोकुल मोहन आदि बच्चों ने मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की आराधना की। मां दुर्गा के रूप में आई कन्याओं के स्वरूपों ने उपस्थित सभी लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। कक्षा केजी के बच्चों ने सामूहिक रूप से विभिन्न रंगों के माध्यम से मां वैष्णो की झांकी का कोलाज तैयार किया। विद्यालय के प्रबंधक गुरदित्त सिंह सैहमी ने कहा कि भारत ही एकमात्र ऐसा देश है, जहां विभिन्न धर्म संप्रदायों के लोग एक साथ मिलजुल कर रहते हैं और बेन-हर परिसर में प्रत्येक धार्मिक त्योहार सभी बच्चे और शिक्षक-शिक्षिकाएं सामूहिक रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं, जो हमारे देश भारत में धर्म निरपेक्षता का प्रतीक है। विद्यालय की प्रधानचार्या डॉ निर्मल कौर ने बच्चों को आशीष वचन देकर उनका उत्साहवर्धन किया। संपूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा विद्यालय की अध्यापिकाओं लोकेश गंगवार, रेनू भट्ट, श्वेता गौड़ और मनिका शर्मा ने तैयार की।

### डीएम एसपी की अध्यक्षता में हुआ सम्पूर्ण समाधान, 30 में से 4 शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय की अध्यक्षता में तहसील बीसलपुर का तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 30 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुये, जिसमें जिला. धिकारी द्वारा मौके पर ही 4 शिकायतों का निस्तारण किया। अवशेष शिकायतों के सम्बन्ध में संज्ञान लेते हुए कहा कि अधिकारी अपनी-अपनी विभागीय शिकायतों का गुणवत्ता परक ढंग से निस्तारण करें, अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता की शिकायतों के निस्तारण हेतु मौका मुआइना अवश्य करें और शिकायतकर्ता सहित दोनों पक्षों को बुलाकर शिकायतों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। राजस्व सम्बन्धी मामलों में जहां पर पुलिस प्रशासन की आवश्यकता हो तो वहां पुलिस को साथ लेकर मौके पर निस्तारण कराया जाये। इसके साथ ही बीसलपुर रामलीला परिसर में निर्माणाधीन बाबा गुलेश्वरनाथ शिव मंदिर में कराये जा रहे कार्यों को देखा एवं प्रयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्तापरखी। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिये कि समय समय पर कार्यों की गुणवत्ता की जांच कराई जाये। इसके उपरान्त उन्होंने बीसलपुर में कान्हा गौशाला हेतु प्रस्तावित भूमि का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने उप जिलाधिकारी बीसलपुर को गौशाला हेतु प्रस्तावित भूमि की पैमाइश करने के निर्देश दिए तथा पैमाइश के उपरान्त गौशाला का निर्माण कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।

### पालिका अध्यक्ष ने छात्र छात्राओं को परीक्षाफल किए वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** उच्च प्राथमिक विद्यालय पूरनपुर में नगर पालिका परिषद पूरनपुर द्वारा अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता द्वारा विद्यालय के छात्र छात्राओं को परीक्षाफल व स्थानांतरण पत्र वितरित किये गए, इसके साथ साथ उनके द्वारा प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को 200 का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में उनके साथ अवनीश सक्सेना चुन्नू, मानस शुक्ला, विद्यालय प्रधानाध्यापक बृजेश कुमार शुक्ला, गुरप्रीत कौर, इंदु गंग. वार,मोहम्मद आलम व अन्य अध्यापक व बच्चे उपस्थित रहे।

## जनसंपर्क कर बताई सरकार की आठ साल की उपलब्धियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के तहत कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर पत्रक वितरण किया।


पत्र कों के माध्यम से सरकार की प्रमुख उपलब्धियों की जानक. ारी आम जनता तक पहुंचाई गई। इस दौरान कार्यक्रम के अंतर्गत जिला महामंत्री व जिला अभियान संयोजक बिजेंद्र शर्मा एडवोकेट ने नगर मंडल के शक्ति केन्द्रों पर जनसंपर्क कर योगी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के पत्रक बांटे। इस क्रम में मां शाकंभरी यात्रा संघ के जिलाध्यक्ष मुकेश वर्मा को भारतीय जनता पार्टी सरकार की 8 वर्षो की उपलब्धियां के बारे में जानकारी देते हुए पत्रक बांटे। इस जन-संपर्क अभियान का मुख्य उद्देश्य सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना है। कार्यकर्ताओं ने लोगों से सीधा संवाद भी किया और सरकार की नीतियों के बारे में विस्तार से बताया। जिला मीडिया प्रभारी पवन शर्मा ने भी संगठनात्मक मंडल बड़ौत देहांत के सेक्टर वाजिदपुर में पार्टी की रीति नीति से लोगों को अवगत कराते हुए सरकार के 8 वर्षो के पत्रक बांटे। उन्होंने बताया कि 6 अप्रैल रविवार को भाजपा स्थापना दिवस पर सभी कार्यकर्ता अपने-अपने घरों पर पार्टी का झंडा लहराएंगे, साथ ही बूथ स्तर पर जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय के नेतृत्व में कई कार्यक्रम आयोजित होंगे।



## दबंग व्यक्ति ने दुकान पर किया कब्जा, एसडीएम से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** तहसील में पहुंचकर शनिवार को टांडा निवासी फर्जंद ने एक ज्ञापन तहसील परिसर में एसडीएम मनीष कुमार यादव को सौपा ज्ञापन में उन्होंने बताया कि हमारी दुकान पर गांव के ही एक दबंग व्यक्ति ने कब्जा कर लिया है। 9 वर्ष पूर्व फर्जंद ने अपनी दुकान किराए पर दी थी तो दुकानदार किराए के पैसे भी नहीं दे रहा है और नहीं दुकान को खाली कर रहा है। आज दुकान मालिक ने एसडीएम को ज्ञापन देकर दुकान खाली किए जाने की मांग की। दबंग व्यक्ति ने दुकान मालिक को डराते धमकाते हुए गाली गलौज करते हुए बद्दी बद्दी गलियों जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। शिकायत करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। उन्होंने एसडीएम से गुहार लगाते हुए दबंग व्यक्ति से अपनी दुकान खाली कराए जाने की मांग की। इससे पूर्व में भी कई बार पुलिस को अवगत कराया टांडा चौकी प्रभारी को भी शिकायत दर्ज कराई। मगर समस्या का कोई भी समाधान अब तक नहीं हुआ दुकान मालिक का कहना है कि अगर दुकान खाली नहीं की गई तो तहसील परिसर में धरना दिया जाएगा। इस संबंध में एसडीएम ने थाना छपरौली से जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिलाया। इस मामले से ग्राम प्रधान टांडा नवाजिश खान को भी शिकायत दर्ज कराई गई। उन्होंने भी न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है।



## जिपं में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरूद्ध भाकियू का तहसील में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारतीय किसान यूनियन ने जिला पंचायत में नियमों का उल्लंघन कर अवैध रूप से ठेकेदारों को टेंडर दिए जा रहे है। यूनियन ने जिला पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर प्रदर्शन किया और इस संबंध जिलाधिकारी को एक ज्ञापन देकर पूरे प्रकरण की जांच कराने की मांग की है। डीएम ने इस मामले में तीन दिन के अन्दर जांच कराकर कार्रवाई करने का भाकियू को आश्वासन दिया है।

इस दौरान भाकियू ने जिला पंचायत में चल रहे कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। भाकियू एनसीआर के अध्यक्ष प्रदीप धामा ने जिला पंचायत अधिकारियों और अध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इस दौरान प्रदीप धामा के अनुसार, जिला पंचायत द्वारा गांवों में विकास कार्यो के लिए दिए जा रहे ठेकों में ई-ट्रेडिंग नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। अधिक. ारी और जिला पंचायत अध्यक्ष अपने चहेते ठेकेदारों को काम दे रहे हैं। इससे न केवल कमीशनखोरी बढ़ रही है, बल्कि विकास कार्यो में देरी भी हो रही है और सरकार को आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। बच्चों के लिए ऑटोमैटिक प्रोटेक्शन्स जो तय करे कि उनसे कौन कॉन्टैक्ट कर सकता है और वे किस तरह का कंटेंट देख सकते हैं। बार-बार शिकायतों के बाद भी कोई कार्रवाई न होने पर भाकियू कार्यकर्ताओं ने अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी दी है।




जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने मामले की तीन दिन में जांच का आश्वान दिया। भाकियू नेता प्रदीप धामा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जीरो टॉलरेंस की बात करते हैं, लेकिन यहां प्रदेश सरकार के नियमों की अवहेलना हो रही है। अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए कोई तैयार नहीं है। फिलहाल किसान संगठन डीएम के आश्वासन पर कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

## आँखों का नि:शुल्क ऑपरेशन कैंप का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर में लायंस क्लब चेतना के द्वारा राष्ट्रीय लोकदल के शहर कार्यालय जिन्दल निवास नेहरू रोड बड़ौत पर आँखों का नि:शुल्क ऑपरेशन कैंप का आयोजन किया गया। मरीजों की आँखों कि जाँच मेडिसिटी हॉस्पिटल कोताना रोड बड़ौत कि टीम सुमीत, काजल, रो. हित ठाकुर, इशु, मोनी, आरजू के द्वारा कि गई समाचार मिलने तक 36 मरीजों की आँखों की जाँच की गई तथा 12 मरीजों का चयन ऑपरेशन के लिए किया गया। कैंप चेयरमैन लाइन डा.योगेश जिन्दल ने बताया कि इन मरीजों का ऑपरेशन क्षेत्र की प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डा.शस्या तोमर के द्वारा मेडिसिटी हॉस्पिटल कोताना रोड बड़ौत मे नि:शुल्क किया जायेगा। जिन्दल ने बताया कि यह कैंप पूर्व की भांति हर महीने की 5 तारीख को लगाया जायेगा। कैंप मे अंकुर जिन्दल, ललित जैन, कृष्णा गोयल, रोबिन गोयल, हर्ष, सरिता जिन्दल, पूजा जिन्दल, स्वीटी का विशेष सहयोग रहा।



## भगवान महर्षि कश्यप जयंती पर फूलमाला से सम्मान कर किया नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद में भगवान महर्षि कश्यप जयंती धूमधाम से मनाई गई और हवन पूजन कर भंडारे का भी आयोजन किया गया।

इस दौरान ग्राम बाजिदपुर में भी भगवान महर्षि कश्यप जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। भगवान महर्षि कश्यप जयंती के पावन पर्व पर जनपद में नवनियुक कांग्रेस पार्टी जिलाध्यक्ष लव कश्यप और उनके साथ हिंदू मुस्लिम एकता संगठन के अध्यक्ष अनंत भारद्वाज भी भगवान महर्षि कश्यप जयंती मनाने के लिए गांव बाजिदपुर पहुंचे। भगवान महर्षि कश्यप धाम पर फूल मालाओ से भगवान महर्षि कश्यप का सम्मान किया। इस दौरान लव कश्यप ने कहा कि भगवान महर्षि कश्यप सभी समाज में पूजे जाते हैं। अनंत भारद्वाज ने कहा कि भगवान महर्षि कश्यप के आशीर्वाद से ही सृष्टि चल रही है। कश्यप युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चंद कश्यप ने भी भगवान महर्षि कश्यप का फूल मालाओं से सम्मान किया। इस अवसर पर लव कश्यप अनंत भारद्वाज, सुभाष चंद कश्यप, नीतू कश्यप आकाश कश्यप, नैन सिंह कश्यप, पालेराम कश्यप, साबू कश्यप, सुनील कश्यप क्रांति देवी आदि ने भी भगवान महर्षि कश्यप का फूल मालाओं से सम्मान किया।




## महर्षि कश्यप भवन किशनपुर बिराल में कश्यप जयंती का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** क्षेत्र के किशनपुर बिराल गांव के नव निर्मित महर्षि कश्यप भवन में कश्यप समाज द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हवन और महर्षि कश्यप के चित्र पर पुष्प अर्पित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहब सिंह संचालन रणवीर सिंह उर्फ राणा द्वारा किया गया।

इस दौरान अमित कश्यप ने समाज को संगठित करने पर बल दिया। नरेश प्रजापत ने समाज को शिक्षित करने पर बल दिया। भीम आर्मी के प्रचारक रविंद्र कुमार द्वारा बहुजन समाज के संत महात्मा तथा महापुरुषों के सिद्धांतों पर चलने का आहवान किया। अखिल भारतीय वाल्मीकि नव युवक संघ के जिलाध्यक्ष अजय कुमार ने कश्यप ऋषि की प्रेरणा पर चल कर भाईचारा कायम करने ओर संगठित होकर समाज को आगे बढ़ाने का आवाहन किया। अंत में भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर रामकिशन ऋषि नरेंद्र विक्रम सुरेंद्र आजाद बंटी कुलदीप रणधीर मदन प्रमोद सक्सेना इंद्र बिन्दर हरकेश रोहित शिवकुमार शोकेंद्र, विक्रम मास्टर रामफल, सुनील शिवम बाल्मीकि आदि उपस्थित रहे।



# अशोक मौर्य महान ने नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना कर जागाई शिक्षा की अलख: पाल

**नगर पंचायत कार्यालय परिसर में मनाई गई चक्रवर्ती सम्राट अशोक मौर्य महान की 2329 वीं जयंती**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** नगर पंचायत कार्यालय परिसर में सम्राट अशोक की विशाल प्रतिमा के समक्ष चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान की 2329 वीं जयंती बड़े ही हर्षोउल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सभी ने सम्राट अशोक की विशाल प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर बोलते हुए उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल ने कहा कि चक्रवर्ती सम्राट अशोक मौर्य महान ने नालंदा विश्व. विद्यालय की स्थापना करके शिक्षा के क्षेत्र में काम किया तथा शिक्षा की अलख जगाई तथा उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सिंह सैनी ने कहा कि मौर्य शाक्य कुशवाहा सैनी एक ही बंश के वंशज हैं तथा हमें अपने समाज की बेटियों को मजबूत तथा झांसी की रानी बनाना चाहिए। इस मौके पर मौर्य सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि हमें राजनीतिक भागीदारी के लिए एकजुट होना होगा नगर पंचायत मसवासी के निवर्तमान चेयरमैन हरिओम मौर्य ने कहा कि चक्रवर्ती सम्राट अशोक मौर्य महान का शासन जहां से सूर्य निकलता था और जहां तक छिपता था वहां तक था सम्राट अशोक सम्राटों के भी सम्राट चक्रवर्ती सम्राट थे जिन्होंने सिकंदर को भी हराया था। उनके शासन में शेर और बकरी एक साथ एक ही घाट पर पानी पिया करते थे उन्होंने नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना की थी तथा शिक्षा के क्षेत्र मे तथा समाज सुधार के अनेकों कार्य किये तथा सामाजिक कार्य भी किये। इस मौके पर बोलते हुए कार्यक्रम के अध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष चेतन स्वरूप मौर्य ने कहा कि चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान भारत के गौरवशाली राजा हुए जिन्होंने अखंड भारत पर राज किया जिनके शासन में हमेशा न्याय किया जाता था और कलिंग युद्ध के बाद उन्होंने बौद्ध धर्म को अपना लिया था तथा उसका देश विदेश में भी प्रचार प्रसार किया तथा 84000 बौद्ध स्तूपों का निर्माण किया इस मौके पर सभी ने सरकार से सम्राट अशोक की जयंती पर अवकाश घोषित करने की भी मांग की इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सिंह सैनी, ओमपाल सैनी अखिल भारतीय मौर्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह मौर्य, भाजपा ओबीसी जिला अध्यक्ष चेतन स्वरूप मौर्य, कौशल्यापुरी के अध्यक्ष राजीव सैनी ,भूप सिंह मौर्य दुर्गेश बाबू गंग. वार यशपाल मौर्य, प्रताप सिंह मौर्य ,अरविंद मौर्या, संजीव कुमार वर्मा, श्रीमती अंजू जैन, शक्ति सिंह मौर्य, परविंदर मौर्य, धर्मेंद्र मौर्य, गुलाब सिंह कुशवाहा ,दिनेश मौर्य ,अतर सिंह मौर्य, कुलदीप मौर्य, विजय मौर्य राजेश मौर्य लक्ष्मण मौर्य लखन मौर्य मयंक मौर्य ब्रज किशोर मौर्य धर्मेंद्र मौर्य मदनलाल मौर्य, आदि शामिल रहे।

# एसडीएम की अध्यक्षता में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

**सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई 17 शिकायतें**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** संपूर्ण समाधान दिवस तहसील परिसर में उप जिलाधिकारी सुनील कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस दौरान फरियादियों ने अपनी अपनी शिकायतें को अधिकारी के सामने रखी समाधान दिवस में 17 शिकायत है। जिसमें से तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया वहीं शेष शिकायतों के लिए संबंधित को जल्द से जल्द निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी तहसीलदार सीमा गंगवार क्षेत्राधिकारी राजवीर सिंह परिहार नायब तहसीलदार अंकित अवस्थी खण्ड विकास अधिकारी धीरेन्द्रपाल सिंह चौहान आदि अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रजा लाइब्रेरी में शोध के लिए बहुमूल्य संग्रह : डॉ खुशी सिंह राठौर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** इतिहासकार डॉ खुशी सिंह राठौर ने रजा लाइब्रेरी का संग्रह देखा। उन्होंने हामिद मंजिल की निर्माण शैली को सराहा। दरबार हॉल की भव्यता की प्रशंसा की। साथ ही लोहारू कलेक्शन समेत कई पाण्डुलिपियां भी देखीं।

हरियाणा के सोनीपत में स्थित अशोका यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स के साथ शनिवार को इतिहासकार डॉ खुशी सिंह राठौर रजा लाइब्रेरी पहुंचीं। उनको नारीवादी अंतराष्ट्रीय संबंध, कूटनीतिक इतिहास और अंतराष्ट्रीय इतिहास पर शोध में रूचि है। उनके लेख और पुस्तके भी प्रकाशित हुई हैं। शोध के लिए



दुनिया के कई बड़े पुस्तकालयों में जा चुकी इतिहासकार डॉ खुशी सिंह राठौर ने कहा कि रजा लाइब्रेरी में मौजूद संग्रह बहुमूल्य है। इस संग्रह से शोधकर्ता काफी लाभ हासिल कर सकते हैं। उन्होंने सवा सौ साल से जल रहे बल्ब देखकर हैरानी जताई। डॉ खुशी ने रजा लाइब्रेरी के भवन हामिद मंजिल के निर्माण में चारों धर्मों के धार्मिक स्थलों मंदिर, मस्जिद, चर्च और गुरुद्वारा को समायोजित देखकर आश्चर्य जताया। उन्होंने हस्तलिखित कुरान और वाल्मीकि रामायण भी देखी। इस मौके पर इंटेक रुहेलखण्ड चौप्टर के सह संयोजक व पूर्व मंत्री नवेद मियां के पीआरओ काशिफ खां भी मौजूद रहे।

# दीक्षित कॉलेज में हुआ छात्रों का प्रथम मूटकोर्ट का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रारमपुर।** दीक्षित कॉलेज ऑफ लॉ रामपुर के विधि संकाय में दिनांक 05/04/2025 को म.ज्यो.फू.रू. विश्वविद्यालय बरेली के पाठ्यक्रमानुसार एल.एल.बी. षष्ठम सेमेस्टर के छात्रों का प्रथम मूटकोर्ट का आयोजन किया गया। मूटकोर्ट का कार्यक्रम प्रारम्भ होने से पूर्व कॉलेज के प्रबंधक विवेक दीक्षित ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

जिन्होंने छात्र-छात्राओं को कानूनी अनुसंधान और तार्किक तर्क-विर्तक में निपुणता हासिल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विधि अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने आभासी न्यायालय में कानूनी मुद्दे भारतीय दण्ड संहिता की धारा 498।, 3048, 323, 504, 506 और दहेज




प्रतिषेध अधिनियन की धारा 3 व 4 पर अभियोजन व अभियुक्त पक्ष की ओर से कार्यवाही में गवाह व सबूतों के आधार पर बहस कर अपनी प्रस्तुति पेश की।

कार्यक्रम में शायमा बी, तूबा कय्यूम, विजयपाल, विक्री, माशुक, संक्षेप सक्सेना, मुजस्सिन, तस्कीन एवं अन्य एल.एल.बी.अन्तिम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में बी.ए.एल.एल.बी. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा अक्सा नूर ने स्टेनों व एलएलबी द्वितीय सेमेस्टर के छात्र सुरेन्द्र ने पेशकार की भूमिका निभाई। इस अवसर पर एल.एल.बी. एवं बी.ए. एल.एल.बी. के अन्य छात्र-छात्राएँ भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य जज की भूमिका में डा. चन्दन कुमार सिंह, ज्योति वर्मा व बी.एस.चौहान ने निभायी।

इस आयोजन के संयोजक डा. चन्दन कुमार सिंह ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताऐ कानून के छात्रों को व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करने में सहायक होती है और उनकी कानूनी दक्षता को निखारती है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य प्रवक्तागण भी उपस्थित रहे जिसमें जितेन्द्र सिंह, डा. मधुरानी, कुमकुम गंगवार, आयुषी यादव का सहयोग रहा।

# बाइक ई-रिक्शा की टक्कर में दो किशोर घायल, एक रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** ई-रिक्शा बाइक की टक्कर में दो किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। सेफनी थाना क्षेत्र के ग्राम बेरुआ निवासी 17 वर्षीय अली मोहम्मद 13 वर्षीय मोहम्मद रजा पुत्रगण छोटे, अपनी बाइक से सेफनी बाजार करने आ रहे थे।

जैसे ही गागन पुल पर पहुंचे तभी गांव निवासी भारत, अपनी ई-रिक्शा में सवारी बिठाकर सैफनी से गांव बेरुआ जा रहा था पुल पर पहुंचते ही ई रिक्शा बाइक से टकरा गई बाइक सवार दोनों भाई बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए घटना पर भीड़ एकत्रित हो गई।

घटना की जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली परिजन भी घटना स्थल पर पहुंचे। परिजन निजी वाहन से घायलों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे डॉक्टर ने घायलों को प्राथमिक उपचार दिया।

मोहम्मद रजा के पैर में फैक्चर होने की वजह से डॉक्टर ने बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रामपुर रेफर कर दिया।

पिता छोटे ने जानकारी देते हुए बताया ई रिक्शा चालक अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रहा था और कह रहा था जो तुझसे हो कर ले।

# नाबालिग को भगाकर ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/रामपुर।** लगभग 17 दिन के बाद नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाला आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ गया। शनिवार को ढकिया चौकी इंचार्ज मनोज कुमार चौधरी ने अपने सहयोगी कांस्टेबल बाल किशन सिंह व गिरिन्द सिंह के सहयोग से नाबालिग किशोरी को भाग ले जाने वाले तहसील बिलारी के गांव पीतपुर सौदा थाना कुंदरकी जिला मुरादाबाद का रहने वाला आरोपी अब्दुल हफीज को मुखबिर की सूचना पर ग्राम ओसी चौराहे से गिरफ्तार किया और विधि कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया। मामला बीते 19 मार्च का है जब कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले नाबालिग किशोरी के दादा की ओर से कोतवाली शाहबाद में नाबालिग किशोरी को बहला फुसला कर भगा ले जाने के आरोप में आरोपी अब्दुल हफीज के साथ हाशम जो कि अब्दुल हफीज का चाचा है व अजहर व आरोपी का बहनोई नाम मालूम के खिलाफ कोतवाली शाहबाद में 19 मार्च को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी।



# जनकल्याण समिति की भूमि पर अवैध कब्जे की एसडीएम से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** शनिवार को आयोजित हुए संपूर्ण समाधान दिवस में ग्राम महूनागर के रहने वाले अर्जुन सिंह ने जन कल्याण समिति की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत एसडीएम से की उसका आरोप है कि ग्राम असालतपुर के रकबे में ग्राम ढकुरिया के रहने वाले व्यक्तियों ने दबंगई के बल पर जन कल्याण समिति व ग्राम समाज की लगभग 350 बीघा भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है। गाटा संख्या 423 अ, 423 ज, 423 ट, 423 ख एवं कल्याण समिति मंगोली व स्वामी परमानंद दण्डी कल्याण समिति आराजी गाटा संख्या रखवा असालतपुर 288, 234, 289, 228 का 218 व 152, 142 पर अवैध कब्जा है।

वर्तमान में कुछ गाटा संख्या में गन्ना व गेहूं की फसल खड़ी है। इस भूमि पर अवैध कब्जे की प्रार्थी ने कई बार आला अधिकारियों से शिकायत की है लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में की आपात्रों के राशन कार्ड और आवास बनाने की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में भाकियू असली अ के दिव्यांग प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष वेदराम सिंह और सदस्य ने शिकायत की है। उनका आरोप है कि ग्राम पंचायत ढकिया में 80% दिव्यांग व विधवाओं की सर्व नहीं हो पा रही है। ग्राम पंचायतो में जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र कई वाहन से नहीं बन पा रहे हैं। उनका कहना है कि ग्राम पंचायत अधिकारी त्रिवेंद्र मोहन की जगह किसी अन्य ग्राम पंचायत अधिकारी को तैनात किया जाए जिससे ग्राम में गरीब व्यक्तियों का कार्य सही समय पर हो सके।



# स्कूल चलो अभियान के मद्देनजर निकाली रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** शनिवार को नगर के विद्यालय कानून गोयान द्वारा स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकाली गई।

प्राथमिक विद्यालय कानून गोयान के इंचार्ज प्रधानाध्यापक अमीर अली ने बताया कि स्कूल चलो अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक बच्चों को शिक्षा से जोड़ना है। इंचार्ज प्रधानाध्यापक अमीर अली ने आगे बताया कि शिक्षा का अर्थ ज्ञान, कौशल, और समझ को प्राप्त करने और विकसित करने की प्रक्रिया, जो व्यक्ति के जीवन और समाज को बेहतर बनाने में मदद करती है। इस असवर पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक अमीर अली, साव अध्यापक हितेंद्र पाल सिंह, साव अध्यापक माशाल्लाह मौजूद रहे।

# एसडीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/ रामपुर।** शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न होना था। किसी कारण वश सीडीओ रामपुर संपूर्ण समाधान दिवस में नहीं पहुंच सके तब उपजिलाधिकारी शाहाबाद हिमांशु उपाध्याय की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान तहसीलदार शाहबाद राकेश कुमार चन्द्रा, नायब तहस. ीलदार हरीश जोशी, पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षिता सिंह, खंड विकास अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से शिकायतों को चुना इस दौरान कुल 13 शिकायत है इसमें चार शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित थी व तीन शिकायत पुलिस विभाग संबंधित थी, शेष अन्य विभागों से संबंधित थी जिसमें राजस्व से संबंधित दो शिकायत का मौके पर निस्तारण कर दिए गया शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को समय सीमा के भीतर निस्तारण के लिए भेज दिया गया। इस दौरान ईदगाह कमेटी के सदर सैयद सरफराज अली ईदगाह कमेटी के अन्य सदस्य व नगर के लोगों के साथ संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे और ईदगाह के बराबर से खोली गई शराब की दुकान को बंद करने के लिए संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे हैं एसडीएम को एक शिकायती पत्र दिया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों कर्मचारी मौजूद रहे।



# सरकारी रास्तों को कब्जा मुक्त कराने को दर्ज कराई शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष आद. ेश शंखधार ने सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील मिलक में पहुंचकर सार्वजनिक रास्तों को कब्जा मुक्त कराने हेतु एक पत्र उपजिलाधिकारी सुनील कुमार को सौंपा है।

जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने बताया कि नगर पालिका परिषद मिलक के खसरा संख्या 776 एवं 781 जो सरकारी अभिलेखों में सार्वजनिक रास्ता के नाम से दर्ज हैं उक्त दोनों ही सार्वजनिक रास्तों पर दो सत्ताधारी नेताओं का अवैध रूप से कब्जा है।

नगर पालिका परिषद मिलक द्वारा कब्जा हटवाए जाने हेतु कई बार नोटिस भी जारी किए हैं लेकिन सत्ताधारी नेताओं का कब्जा होने के कारण खसरा संख्या 781 जो कि तीस फीट चौड़ाई का रास्ता है तथा खसरा संख्या 776 जो कि दस फीट चौड़ाई का रास्ता है उसको कब्जा मुक्त कराने में नगर पालिका परिषद मिलक विफल है और यह भी एक सच्चाई कि अगर इन दोनों ही रास्तों पर किसी गरीब व्यक्ति का कब्जा होता तो उसे अब तक हटा दिया गया होता लेकिन सत्ताधारी नेताओं के आगे नगर पालिका परिषद मिलक नतमस्तक है और वह सरकारी रास्तों को खाली नहीं करा पा रही है।

प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर जल्द ही दोनों रास्तों को कब्जा मुक्त नहीं कराया गया तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होगी।

# तहसील में खराब पड़े प्याऊ की एसडीएम से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/रामपुर।** शनिवार को उप जिलाधिकारी शाहबाद हिमांशु उपाध्याय की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया इस दौरान तहसीलदार शाहबाद राकेश कुमार चन्द्रा ,नायब तहसीलदार हरीश जोशी, पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षिता सिंह व खंड विकास अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से शिकायतों को सुना इस दौरान बार एसोसिएशन शाहबाद के सदस्य सैय्यद शाह आलम एडवोकेट, रिंकू यादव एडवोकेट, मंगल पांडे एडवोकेट, विजय सिंह एडवोकेट, अंकित पांडे एडवोकेट, शिशुपाल एडवोकेट ,अमरपाल सिंह एडवोकेट, सत्येंद्र यादव एडवोकेट, प्रदीप यादव एडवोकेट, निखिल कुमार एडवोकेट, आदि ने तहसील में काफी समय से खराब पड़े प्याऊ की शिकायत एसडीएम शाहबाद से की प्रार्थना पत्र में बताया गया की प्याऊ में लगा फ्रीजर काफी दिनों से खराब है गर्मी का मौसम आ चुका है अधिवक्ता तथा वादका. रियों को शुद्ध व ठंडे जल की जरूरत होगी काफी समय से खराब पड़े फ्रीजर को सही कराया जाए जिससे दूर-दराज से आने वाले वादकारियों को ठंडा व शुद्ध जल मिल सके।

## नाम परिवर्तन सूचना

**मेरा नाम पासपोर्ट में Nasiyet Ali S/o Mashiyat Ali (नसीयत अली पुत्र मशीयत अली ) है जो गलत है। मेरा सही नाम Nasiyet Ali S/o Masiyet Ali (नसीयत अली पुत्र मसीयत अली) है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।**
**नसीयत अली पुत्र मसीयत अली**
**मोहल्ला सादात शाहबाद**
**जिला रामपुर ( उत्तर प्रदेश )**

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनी जन समस्याएं

## मौके पर आई 22 शिकायतों में से 4 का मौके पर ही निस्तारण




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलासपुर/रामपुर।** शनिवार को जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की उपस्थिति में तहसील सदर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 22 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों/समस्याओं को सुना तथा विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतों को सम्बन्धित विभागीय अधिकारी को बुलाकर निर्धारित समय सीमा के भीतर व गुणवत्तापूर्ण ढ़ंग से शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, नगर पालिका, विद्युत आदि विभागों की शिकायतें प्राप्त हुई। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों एवं खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक लिया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने विकास खण्ड चमरौआ के 10 लाभार्थियों को फैमली आईडी कार्ड वितरित किए।

कानून व्यवस्था से सम्बन्धित मामलों की सुनवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों/थानाध्यक्षों को निर्देश दिए कि प्रत्येक मामलों में मौके पर जाकर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

तहसील शाहबाद में मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 15 शिकायतें प्राप्त हुई और 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

इसी प्रकार तहसील मिलक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) हेम सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 17 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील टाण्डा में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डा. नितिन मदान की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 18 शिकायतें प्राप्त हुई और 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील बिलासपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 12 शिकायतें प्राप्त हुई और 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

इसके अतिरिक्त तहसील स्वार में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 10 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

# कोसी पुल के बन्द होने से लोगों को हुई परेशानी

**वाहनों का पुल से आवागमन किया बन्द दोनों ओर की बेरीकेटिंग**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** कोसी पुल के बन्द होने से नगर सहित क्षेत्र के लोगो की परेशानी बड़ गई है पुल का मुरम्मत का मुरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है जिसकी वजह से वाहन चालक व यात्रीगण को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस ने मानपुर चेक पोस्ट मुंशीगंज तिराहा व दढ़ियाल तिराहे तिराहे पर बेरीकेटिग कर वाहनों का पुल पर आवागमन बन्द कर दिया है टांडा बाजपुर मार्ग पर बने दड़ियाल कोसी पुल काफी दिनो से क्षतिग्रस्त था जिसकी शिकायत विधायक शफीक अंसारी द्वारा की गई जिसको लेकर कोसी पुल का निर्माण कार्य विभाग द्वारा शुरू कर दिया गया है। निर्माण कार्य शुरू होने से पुल पर वाहनो का आवागमन पुर्ण रूपसे बन्द कर दिया गया है जिसकी वजह से वाहन चालको को काफी मुशक्कत का सामना करना पड़ा। मुरादाबाद जाने वाले वाहन चालको को मुंशीगंज तिराहे से स्वार रामपुर होकर मुरादाबाद जाना पड़ रहा है वही बाजपुर जाने वाले वाहन चालकों को परमानन्दपुर से होकर बाजपुर जाना पड़ रहा है दोनो ही तरफ पुलिस ने बेरीकेटिगं कर रखी है जहा दुपहिया वाहनो का भी आना जाना बन्द कर रखा है। बताया गया है कि कोसी पुल का निर्माण कार्य लग भाग एक माह चलेगा तब तक पुल पर वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से बन्द रहेगा।

विभाग द्वारा छोटे चार व दो पहिया वाहनों के निकलने के लिए कोई वैकल्पिक रास्ता नही बनाया गया है जब कि ज्यादातर परेशी छोटे वाहन चालकों हो रही है। नगर सहित क्षेत्र के लोगों ने जिला अधिकारी से मांग की है कि कोसी पुल पर छोटे वाहनो के निकलने के विभाग द्वारा वैकल्पिक रास्ता बनवाया जाये जिससे छोटे वाहन चालकों को परेशानी न हो।

# आठवीं नवरात्रि को भक्तों ने कन्याओं को खीर पूरियों से जिमाकर खोला उपवास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर व आसपास क्षेत्रो में भक्तों ने आठवीं देवी माता महागौरी की भक्ति भाव से पूजा अर्चना कर कन्याओं को खीर पूरी हलवा पूरी से जिमाया ओर कन्याओं को चुनरी उड़ाकर फल दक्षिणा आदि सप्रेम भेंट प्रदान कर उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। क्योंकि कन्याओं को देवी का स्वरूप माना जाता है माना जाता है कि नवरात्रि में आठवें दिन महागौरी शक्ति की जाती है इनका रूप गौर वर्ण है इनकी उपमा शंख चन्द्र और कुंद के फूल से दी गई है अष्टवर्षा भवेद गौरी यानी इनकी आयु आठ वर्ष की मानी गई है। इनके सभी आभूषण और वस्त्र सफेद है इसलिए उन्हें श्वेतांबरधरा कहा गया है। इनकी चार भुजाएं और वाहन वृषभ है इसलिए वृषारूढ़ा भी कहा गया है इनके ऊपर वाला दाहिना हाथ अभय मुद्रा है तथा नीचे वाला हाथ त्रिशूल धारण किया हुआ है। ऊपर वाले वाय हाथ में डमरू धारण किए है तथा नीचे बाले हाथ में वर मुद्रा है इनकी पूरी मुद्रा बहुत शांत है पति रूप में शिव को प्राप्त करने के लिए माता महागौरी ने कठोर तपस्या की थी। इसी कारण इनका शरीर काला पड़ गया लेकिन तपस्या से प्रसन्न भगवान शिव ने इनके शरीर को गंगा के पवित्र जल से धोकर कान्तिमय बना दिया ये महागौरी कहलाई ये अमोघ फलदायिनी है और इनकी पूजा से भक्तों के तमाम कल्मष धुल जाते हैं पूर्व संचित पाप भी नष्ट होते है। महागौरी का पूजन अर्चन उपा. सना आराधना कल्याणकारी है इनकी कृपा से अलौकिक सिद्धियां भी प्राप्त होती है वहीं कन्याओं को भोजन जिमाने के लिए भक्तों ने प्रात:काल से ही अपने अपने घर बुलाकर ले जाकर बड़े ही भक्ति भाव से उन्हें जिमाया कही कही कन्याओं का मिलना बड़ा ही कठिन पड़ा तथा आठवीं नवरात्रि को पुलिस प्रशासन भी मंदिरों पर अलर्ट रहा।

# फांसी के फंदे पर झूलता मिला टेलर का शव, परिवार में मचा कोहराम




मृतक का फाइल फोटो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** नगर निवासी टेलर मास्टर का शव अपनी ही सिलाई की दुकान मे फांसी के फंदे पर झूलता मिलने से परिवार मे को. हराम मच गया। वहीं मोहल्ले मे दुकान पर फांसी के फंदे पर झूलते शव की जानकारी मिलने पर अफरा तफरी मच गई दुकान पर भीड़ जमा हो गई सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज अजय कुमार मिश्रा मौके पर पहुंच गए और उच्च अधिकारियों को अवगत कराया। सी.ओ. अतुल कुमार पांडे व कोतवाल कुलदीप सिंह ने मौका मुआयना कर शव कब्जे मे कर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। सरफराज 23 पुत्र भूरा मोहल्ला इस्लाम नगर बार्ड 13 की मोहल्ले मे ही ईदगाह रोड पर सिलाई की दुकान है शुक्रवार की रात से वह घर नही पहुंचा तब उसकी मां को उसकी चिन्ता हुई जब उसकी मां ने शनिवार की सुबह दुकान पर जाकर देखा तब बाहर के ताले खुले पड़े थे और शटर अन्दर से बन्द था। उसने आवाज लगाई तो अन्दर से कोई जवाब नही आया और ना ही शटर खुला शोर शराबा सुनकर आस पास के लोग भी आ गये काफी देर तक शटर बजाते रहे लेकिन शटर नही खुला वहां मौजूद लोगों सब्बल डाल कर लोक खोला तो देखा टेलर मास्टर का शव फांसी के फंदे पर झूल रहा था। यह माजरा देख चीख पुकार मच गई सूचना पाकर सीओ अतुल कुमार पांडे कोतवाल कुलद. ीप सिंह चौकी इंचार्ज अजय कुमार मिश्रा मौके पर पहुंच गए और शव नीचे उतारकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है युवक की मौत से परिवार मे को. हराम मचा हुआ है परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

# मुख्य मार्ग से वार्ड नं. 13 में जाने वाली पुलिया के क्षतिग्रस्त होने से नागरिक परेशान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** मुख्य मार्ग के से बार्ड नम्बर 13 मे जाने वाले रास्ते पर काफी समय से पुलिया क्षतिग्रस्त हुई पडी है जिसको नगर पंचायत प्रशासन सही कराने का नाम नही ले रहा है। पुलिया टूटी होने के कारण चौपहिया व दो पहिया वाहन चालको को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई मोटरसाइकिल सवार पुलिया टूटी होने के कारण गिर कर चोटिल हो चुके है वही स्कूल जाने वाले बच्चो को भी पुलिया टूटी होने कारण गिरने का खतरा बना रहता है जहा एक तरफ पुलिया टूटी होने से मोहल्ले वाले परेशान वही आने जाने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है मोहल्ले के ही अता हुसैन रहीस मोअज्जम मोहम्मद गुफरान मोहम्मद शफी आरिफ जरीफ शकील आदि ने जिला अधिकारी को पत्र भेजकर पुलिया को सही कराने की मांग की है।

## माता बेला भवानी मंदिर पर सोमवार को होगा विशाल भंडारे का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर निवासी प्रेमकुमार जोशी उर्फ भीम जोशी ने बताया की नगर में महाभारत कालीन से स्थित माता बेला भवानी मंदिर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोमवार तिथि दसवीं को मंदिर परिसर में प्रात: आठ बजे हवन प्रारंभ क्या जाएगा। उसके उपरांत कन्याओं को भोजन कराकर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जोकि प्रभु इच्छा तक चलेगा जिसमें अधिक से अधिक माता के भक्त मंदिर पर पहुंचकर माता के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण करे।

# बाइक टेपो की टक्कर में दो घायल, एक रेफर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** बाइक टेंपो की टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। शाहबाद के मोहल्ला फर्राशन निवासी 26 वर्षीय सुभाष पुत्र रमेश 22 वर्षीय राजकुमार पुत्र मलखान सिंह। रंग पुताई का कार्य करते हैं। आज भी काम के सिल. सिले में अपनी बाइक से सैफनी थाना क्षेत्र के ग्राम खारसोल जा रहे थे। बड़ागांव चौराहा से निकलते ही बाइक चला रहा सुभाष अपना संत. ुलन खो बैठा और सामने चल रहे टेंपो में बाइक जा घुसी सुभाष राज. कुमार दोनों सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए बाइक की टक्कर से टेंपो में बैठी सबारी चीख पुकार मचाने लगे तभी घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और घायलों को उठाकर उधर से गुजर रही 108 एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद पहुंचाया। डॉक्टर ने घायलों को प्राथमिक उपचार दिया। और सुभाष की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रामपुर रेफर कर दिया घटना की जानकारी परिजनों को मिली परिजन भी साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचे।

# जेएनआई स्कूल में मनाया गया स्थापना दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद /रामपुर।** शुक्रवार को शाहबाद तहसील क्षेत्र के केसरपुर रोड स्थित को जे एन आई अकैडमी जूनियर हाई स्कूल में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ स्कूल का स्थापना वर्ष स्कूल के सभी अध्यापक तथा अध्यापिका और बच्चों ने केक काटकर ओर पटाखे फोड़ कर खूब खुशी के साथ मनाया स्कूल प्रबंधक ने अपनी बात रखते हुए कहा ये स्कूल सभी अध्यापकों के सहयोग से तथा ग्राम वासियों के सहयोग से यह स्कूल पिछले 8 वर्षों से सेवाएं दे रहा है उम्मीद है आगे भी इसी प्रकार से सेवाएं देते रहेंगे इस मौके पर प्रबंधक इलियास मलिक, निदेशक नियामत रसूल, प्रधानाचार्य विनय कुमार, प्रेम सिंह आदि समस्त अध्यापक मौजूद रहे।

# शराब की दुकान बंद कराने को एसडीएम से की शिकायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/ रामपुर।** शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में संपूर्ण समाधान दिवस के अध्यक्ष उत्तराधिकारी शाहबाद हिमांशु उपाध्याय को जामा मस्जिद कमेटी के सदर सैयद सरफराज अली के नेतृत्व में ईदगाह कमेटी के सदस्य व नगर में रहने वाले लोगों शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर एसडीम से शिकायत की है कि बिलारी बस स्टैंड के पास स्थित ईदगाह के बराबर से शराब की दुकान खोली गई है जो कि नियम विरुध है साथ ही वहां असामाजिक तत्वों के एकत्र होने तथा शराब पीने से किसी भी तरह की माहौल बिगड़ने की आशंका है।

ईदगाह के बराबर शराब की दुकान खुलने से मुसलमान में रोश व्याप्त है। ईदगाह के बराबर से खोली गई शराब की दुकान को शीघ्रातिशीघ्र वहां से हटवाया जाए। इस दौरान सेक्रेटरी सैयद इंतखाब अली, शरीफ,लायक अली, राहिल खान, मोहब्बत मियां, अरशद अली अफजल जिलानी सिफत मियां, आदि मौजूद रहे।



# हितेश मुक्केबाजी विश्व कप के फाइनल में

● हितेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पेरिस 2024 ओलंपियन फ्रांस के माकन को 5-0 से हराया

**फोज डू इगुआकु (ब्राजील), वार्ता।** भारतीय मुक्केबाज हितेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पेरिस 2024 ओलंपियन फ्रांस के माकन ट्रोरे को 5-0 से हराया और गुरुवार को यहां विश्व मुक्केबाजी कप ब्राजील 2025 में पुरुषों के 70 किग्रा वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया।

शानदार सामरिक अनुशासन का प्रदर्शन करते हुए मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन इस साल के विश्व मुक्केबाजी कप सीरीज के पहले संस्करण के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज बन गए। हितेश अब स्वर्ण पदक के लिए इंग्लैंड के ओडेल कामारा से भिड़ेंगे। भारतीय मुक्केबाज ने सावधानी से शुरुआत की और जवाबी हमले की रणनीति अपनाई, जिससे उन्हें सेमीफाइनल मुकाबले में निरंतरता बनाए रखने में मदद मिली। अंतिम दौर में पेनल्टी के बावजूद जजों ने सर्वसम्मति से हितेश को 5-0 से जीत दिलाई। अन्य भारतीय मुक्केबाजों में बहादुरी से मुकाबला करने के बावजूद जदुमणि सिंह मंडेंगबाम 50 किग्रा के सेमीफाइनल में पूर्व एशियाई अंडर-22 चैंपियन उज्बेकिस्तान के असिलबेक जलीलोव से 2-3 से हार गए। 90 किग्रा और 60 किग्रा वर्ग में विशाल और सचिन क्रमशः उज्बेकिस्तान के तुराबेक खाबीबुल्लाव और पोलैंड के पावेल ब्राच से हार गए। कई ओलंपियन सहित 19 देशों के 130 से अधिक मुक्केबाज विश्व मुक्केबाजी कप ब्राजील 2025 में भाग ले रहे हैं।भारत केवल 10 पुरुष भार वर्गों में एक टीम उतार रहा है। विश्व मुक्केबाजी कप के अगले दो चरण कजाकिस्तान (जून-जुलाई) और भारत (नवंबर) में आयोजित किए

# पंत पर लगा जुर्माना

● धीमे ओवर गति के लिए 12 लाख का लगा जुर्माना



**लखनऊ, वार्ता।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान ऋषभ पंत पर शुक्रवार रात यहां भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 16वें मैच में उनकी टीम द्वारा धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है।

आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के तहत उनकी टीम पर धीमे ओवर गति के लिए ऋषभ पंत पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इस बीच एलएसजी के गेंदबाज दिग्वेश सिंह पर शुक्रवार को एकाना स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए उनकी मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह इस सीजन में अनुच्छेद 2-5 के तहत उनका दूसरा लेवल 1 अपराध था, और इसलिए, उन्होंने दो डिमेरिट अंक अर्जित किए हैं, इसके अलावा एक डिमेरिट अंक उन्होंने एक अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ एलएसजी के मैच के दौरान अर्जित किया था। आचार सं. हता के लेवल 1 उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है।

# बैटिंग ट्रैक पर हार के सिलसिले को रोकने के इरादे से उतरेगी हैदराबाद



■ हैदराबाद घरेलू परिस्थितियों के समर्थन का फायदा उठाने की कोशिश करेगी

**हैदराबाद, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के रविवार को खेले जाने वाले अहम मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) अपनी हार के सिल. सिले को रोकने के लिए रविवार को गुजरात टाइटन्स (जीटी) के खिलाफ अपने शानदार घरेलू रिकॉर्ड पर भरोसा करेगी।

राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पैट कमिंस की अगुवाई वाली टीम ने यहां अपने पिछले पांच मैचों में से चार में जीत हासिल की है मगर मौजूदा सत्र में लगातार तीन हार के बाद टीम वापसी करने के लिए घरेलू परिस्थितियों और प्रशंसकों के समर्थन का फायदा उठाने की को. शिश करेगी। शीर्ष क्रम की विफलता और निराशाजनक गेंदबा. जी से एसआरएच बेचैन है और उसके लिए घरेलू मैदान में प्रतिकूल परिस्थितियों को बेहतर का बेहतरीन मौका है। इसके विपरीत, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर आठ विकेट की जीत हासिल कर चुकी गुजरात का इरादा जीत की हैट्रिक को पूरा करने का होगा।

शुभमन गिल की अगुआई में जीटी अपनी बढ़त को जारी रखना चाहेगी, हालांकि उन्हें लीग में सबसे बेहतरीन बल्लेबाजी ट्रैक पर एसआरएच की बल्लेबाजी लाइन. अप का मुकाबला करने की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। एसआरएच का बल्लेबाजी क्रम दमदार है, लेकिन इस सीजन में इसमें निरंतरता की कमी रही है। ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा अभी तक फॉर्म में नहीं हैं, जबकि ईशान किशन का स्ट्राइक रेट औसत से कम रहा है। हेनरिक क्लासेन लाइनअप में कुछ सकारात्मक खिलाड़ियों में से एक हैं, नीतीश कुमार रेड्डी और कामिंडू मेंडिस के साथ मध्य ओवरों में अहम भूमिका निभाएंगे। पैट कमिंस और अनिकेत वर्मा निचले मध्य क्रम में गहराई जोड़ते हैं। गेंदबाजी के मोर्चे पर, एसआरएच ने संघर्ष किया है। मोहम्मद शमी और कमिंस ने शुरुआती सफलता नहीं दिलाई है, जबकि जीशान अंसारी और मेंडिस की अगुआई में स्पिन आक्रमण में कमी आई है। हर्षल पटेल और सिम. रजीत सिंह को आगे आकर खेलना होगा, खासकर ऐसी पिच पर जो तेज गेंदबाजों के लिए बहुत कम मददगार हो। दूसरी ओर, जीटी का शीर्ष क्रम अच्छी स्थिति में है। पिछले मैच में जोस बटलर के आक्रामक 73 रन और साई सुदर्शन की निरंतरता ने शीर्ष पर मजबूती प्रदान की है। गिल शेरफेन रदरफोर्ड और शाहरुख खान की मौजूदगी वाला मध्य क्रम तेजी से आगे बढ़ने की क्षमता रखता है। गें. दबाजी जीटी की कमजोरी बनी हुई है। कगिसो रबाडा के बाहर होने के बाद मोहम्मद सिराज और अरशद खान को नई गेंद की जिम्मेदारी संभालनी होगी, जबकि राशिद खान का खराब फॉर्म चिंता का विषय है। साई किशोर और प्रसिद्ध कृष्णा को बीच के ओवरों में रन गति को नियंत्रित करने का काम सौंपा जाएगा। राजीव गांधी स्टेडियम की पिच बल्लेबाजी के लिए स्वर्ग होने की उम्मीद है। पिछले दो सत्रों में पहली पारी में औसतन 200 से अधिक का स्कोर रहा है, इसलिए रनों की बरसात होने की संभावना है। स्पिनरों को दूसरे हाफ में कुछ मदद मिल सकती है। मौसम का पूर्वानुमान साफ है, बारिश की कोई उम्मीद नहीं है। ओस के कारण कोई समस्या नहीं होने के कारण, दोनों कप्तान पहले बल्लेबाजी करके चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने का प्रयास करेंगे। इस मैदान पर रोशनी में लक्ष्य का पीछा करना मुश्किल साबित हुआ है, खासकर जब पारी के अंत में स्पिन की भूमिका आती है। गुजरात ने एसआरएच के खिलाफ अपने तीन मैचों में दो में जीत हासिल की है, जबकि एक मैच का कोई नतीजा नहीं निकला है। हालांकि, इस मैदान का इतिहास घरेलू टीम के पक्ष में है। गुजरात टाइटन्स इस मैच में आत्मविश्वास के साथ उतरेगी, लेकिन बल्लेबाजी के लिए अनुकूल सतह और घरेलू मैदान पर मजबूत रिकॉर्ड के साथ, सनराइजर्स हैदराबाद पसंदीदा के रूप में शुरुआत करेगी।

**सनराइजर्स हैदराबाद (संभावित एकादश):** पैट कमिंस (कप्तान), अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, नितीश कुमार रेड्डी, हेनरिक क्लासेन (विकेट कीपर), कामिंडू मेंडिस, अनिकेत वर्मा, मोहम्मद शमी, हर्षल पटेल, सिम. रजीत सिंह, जीशान अंसारी, ट्रैविस हेड (इम्पैक्ट प्लेयर)।

**गुजरात टाइटन्स (संभावित एकादश) :** शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, जोस बटलर (विकेट कीपर), शाहरुख खान, राहुल तेवतिया, अरशद खान, राशिद खान, आर साई किशोर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, ईशांत शर्मा, शेरफेन रदरफोर्ड (इम्पैक्ट प्लेयर)।

## जम्मू-कश्मीर का तैराकी दल मोहाली के लिए रवाना

**जम्मू, वार्ता।** जम्मू-कश्मीर से पांच सदस्यीय तैराकी दल सातवें मास्टर्स नेशनल गेम्स में भाग लेने के लिए शनिवार को मोहाली के लिए रवाना हुआ। जम्मू-कश्मीर मास्टर्स गेम्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रंजीत सिंह ने कहा कि मास्टर्स नेशनल गेम्स में भाग लेने के लिए जम्मू से पहला मास्टर्स तैराक दल डेविड संधू के मार्गदर्शन में शनिवार को मोहाली के लिए रवाना हुआ। एसोसिएशन ने यहां एक समारोह में दल को विदाई दी और अन्य सदस्यों नीते कौर खलासा, रोमेश शर्मा, विनय सराफ, सोमराज, ममता बजाज और रामेश्वर की उपस्थिति में उन्हें भाग लेने के लिए शुभकामनाएं दीं। तैराकी टीम में डेविड (46 वर्ष से अधिक), रुद्राक्ष (30 वर्ष से अधिक), राजेश सिंह (36 वर्ष से अधिक), कुलभूषण (72 वर्ष से अधिक) और प्रगुण (30 वर्ष से अधिक) शामिल हैं।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## आरआर ने पीबीके को 206 रन का लक्ष्य दिया

**पंजाब ने 4 विकेट गंवाए कुमार कार्तिकेय ने प्रभसिमरन सिंह को पवेलियन भेजा**

**मुल्लांपुर, वार्ता।** राजस्थान रायल्स (आरआर) ने आईपीएल-2025 के 18वें मैच में पंजाब किंग्स (पीबीके) को 206 रन का टारगेट दिया है। मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर बालिंग चुनी। राजस्थान ने 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 205 रन बनाए। यह इस स्टेडियम में सबसे बड़ा आईपीएल स्कोर है। पंजाब ने 6.2 ओवर के बाद 4 विकेट खोकर 43 रन बना लिए हैं। टीम से नेहल वधेरा पिच पर हैं। कुमार कार्तिकेय ने प्रभसिमरन सिंह (17 रन) को जोफ्रा आर्चर के हाथों कैच कराया। संदीप शर्मा ने मार्कस स्टोयनिस (1 रन) को पवेलियन भेजा। जोफ्रा आर्चर ने प्रियांश आर्या और श्रेयस अयय्र को बोल्ड किया। अयय्र ने 10 रन बनाए, प्रियांश खाता भी नहीं खोल सके। 5वें ओवर में नेहल वधेरा को जीवनदान मिला। मथीश तीक्षणा के ओवर की चौथी बाल पर ध्रुव जुरेल से कैच ड्राप हो गया। नेहल ने स्लोअर बाल पर लेग की ओर खेला था। जुरेल और पराग कैच लेने के लिए आगे आए, लेकिन कन्फ्यूजन में कैच नहीं कर सके। पंजाब किंग्स ने चौथे ही ओवर में तीसरा विकेट गंवा दिया। संदीप शर्मा ने ओवर की तीसरी गेंद पर मार्कस स्टोयनिस को पवेलियन भेजा। संदीप ने उन्हें काट एंड बोल्ड किया। स्टोयनिस 7 गेंद पर 1 ही रन बना सके। पंजाब किंग्स ने पहली ही गेंद पर विकेट गंवा दिया। जोफ्रा आर्चर ने प्रियांश आर्या को गुड लेंथ बाल पर बोल्ड किया। आर्चर ने इस ओवर की आखिरी गेंद पर पंजाब के कप्तान श्रेयस अयय्र को भी बोल्ड किया।

# सीएसके लगातार तीसरा मैच हारी

● **दिल्ली ने चेपाक मैदान पर 25 रन से हराया, केएल राहुल ने 71 रन बनाए, विपराज को मिले दो विकेट**

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को आईपीएल-18 में लगातार तीसरे मुकाबले में पराजय झेलनी पड़ी है। टीम को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने 25 रन से हराया। यह दिल्ली की लगातार तीसरी जीत है। शनिवार के पहले मुकाबले में 184 रन का टारगेट चेज कर रही चेन्नई की टीम 20 ओवर में 5 विकेट पर 158 रन बना सकी। विजय शंकर 69 और एमएस धोनी 30 रन बनाकर नाबाद लौटे। दिल्ली से विपराज निगम को 2 विकेट मिले। मिचेल स्टार्क, मुकेश कुमार और कुलदीप यादव को एक-एक विकेट मिला। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग की। टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 183 रन बनाए। केएल राहुल ने 51 बाल पर 77 रन की पारी खेली। अभिषेक पोरेल ने 33, ट्रिस्टन स्टब्स ने नाबाद 24 और समीर रिजवी ने 20 रनों का योगदान दिया। खलील अहमद ने 2 विकेट लिए। चेन्नई-दिल्ली मैच का पूरा स्कोरबोर्ड दिल्ली ने लगातार तीसरा मैच जीता है। टीम 6 अंक के साथ पाइंट्स टेबल के टॉप पर पहुंच गई है। चेन्नई ने सीजन में लगातार तीसरा मैच गंवाया है। टीम 4 में से एक मैच ही जीत सकी है। सीएसके 8वें नंबर पर है। दिल्ली ने इस मुकाबले को 25 रनों से जीत लिया है। 184 रन का टारगेट चेज कर रही चेन्नई की टीम 20 ओवर में 5 विकेट पर 158 रन ही बना सकी। विजय शंकर 69 और एमएस धोनी 30 रन बनाकर नाबाद रहे। आखिरी ओवर डाल रहे मुकेश कुमार ने 15 रन खर्च किए। 17वें ओवर में विजय शंकर ने फिफ्टी पूरी कर ली। उन्होंने 43 बाल पर हाफ सेंचुरी लगाई। 15वें ओवर में चेन्नई ने 100 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया। । कुलदीप यादव के ओवर की तीसरी बाल पर विजय शंकर ने चौका लगाकर टीम को 100 पार पहुंचाया।

## सीएसके की खिलाड़ी डॉक्यूमेंट्री 'द मेकिंग ऑफ' लांच

**चेन्नई, वार्ता।** पांच बार आईपीएल जीतने वाली सीएसके ने 'द मेकिंग ऑफ' नाम से अपनी दूसरी खिलाड़ी डॉक्यूमेंट्री सीरीज़ लॉन्च कर दी है। सीरीज़ का दूसरा एपिसोड श्रीलंकाई गेंदबाज़ मथीशा पथिराना के जीवन यात्रा पर आधारित है। 'मेकिंग ऑफ' सीरीज़ टीम के स्टार खिलाड़ियों के जीवन पर गहराई से नज़र डालती है और बचपन से लेकर मैदान पर उनकी मौजूदा सफलता तक के सफ़र को दिखाती है। सीरीज का पहला एपिसोड सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर था। सीएसके की एक विज्ञप्ति के अनुसार, दर्शकों को पथिराना के बचपन के दिनों की झलक मिलेगी कि कैसे उन्होंने अपना अनूठा एक्शन विकसित किया और सीएसके और श्रीलंका की राष्ट्रीय टीम तक का उनका सफ़र कैसा रहा। पर्दे के पीछे की विशेष फुटेज, पथिराना, उनके परिवार और बचपन के कोचों के साथ साक्षात्कार के साथ, 'द मेकिंग ऑफ मथीशा पथिराना' प्रशंसकों को एक अद्वितीय गेंदबाजी एक्शन वाले व्यक्ति और उनकी सफलता की कहानी के बारे में एक अंतरंग दृश्य प्रदान करता है।

# दीदी मेरा बहुत साथ देती हैं: महिमा

■ **वर्तमान में अपनी बड़ी बहन कैप्टन सलीमा के साथ ट्रेनिंग कर रही है महिमा**

**बेंगलुरु, वार्ता।** हॉकी झारखंड के साथ सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीतने से लेकर सीनियर नेशनल कैंप में जगह बनाने तक महिमा टेटे के लिए पिछले कुछ सप्ताह शानदार रहे हैं।

21 वर्षीय महिमा वर्तमान में अपनी बड़ी बहन कैप्टन सलीमा टेटे सहित सीनियर खिलाड़ियों के साथ साई, बेंगलुरु में ट्रेनिंग कर रही हैं। ट्रेनिंग के दौरान सलीमा के साथ अपने अनुभव को साझा करते हुए महिमा ने कहाकिंमैं हमेशा अपनी बहन के नक्शेकदम पर चलना चाहती थी और अपने देश के लिए अच्छा प्रदर्शन करना चाहती थी। इसलिए अब जब मैं भी यहाँ हूँ, उसके साथ ट्रेनिंग कर रही हूँ, तो मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। जब मैं कुछ गलत करती हूँ, तो वह मेरे पास आती है और मुझे सुधारने के लिए मार्गदर्शन करती है। दीदी मेरा बहुत साथ देती है। महिमा ने यह भी कहा कि कैंप में शामिल होने से पहले उनकी बहन ने उन्हें कई महत्वपूर्ण जानकारी दी थी।

कि उसने मुझे कड़ी मेहनत करने और किसी भी चीज़ से पीछे न हटने के लिए कहा। उसने मुझे मैदान पर अपना 100 प्रतिशत देने के लिए कहा। शुरुआत में महिमा को 65 सदस्यीय कोर संभावित खिलाड़ियों के समूह में चुना गया था, लेकिन प्रशिक्षण और परीक्षण में उनके प्रभावशाली काम ने उन्हें दो अप्रैल को घोषित 40 सदस्यीय सूची में स्थान दिलाया। जब उनसे अब तक सीनियर खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षण के उनके अनुभव के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने जवाब दियाकिं यह मेरे द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले संयोजन से अलग है। सीनियर खिलाड़ियों के साथ अभ्यास करना अच्छा है और मैं बहुत खुश हूं कि मैं अभी सीनियर टीम में हूं, लेकिन मुझे उस स्तर तक पहुंचने के लिए बहुत मेहनत करनी होगी और सुधार करना होगा, जिसकी मुझे जरूरत है।

उन्होंने कहाकिं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए, हमें वास्तव में फिट और तेज होना चाहिए, इसलिए, हम सीनियर कैंप में बहुत कठिन प्रशिक्षण लेते हैं। महिमा 15वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान एक प्रभावशाली खिताब जीतने वाले अभियान के बाद सीनियर कैंप में शामिल हुई। मिडफील्डर ने हॉकी झारखंड के लिए सभी पांच मैच खेले और टूर्नामेंट में अपनी टीम के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# सिफत ने आईएसएसएफ विश्व कप में दिलाया पहला स्वर्ण पदक

● 50 मीटर राइफल-3 पोजिशन में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया

**अमृतसर, वार्ता।** गुरु नानक देव विश्वविद्यालय की प्रतिभाशाली एथलीट और बीपीईएस सेमेस्टर तीन की छात्रा और भारत की प्रसिद्ध निशानेबाज सिफत कौर समरा ने आईएसएसएफ विश्व कप 2025 में महिलाओं की 50 मीटर राइफल-3 पोजिशन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है।

यह जीत इस विश्व कप में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक है। सिफत की यह उपलब्धि उसकी निरंतर मेहनत, प्रतिभा और गुरु नानक देव विश्व. विद्यालय की शूटिंग कोच मिस राजविंदर कौर के अथक मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने भी सिफत को उसके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बधाई दी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर करमजीत सिंह ने सिफत की उल्लेखनीय जीत की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह स्वर्ण पदक हमारे देश में खेलों के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है और गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है। सिफत हमारे छात्रों के लिए एक आदर्श हैं, जो उन्हें सिखाती हैं कि कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से कुछ भी संभव है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विश्वविद्यालय ने लगातार खेलों में उत्कृष्टता हासिल की है और 25 बार अबुल कलाम आजाद ट्रॉफी जीती है। हाल ही में एथलीटों ने अंतर-विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिताओं में शीर्ष स्थान हासिल करके राष्ट्रीय स्तर पर पदक भी हासिल किए हैं। उन्होंने कहाकिंहमारे एथलीट एथलेटिक्स, हॉकी, शूटिंग और साइकिलिंग जैसे विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं। ये सभी उपलब्धियां हमारे कोचों की सामूहिक मेहनत का परिणाम हैं, जिसमें मिस राज. विंदर कौर जैसे समर्पित गुरु, एथलीट और खेल विभाग शामिल हैं। कुलपति ने कहा कि सिफत समरा की जीत सिर्फ एक पदक नहीं है, बल्कि एक संदेश है जो बड़े सपने देखने, कड़ी मेहनत करने और उन सपनों को हकीकत में बदलने के लिए प्रोत्साहित करता है।



# जयपुर पिंक कब्स ने जीता युवा ऑल स्टार्स चैंपियनशिप का खिताब




**हरिद्वार, वार्ता।** जयपुर पिंक कब्स ने युवा योद्धास को 35-29 से हराकर युवा ऑल स्टार्स का खिताब अपने नाम कर लिया।

हरिद्वार के वंदना कटारिया इंडोर स्टेडियम में युवा ऑल स्टार्स चैम्पियनशिप के फाइनल मुकाबले के शुरुआती दौर में दोनों टीमों 8-8 अंक से बराबरी पर थी, लेकिन फिर योद्धास ने पिंक कब्स को ऑल आउट कर 12-9 की बढ़त ले ली, जिसके चलते पहले हाफ में उत्तर प्रदेश की यह टीम 16-15 से आगे थी। दूसरे हाफ में भी दोनों टीमों ने जमकर मुकाबला किया और स्कोर 20-20 की बराबरी पर पहुंच गया। तभी अनिल की रेड ने जयपुर पिंक कब्स को युवा योद्धास पर ऑल आउट करने का मौका दिया, जिससे उन्हें चार अंकों की बढ़त मिल गई।

इसके बाद दोनों टीमों ने सफल रेड और टैकल से अंक बटोरे, लेकिन जयपुर पिंक कब्स ने अपनी बढ़त बनाए रखी और युवा योद्धास की वापसी की सभी कोशिशों को नाकाम कर दिया। जयपुर पिंक कब्स ने 25 रेड पॉइंट्स और 8 टैकल पॉइंट्स अर्जित किए, जबकि योद्धास ने 22 रेड पॉइंट्स और 5 टैकल पॉइंट्स हासिल किए। दोनों टीमों ने एक दूसरे को 2-2 बार ऑल आउट किया। खेल की सबसे अविस्मरणीय बात ये रही कि पूरे मुकाबले के दौरान कोई भी टीम एक भी सुपर रेड या सुपर टैकल नहीं कर सकी।

# IMF ने पाक में दूसरा भ्रष्टाचार निरोधक दल भेजा

## व्यय का आकलन और सुधार की सिफारिश करने के लिए काम करेगी टीम

**इस्लामाबाद, वार्ता**



**दल की पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार और जवाबदेही अदालत सहित 30 से अधिक सरकारी विभागों और संस्थानों के साथ गहन बैठकें होंगी**

**अंतर्राष्ट्रीय** मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भ्रष्टाचार, धन शोधन, व्यय का आकलन और सुधार की सिफारिश करने के लिए पाकिस्तान में दूसरा भ्रष्टाचार निरा. धक दल भेजा है।

'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की रिपोर्ट के अनुसार दूसरे भ्रष्टाचार निरोधक दल की चार अप्रैल से 14 अप्रैल तक पाकिस्तान में रहेगा। इस दौरान दल की पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार और जवाबदेही अदालत सहित 30 से अधिक सरकारी विभागों और संस्थानों के साथ गहन बैठकें होंगी। आईएमएफ टीम पाकिस्तान शुगर मिल्स एसोसिएशन (पीएसएमए) के साथ बैठक करेगी, ताकि मूल्यों में हेरफेर जैसे मामलों की चल रही जांच पर चर्चा की जा सके। जिसके कारण पाकिस्तान के प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीपी) ने मूल्य हेरफेर और कार्टेलाइजेशन के लिए एसोसिएशन पर अरबों रुपये का जुर्माना लगाया है। अब तक मिशन ने कराची में स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) के साथ बैठकें की हैं, जिसमें बैंकिंग क्षेत्र के विनियमन, संदिग्ध लेनदेन और धन शोधन के मुद्दों पर चर्चा की गई है। इससे पहले गत फरवरी में अपनी यात्रा के दौरान भ्रष्टाचार निरा. धक टीम ने न्यायिक नियुक्तियों और अन्य कानूनी मामलों पर चर्चा करने के लिए पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति याह्या अफरीदी से भी मुलाकात की थी। इस बार आईएमएफ मिशन न्यायिक दक्षता और न्यायाधीशों की जवाबदेही पर चर्चा करने के लिए एससीपी के रजिस्ट्रार से मुलाकात करेगा, और इन मामलों के न्यायिक संचालन पर अपडेट प्राप्त कर सकता है। मिशन पाकिस्तान सॉवरेन वेल्थ एक्ट में संशोधन पर भी चर्चा करेगा, जो पिछले आईएमएफ कार्यक्रम समीक्षा मिशन का हिस्सा था। आईएमएफ ने बजट निष्पादन, ट्रेजरी सिंगल अकाउंट और ऋण प्रबंधन से संबंधित मुद्दों को भी एक मिशन में शामिल किया है जो ज्यादातर आईएमएफ के भीतर कानूनी मामलों से निपटता है। मिशन का एक अन्य प्रमुख क्षेत्र पाकिस्तान का सूचना तक पहुंच का अधिकार है जो सरकार द्वारा करदाताओं से जानबूझकर जानक. ारी छिपाने के कारण बेहद कमजोर बना हुआ है। भ्रष्टाचार निरोधक दल इस क्षेत्र में सुधार की सिफारिश करेगा और अपने निष्कर्षों के आधार पर एक अंतिम रिपोर्ट तैयार करेगा, जिसे पाकिस्तान को जुलाई या अगस्त के अंत तक प्रकाशित करना होगा।

## अमेरिका ने गलती से यूक्रेनवासियों को ईमेल भेजकर देश छोड़ने को कहा

**वाशिंगटन।** ट्रम्प प्रशासन ने गलती से अमेरिका में रह रहे यूक्रेनी शरणार्थियों को देश छोड़ने के लिए कहा, क्योंकि उनकी कानूनी स्थिति रद्द कर दी गई है। यह ईमेल, संचार त्रुटि के कारण गलती से आंतरिक सुरक्षा विभाग द्वारा भेजा गया जिसमें उन्हें जाने के लिए कहा गया। सीबीएस न्यूज़ के अनुसार, तीन अप्रैल को भेजे गए नोटिस में लिखा था कि डीएचएस अब आपके पैरोल को समाप्त करने के लिए अपने विवेक का प्रयोग कर रहा है, जिसे बाइडन प्रशासन के अंतर्गत यूक्रेनी शरणार्थियों को अस्थायी पैरोल प्रदान किया गया था। इसमें आगे कहा गया कि अगर यह पहले समाप्त नहीं होता, तो आपकी पैरोल इस सूचना मिलने के सात दिनों बाद समाप्त हो जाएगी। यह स्पष्ट नहीं है कि कितने यूक्रेनवासियों को यह संदेश प्राप्त हुआ।




**नई दिल्ली। जंतर-मंतर पर फलस्तीन के लोगों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए विरोध करते छात्र।**

## स्पेन में शक्तिशाली तूफान के कारण गोदाम ढहने से तीन लोगों की मौत

**मैड्रिड।** दक्षिणी स्पेन में एक शक्तिशाली तूफान के कारण एक कृषि गोदाम ढह गया, जिससे वहां काम कर रहे तीन लोगों की मौत हो गई। स्थानीय आपातकालीन सेवाओं ने बताया कि उन्हें अंडालूसिया क्षेत्र में सेविले के पास डॉस हरमनोस शहर के पास घटना की जानकारी मिली। तूफान के कारण गोदाम की छत उड़ गई और इमारत ढह गई। अंदर काम कर रहे तीन लोगों की मौत हो गई। किसी अन्य के घायल होने की सूचना नहीं है। स्पेन के श्रम और सामाजिक अर्थव्यवस्था मंत्री ने कहा कि एक निरीक्षण दल घटना की जांच कर रहा है। सेविले के श्रमिक संघ, को. मिसियोनेस ओब्रेरास (श्रमिक आयोग) के सचिव कारमेन तिराडो ने कहा कि प्रतिकूल मौसम में कंपनियों को काम समायोजित या निलंबित करना कानूनी रूप से आवश्यक है, अन्यथा त्रासदियां हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेनी सशस्त्र बलों के 22 हजार सैनिकों ने जान गंवाई

**कुर्स्क।** रूस के कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेन की सशस्त्र सेनाओं के 22 हजार सैनिक अपनी जान गंवा चुके हैं। सेवर (उत्तर) समूह बल के सूत्रों के मुताबिक दुश्मन को कुल 72 हजार से अधिक लोगों का नुकसान हुआ, जिनमें से 22 हजार लोग मारे गए और 50 हजार से अधिक घायल हुए। ये आंकड़े चौंकाने वाले हैं। मार्च में, रूसी सेना ने कुर्स्क क्षेत्र में आक्रमण कर सुदज़ा और अन्य इलाकों को मुक्त कराया। वर्तमान में, उत्तरी समूह की सेना कुर्स्क क्षेत्र से यूक्रेनी समूहों को बाहर खदेड़ रही है।

### रूस के उप प्रधानमंत्री ने क्यूबा के राष्ट्रपति से मुलाकात की

**हवाना।** रूस के उप प्रधानमंत्री दिमित्री चेर्निशेंको ने क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज़-कैनेल से मुलाकात की है। दिमित्री क्यूबा की यात्रा पर हैं। डियाज़-कैनेल ने दिमित्री को यात्रा के लिए और साथ ही महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थलों का दौरा करने के लिए धन्यवाद दिया। क्यूबा के नेता ने कहा कि आज पूरी दुनिया में जो हालात हैं उन्हें देखते हुए हम आपकी यात्रा को विशेष महत्व देते हैं। इन सबके संदर्भ में हम संबंधों के विकास और हमारे सहयोग को मजबूत करने के साथ-साथ वर्तमान चुनौतियों का मिलकर मुकाबला करने के लिए इन संबंधों के महत्व पर विशेष ध्यान देते हैं।

### पापुआ न्यू गिनी के किम्बे में भूकंप के झटके

**पोर्ट मोरेस्बी।** पापुआ न्यू गिनी से 174 किमी दूर किम्बे पूर्व-दक्षिण-पूर्व में भूकंप के झटके महसूस किए गए है। अमरीकी भूवैज्ञानिक सर्वे (यूएसजीएस) ने बताया कि किम्बे, पापुआ न्यू गिनी से 174 किमी पूर्व-दक्षिण-पूर्व में अन्तर्राष्ट्रीय समय 20:04:41 पर आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7.2 मापी गई। भूकंप का केंद्र 6.18 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 151.59 डिग्री पूर्वी देशांतर पर 33.0 किमी की गहराई पर था।

# चीन ने अमेरिका में टिकटॉक सौदा खारिज किया

## चीनी वस्तुओं पर घोषित अमेरिकी आयात शुल्क के चलते लिया बड़ा फैसला



**बीजिंग/ लॉस एंजिल्स, वार्ता**

**लॉस एंजिल्स बंदरगाह जाने वाले कार्गो की मात्रा में 10% गिरावटः सेरोका**

**आयात शुल्क में जापान पर 24%, द. कोरिया 25% व चीन पर 34% का अतिरिक्त शुल्क शामिल**

**चीन** ने हाल ही में चीनी वस्तुओं पर घोषित अमेरिकी आयात शुल्क के कारण टिकटॉक की अमेरिकी परिसंपत्तियों को अलग करने के सौदे को मंजूरी नहीं दी है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यह सौदा दो अप्रैल तक काफी हद तक अंतिम रूप ले चुका था और इसमें सोशल मीडिया के अमे. रिकी परिचालन को एक नई अमेरिकी-आधारित कंपनी में बदलना शामिल था जिसमें अमेरिकी निवेशकों की बहुलांश हिस्सेदारी थी। इस सौदे में बाइटडांस की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत होती। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस सौदे को टिकटॉक के मौजूदा और नए निवेशकों, बाइटडांस और अमेरिकी अधिकारियों द्वारा पहले ही मंजूरी दे दी गई है। अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने खुलासा किया कि वह एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करेंगे जिससे टिकटॉक को अमेरिका में अगले 75 दिनों तक परिचालन जारी रखने की अनुमति मिल जाएगी। इसके अधिग्रहण की प्रगति के बारे में बात. चीत चल रही है। बाद में, टिकटॉक की चीनी मूल कंपनी बाइटडांस ने कहा कि वह वीडियो ऐप कंपनी के अमेरिका में संचालन से संबंधित चल रहे मुद्दे को हल करने के लिए संभावित तरीके पर अमे. रिकी सरकार के साथ चर्चा कर रही है। ट्रम्प ने बुधवार को पांच अप्रैल से अमेरिका में सभी आयातों पर 10 प्रतिशत आधार शुल्क लगाने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए जबकि उन देशों और क्षेत्रों पर उच्च, पारस्परिक शुल्क लगाए गए जिनके साथ अमेरिका का सबसे बड़ा व्यापार घाटा है, नौ अप्रैल से प्रभावी होंगे।

एनबीसी न्यूज ने बताया कि ट्रम्प की पारस्परिक शुल्क की घोषणा ने टिकटॉक के अमे. रिकी डिवीजन के लिए एक सौदे को बाधित कर दिया जिसे पहले ही चीनी सरकार द्वारा अनुमोदित किया जा चुका था। वहीं अमेरिका में सबसे बड़े बंदरगाह लॉस एंजिल्स बंदरगाह के कार्यकारी निद. ेशक जीन सेरोका ने आयात शुल्क पर चिंता जताते हुए चेतावनी दी है कि इससे इस साल के अंत में बंदरगाह से होकर जाने वाले कार्गो की मात्रा में 10 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है।

सेरोका ने अमेरिकी डिजिटल समाचार पत्र पोलिटिको को दिए साक्षात्कार में कहा कि हमें कनाडा से लकड़ी, मेक्सिको से उपकरण, चीन से एल्युमिनियम, स्टील, तांबा और फर्नीचर की जरूरत है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि कल की घोषणा में इन सभी वस्तुओं और अन्य वस्तुओं पर अब तक का सबसे अधिक कर लगाया गया है तथा बंदरगाहों पर कोई भी मंदी एल-ए-क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को गहराई तक प्रभावित करेगी। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि इस साल की दूसरी छमाही में हम कार्गो में गिरावट देखना शुरू कर देंगे। मुझे लगता है कि लॉस एंजिल्स में देश के सबसे बड़े बंदरगाह पर यह गिरावट कम से कम 10 प्रतिशत होगी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को नए शुल्कों की घोषणा की जिसमें पांच अप्रैल से शुरू होने वाले सभी आयातों पर 10 प्रतिशत बेसलाइन टैरिफ लगाया गया और उन व्यापारिक साझेदारों पर व्यक्तिगत पारस्परिक उच्च दरें लगाई गईं जिनके साथ अमेरिका का 'सबसे बड़ा व्यापार घाटा है' जो 09 अप्रैल से लागू होगा। आयात शुल्क में जापान पर 24 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया पर 25 प्रतिशत और चीन पर 34 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क शामिल था।

इसके अतिरिक्त चीन का नया टैरिफ ट्रम्प द्वारा तथाकथित फेंटेनाइल मुद्दे पर चीन पर लगाए गए 20 प्रतिशत टैरिफ के अतिरिक्त लगाया गया था। इससे चीन पर अमेरिकी टैरिफ बढ़कर 54 प्रतिशत हो गया। लॉस एंजिल्स काउंटी आर्थिक विकास की एक रिपोर्ट के अनुसार व्यापार, परिवहन और उपयोगिता क्षेत्र एल-ए-काउंटी के सबसे बड़े रोजगार समूहों में से एक है जिसने पिछले साल अनुमानित 830000 श्रमिकों को रोजगार दिया था। लॉस एंजिल्स के बीकन इकोनॉमिक्स के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार सलाहकार अर्थशास्त्री जॉक ओ' कॉनेल ने कहा कि बंदरगाहों पर और बंदरगाहों से इनलैंड एम्पायर तक जाने वाली आपूर्ति श्रृंखला में रोजगार के अवसर कम होंगे जहां हर दिन बड़ी संख्या में कंटेनर संसाधित किए जाते हैं।

# डोनाल्ड ट्रम्प ने तीन देशों के साथ टैरिफ वार्ता शुरू की


**वाशिंगटन, वार्ता**

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वियतनाम, भारत और इजरायल के प्रतिनिधियों के साथ आयातित वस्तुओं पर हाल ही में लगाए गए टैरिफ के संबंध में बात. चीत की है। रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाले से कहा गया है कि ट्रम्प अलग-अलग व्यापार सौदों पर बातचीत करने के लिए देशों के प्रतिनिधियों के संपर्क में हैं, जिससे अगले सप्ताह की समय-सीमा से पहले प्रस्तावित टैरिफ में नरमी लाई जा सके।

गौरतलब है कि बुधवार को, ट्रम्प ने पांच अप्रैल से अमेरिका में सभी आयातों पर 10 प्रतिशत बेस टैरिफ लगाने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जबकि जिन देशों और क्षेत्रों के साथ अमेरिका का सबसे बड़ा व्यापार घाटा है, उन पर उच्च, पारस्परिक टैरिफ नौ अप्रैल से लागू होंगे। कुछ देशों ने टैरिफ वृद्धि के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने के अपने इरादे पहले ही घोषित कर दिए हैं, जिसमें चीन ने कहा है कि वह 10 अप्रैल से संयुक्त राज्य अमेरिका से सभी आयातों पर 34 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा, जिसके बाद, अमेरिकी शेयर बाजार में दो दिनों में 6-6 खरब डॉलर का नुकसान हुआ, जो इतिहास की सबसे बड़ी गिरावट है। वहीं अमेरिका में संघीय सरकार में रोजगार घटने के बावजूद इस साल मार्च में करीब 228000 नौकरियां निकाली गई हैं, जबकि बेरोज़गारी दर 4.2 प्रतिशत तक बढ़ गई। श्रम विभाग के श्रम सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार, स्वास्थ्य देखभाल, सामाजिक सहायता, परिवहन और गोदामों में रोजगार में वृद्धि हुई। खुदरा व्यापार में भी रोजगार बढ़ा। रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी में 11 हजार नौकरियों के नुकसान के बाद मार्च में संघीय सरकार में चार हजार नौकरियां कम हुईं और यह कि वे कर्मचारी जो वेतन पर छुटी पर हैं या निरंतर टुकड़ों में वेतन प्राप्त कर रहे हैं, उन्हें भी नियोजित माना जाता है। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के तहत संघीय कार्यबल में लगातार कटौती की जा रही है, जिससे आने वाले महीनों में यह डेटा नकारात्मक रूप से प्रभावित हो सकता है। मार्च में, निजी गैर-खेत क्षेत्र में काम करने वाले सभी कर्मचारियों की औसत घंटा दर नौ सेंट, यानी 0.3 प्रतिशत बढ़कर 36.00 अमेरिकी डॉलर हो गई।

# अफगान नागरिकों को जबरन वापस भेजने का विरोध

## खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री आसिफ अली गंदापुर ने इस्लामाबाद के फैसले पर किया एजराज



**अफगान शरणार्थियों के साथ हमारे सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंध हैं**

**इस्लामाबाद, वार्ता**

**पाकिस्तान** के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मुख्यमंत्री आसिफ अली गंदापुर ने देश में रहने वाले अफगान नागरिकों को अधिकारियों द्वारा जबरन अफगानिस्तान वापस भेजने की निंदा की है। इस्लामाबाद में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने शनिवार को कहा कि जब तक अफगान सरकार उन्हें स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं होती, हम अप्रवासियों को अफगानिस्तान वापस नहीं भेजेंगे। समा टीवी के अनुसार पाक तहरीक-ए-इस्लाम के मुख्यमंत्री ने कहा कि खैबर पख्तूनख्वा पुलिस किसी को भी जबरन उसके घर से बाहर नहीं निकालेगी। अफगानिस्तान के साथ बातचीत किए बिना देश शांति प्राप्त नहीं कर सकता।

उनकी टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब संघीय सरकार ने गैर-दस्तावेजी शरणार्थियों और अफगान नागरिक कार्ड (एसीसी) धारकों को वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, क्योंकि उनकी स्वैच्छिक वापसी की समय सीमा 31 मार्च, 2025 को समाप्त हो चुकी थी। बाद में समय सीमा कुछ दिनों के लिए बढ़ा दी गई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अफगान शरणार्थियों के साथ हमारे सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंध हैं। जो शरणार्थी स्वेच्छा से जाना चाहते हैं, उन्हें सम्मान के साथ वापस लौटने के लिए संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। 'द न्यूज इंटरनेशनल' के अनुसार, मुख्यमंत्री ने संघीय सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि वे अभी भी अफगान तालि. बान के नेतृत्व वाली अंतरिम अफगानिस्तान सरकार के साथ वार्ता शुरू करने के लिए इस्लामाबाद द्वारा संदर्भ की शर्तों (टीओआर) को मंजूरी देने का इंतजार कर रहे हैं। पाकिस्तान की संघीय सरकार द्वारा प्रवासियों को परेशान करने के कारण, जिसमें पुलिस और पाकिस्तानी रेंजर्स द्वारा बलपूर्वक कार्रवाई भी शामिल है, यह मुद्दा पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच विवाद का विषय बन चुका है।

### पाकिस्तान सेना के अभियान में दो आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में दक्षिण-पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान के केच जिले में सेना के अभियान के दौरान दो आतंकवादी मारे गए हैं। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने बयान में कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षा बलों ने बुलेदा इलाके में अभियान चलाया। अभियान में दो आतंकवादी मारे गए और उनके ठिकाने पर कब्जा कर लिया गया। बयान में कहा गया कि मारे गए आतंकवादी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ-साथ निर्दोष नागरिकों के खिलाफ क्षेत्र में कई आतंकवादी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल थे।

## मोदी-यूनुस की वार्ता सकारात्मक साबित होगी: फखरुल

**ढाका।** बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने उम्मीद जताई है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बंगलादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता को लेकर दोनों देशों के लिए सकारात्मक साबित होगी। थाईलैंड के बैंकॉक में शुक्रवार को बिम्सटेक शिखर सम्मेलन से इतर भारत और बंगलादेश के नेताओं के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक पर दोनों देशों की नजर थी तथा बंगलादेश की अंतरिम सरकार ने इसे उत्पादक और पारस्परिक रूप से लाभकारी बताया है। 'ढाका ट्रिब्यून' के अनुसार, फखरुल ने कल शाम को बीएनपी अध्यक्ष के गुलशन कार्यालय में संवाददाताओं के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि इससे निस्संदेह बंगलादेश और भारत के लोगों को फायदा होगा।

# नाइजीरिया में बंदूकधारियों के हमलों में 52 लोगों की मौत

**अबुजा।** मध्य नाइजीरिया में संदिग्ध बंदूकधारियों ने इस सप्ताह के दौरान कम से कम 52 लोगों की हत्या कर दी। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

बुधवार रात से हुए हमलों ने प्लेट्यू राज्य के बोक्कोस स्थानीय सरकार क्षेत्र में समुदायों में दहशत पैदा कर दी है। बोक्कोस सांस्कृतिक विकास परिषद वैनगार्ड के प्रमुख फार्मासुम फुडांग ने राज्य की राजधानी जोस में संवाददाताओं को बताया कि हमलावरों ने स्थानीय लोगों पर अंधाधुंध गोलीबारी की और घरों में आग लगा दी। हमलों में कई लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। फुडांग शवों की तलाश में आस-पास की झाड़ियों की तलाशी लेने में अन्य स्वयंसेवकों का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुरुवार को कम से कम 31 लोगों को सामूहिक रूप से दफनाया गया। फुडांग ने बताया कि गुरुवार को ही हुर्ती गांव में पांच युवा पीड़ितों के शव मिले तथा बोक्कोस क्षेत्र के कई गांवों में तलाशी के दौरान 16 अन्य शव मिले। गौरतलब है कि ताजा खून-खराबे का मकसद अज्ञात है। बोक्कोस प्लेट्यू में सबसे अधिक बार हमले की जद में आने वाले क्षेत्रों में से एक है, जो देश के मुस्लिम-बहुल उत्तर और ईसाई-बहुल दक्षिण के बीच के मध्य क्षेत्र में है। एक बयान में, प्लेट्यू पठार राज्य सरकार ने हमलों की निंदा करते हुए कहा कि सुरक्षा एजेंसियों ने पहले ही 'दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम' के संबंध में कुछ संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया है।

# भारत-श्रीलंका ने किया हिन्द महासागर में परस्पर रक्षा सहयोग

**कोलंबो, वार्ता**



**नरेंद्र मोदी ने भारत में सालाना 700 श्रीलंकाई लोगों की क्षमता निर्माण के बड़े कार्यक्रम की घोषणा की**

**भारत** एवं श्रीलंका ने हिन्द महासागर में परस्पर रक्षा सहयोग बढ़ाने, त्रिकोमाली ऊर्जा हब के रूप में विकसित करने तथा डिजिटल तकनीक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने का फैसला किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा दिसानायके के बीच यहां द्विपक्षीय शिखर बैठक में इन फैसलों के साथ सात समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर एवं आदान-प्रदान किया गया।

दोनों नेताओं ने पांच परियोजनाओं का संयुक्त रूप से उद्घाटन करने को सराहनीय बताया। यात्रा के दौरान नरेंद्र मोदी ने भारत में सालाना 700 श्रीलंकाई लोगों की क्षमता निर्माण के बड़े कार्यक्रम की घोषणा की। उन्होंने त्रिकोमाली में तिरुकोनेश्वरम मंदिर, नुवारा एलिया में सीता एलिया मंदिर और अनुराधापुरा में सेक्रेड सिटी कॉम्प्लेक्स परियोजना के विकास के लिए भारत की अनुदान सहायता अंतर्राष्ट्रीय वेसाक दिवस 2025 पर श्रीलंका में भगवान बुद्ध अवशेषों का प्रदर्शन के अलावा ऋण पुनर्गठन पर द्विपक्षीय संशोधन समझौतों का समापन का भी ऐलान किया। दोनों देशों के बीच जिन 7 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए, उनमें बिजली के आयात/निर्यात के लिए एचवीडीसी इंटरकनेक्शन के कार्यान्वयन के लिए करार, डिजिटल परिवर्तन के लिए जनसंख्या पैमाने पर लागू सफल डिजिटल समाधान साझा करने के क्षेत्र में समझौता, त्रिकोमाली के ऊर्जा हब के रूप में विकास में सहयोग, रक्षा सहयोग, पूर्वी प्रांत के लिए बहु-क्षेत्रीय अनुदान सहायता पर समझौता ज्ञापन, स्वास्थ्य और चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग और फार्माकोपियाल सहयोग पर समझौता ज्ञापन शामिल है। जिन पांच परियोजनाओं का लोकार्पण किया जाना है उनमें महो-ओमानथाई रेलवे लाइन के उन्नत रेलवे ट्रैक का उद्घाटन, महो-अनुराधापुरा रेलवे लाइन के लिए सिग्नलिंग सिस्टम का निर्माण का शुभारंभ, सम्पुर सौर ऊर्जा परियोजना (वर्चुअल) का भूमि पूजन समारोह, दाम्बुला (आभासी) में तापमान नियंत्रित कृषि गोदाम का उद्घाटन तथा श्रीलंका भर में 5000 धार्मिक संस्थानों (आभासी) के लिए सौर छत प्रणालियों की आपूर्ति का शुभारंभ शामिल है।मोदी ने अपने प्रेस वक्तव्य में श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायक द्वारा उन्हें 'श्रीलंका मित्र विभूषण' से सम्मानित किए जाने पर आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए गौरव की बात है। यह सम्मान 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। यह भारत और श्रीलंका के लोगों के बीच ऐतिहासिक संबंधों और गहरी मित्रता का सम्मान है। मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में श्रीलंका का यह मेरा चौथा दौरा है। 2019 की मेरी पिछली यात्रा, एक बहुत ही संवे. दनशील समय पर हुई थी।

# इजरायल ने हमास के प्रमुख मनी एक्सचेंजर खुदारी को मार गिराया

**2023 के बाद हमास की सैन्य शाखा को कई वित्तीय हस्तांतरणों में शामिल था**

**यरूशलम।** इजरायल की सेना ने गाजा में हमास के प्रमुख मनी एक्सचेंजर सईद अहमद अबेद खुदारी को मार गिराया है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में कहा कि उसने सईद अहमद अबेद खुदारी को मार गिराया जो कथित तौर पर गाजा शहर में हमास का प्रमुख मनी एक्सचेंजर था।

आईडीएफ के अनुसार खुदारी की गुरुवार को हत्या कर दी गई, 'हमास के भीतर आतंकवाद के वित्तपोषण का प्रमुख सूत्रधार था।' आईडीएफ ने कहा कि मनी एक्सचेंजर के रूप में अपनी भूमिका के दौरान खुदारी अल वेफाक कंपनी फंड का प्रमुख था जिसे इजरायली सरकार ने 'आतंकवादी संस्थाओं को धन पहुंचाने में इसकी संलिप्तता के कारण' आतंकवादी संगठन घोषित किया था। आईडीएफ के अनुसार खुदारी पिछले कुछ वर्षों में खास तौर पर सात अक्टूबर, 2023 के बाद 'हमास की सैन्य शाखा को कई वित्तीय हस्तांतरणों में शामिल था।' आईडीएफ ने कहा कि 2019 में अपने भाई हामिद खुदारी की हत्या के बाद उसकी संलिप्तता बढ़ गई जिसने हमास के सैन्य अभियानों के लिए प्राथमिक वित्तीय माध्यम के रूप में भी काम किया था। आईडीएफ ने दो अन्य बयानों में कहा कि उसने फलस्तीनी मुजाहिद. ीन आंदोलन के एक वरिष्ठ सैन्य कमांडर मोहम्मद हसन मोहम्मद अवद को मार गिराया है।

# सलमान-रश्मिका के ऐज-गैप पर अमीषा का रिएक्शन

## बोली- फिल्में चल जाती हैं, तो सब माफ, सनी देओल संग अपनी जोड़ी का दिया उदाहरण





**मुंबई।** सलमान खान इन दिनों अपनी फिल्म सिकंदर को लेकर सुर्खियों में हैं, जिसमें उनके साथ रश्मिका मंदाना नजर आई हैं, लेकिन फिल्म की रिलीज से पहले दोनों के बीच उम्र के अंतर को लेकर कई सवाल उठाए गए थे। अब इस मामले में अमीषा पटेल ने अपना रिएक्शन देते हुए सनी देओल के साथ अपनी जोड़ी का उदाहरण भी दिया।

मुंबई में एक इवेंट में आईएएनएस ने अमीषा पटेल से सलमान खान और रश्मिका मंदाना के बीच उम्र के अंतर को लेकर राय पूछी।

इसके जवाब में उन्होंने कहा, मेरे और सनी जी के बीच भी उम्र का बड़ा अंतर है, लगभग 20 साल से ज्यादा, लेकिन जब फिल्म काम करती है, तो सब कुछ माफ कर दिया जाता है। दरअसल, अमीषा पटेल ने सनी देओल के साथ दो बार गदर: एक प्रेम कथा और गदर 2 में काम किया है। ये दोनों ही फिल्में हिट साबित हुई हैं। वहीं, सलमान खान ने भी इस मामले में ट्रोलर्स को करारा जवाब दिया था। उन्होंने कहा था, 'जब हीरोइन को प्राब्लम नहीं हो रही है तो आपको क्यों हो रही है। इनकी शादी होगी, बच्ची होगी, तो उनके साथ भी काम करेंगे। मम्मी की परमिशन तो मिल ही जाएगी। सलमान और रश्मिका के अलावा, फिल्म में काजल अग्रवाल, सत्यराज, सुनील शेट्टी, शरमन जोशी और प्रतीक बब्बर भी नजर आए।

इस फिल्म के डायरेक्टर ए. आर. मुरुगदास है। जबकि साजिद नाडियाडवाला ने इसे प्रोड्यूस किया है।

# खाकी के सेट पर घबरा गई थीं चित्रांगदा सिंह





**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह की खाकी–द बंगाल चैप्टर वेब सीरीज हाल ही में रिलीज हुई। सीरीज के रिलीज होने के बाद एक्ट्रेस ने शूटिंग के कुछ किस्से शेयर किए। उन्होंने कहा कि वह शूटिंग के समय 400 लोगों के सामने काफी नर्वस फील कर रही थीं। चित्रांगदा सिंह ने सेट के किस्से शेयर करते हुए कहा कि कुछ मोमेंट ऐसे हैं, जिन्हें वह कभी नहीं भूल पाएंगी। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए चित्रांगदा ने बताया, 'एक कलाकार के तौर पर मैं हमेशा चेलेंजिंग किरदारों को चुनती हूं। नार्मल किरदार निभाना कामिक बुक जैसा लगता है।' चित्रांगदा ने कहा कि निबेदिता बसाक की भूमिका निभाना मुश्किल था। एक स्पेशल सीन को करते हुए एक्ट्रेस को काफी घबराहट हुई। उन्होंने कहा, फिल्म के सेट पर मुझे करीब 400 लोगों के सामने भाषण देना था। इस सीन को विक्टोरिया मेमो. रियल के ठीक सामने एक बड़े मैदान में शूट किया गया था। मैंने डायरेक्टर के साथ वैन में अपने भाषण की प्रैक्टिस की, लेकिन जैसे ही मैं स्टेज पर चढ़ी और रेडी टू रोल सुना, मुझे काफी घबराहट होने लगी और मैं कुछ सेकेंड के लिए फ्रिज हो गई थी। हालांकि, भीड़ की एनर्जी ने मुझे आगे बढ़ने के लिए मोटिवेट किया। यह मोमेंट मुझे हमेशा याद रहेगा। चित्रांगदा ने साल 2005 में हजारों ख्वाहिश ऐसी से अपना डेब्यू किया था। खाकी: द बंगाल चैप्टर नेटफ्लिक्स पर हिंदी और बंगाली में एक साथ स्ट्रीम होने वाली पहली हिंदी सीरीज है। इसमें चित्रांगदा सिंह, निबेदिता बसाक की भूमिका में नजर आ रही हैं। इनके अलावा जीत मदनानी, प्रोसेनजीत चटर्जी, परमब्रत चटर्जी भी लीड रोल में हैं। खाकी: द बंगाल चैप्टर वेब सीरीज 20 मार्च 2025 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। यह सीरीज खाकी: द बिहार चैप्टर का स्टैंड अलोन सीक्वल है। इसको नीरज पांडे ने क्रिएट किया है।

**एक सीन में 400 लोगों के सामने भाषण देना था, पहली बार पालिटिशियन के किरदार में दिखीं**

## रिलीज डेट्स

### 14 अगस्त को रिलीज होगी रजनीकांत की फिल्म 'कुली'

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की आने वाली फिल्म कुली 14 अगस्त को रिलीज होगी। रजनीकांत एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने को तैयार हैं। उनकी आने वाली फिल्म कुली की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया गया है। इस फिल्म का निर्देशन लोकेश कनगराज कर रहे हैं। यह फिल्म 14 अगस्त को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। कुली के निर्देशक लोकेश कनगराज ने अपने इंस्टाग्राम पर इस फिल्म का ब्लैक एंड व्हाइट पोस्टर जारी करते हुए कैप्शन में लिखा, 'देवा आ रहा है, कुली 14 अगस्त से दुनिया भर में। सामने आए पोस्टर में रजनीकांत सीटी बजाते नजर आ रहे हैं। कुली में रजनीकांत के साथ आमिर खान भी नजर आएंगे। कुली में नागार्जुन अक्किनेनी, उपेन्द्र, सौबिन शाहिर, सत्यराज, श्रुति हासन, रेबा मोनिका जॉन और जूनियर एमजीआर की भी अहम भूमिका होगी। पूजा हेगड़े इस फिल्म में स्पेशल आइटम नंबर करती नजर आएंगी।

### 14 अप्रैल से शुरू होगा केबीसी 17 के लिए रजिस्ट्रेशन

**मुंबई।** लोकप्रिय क्विज शो कौन बनेगा करोड़पति केबीसी सीजन 17 के लिए 14 अप्रैल से रजिस्ट्रेशन शुरू होगा। कौन बनेगा करोड़पति ऑफशियिली तौर पर अपने 17वें सीजन के साथ लौट रहा है।इस बात का खुलासा शो के मेकर्स ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर किया है। प्रोमो में बॉलीवुड के महानायक और केबीसी के होस्ट अमिताभ बच्चन नजर आ रहे हैं।

वही इस प्रोमो में बताया जा रहा है कि इस शो को रजिस्ट्रेशन जल्द ही शुरू होने वाला है। इस प्रोमो वीडियो में अमिताभ बच्चन एक मरीज के रूप में डॉक्टर के सामने दिखाई दे रहे हैं। उनके पेट में दर्द होता है। ऐसे अमिताभ से डॉक्टर पूछते हैं कि उन्होंने ऐसा क्या खाया कि उनके पेट में दर्द होने लगा। फिर डॉक्टर कहते हैं कि आपके पेट में कुछ बात है, जिसकी वजह से आपके पेट में दर्द हो रहा है। इस पर अमिताभ कहते हैं कि छोटी मोटी बात नहीं है एक सरप्राइज है। इसके बाद वो खुलासा करते हैं कि केबीसी 17 के लिए रजिस्ट्रेशन 14 अप्रैल से रात 9 बजे शुरू होने वाले हैं। इस वीडियो को शेयर कर सोनी एंटरटेनमेंट टेलिविजन ने कैप्शन में लिखा, 'तैयार हो जाइए 14 अप्रैल से हॉट सीट पर आने के लिए। केबीसी के रजिस्ट्रेशन और हमारे एबी के सवाल शुरू होने वाले ही हैं। यह रजिस्ट्रेशन सोनी एंटरटेनमेंट और सोनी लिव पर शुरू होंगे।

# रूमर्ड बायफ्रेंड वेदांग रैना के साथ दिखीं खुशी

**मुंबई।** जाने–माने फिल्ममेकर बोनी कपूर की बेटी और एक्ट्रेस जान्हवी कपूर की छोटी बहन खुशी कपूर अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। काफी वक्त से चर्चा है कि खुशी अपनी डेब्यू फिल्म द आर्चीज के को–अभिनेता वेदांग रैना को डेट कर रही हैं। इसी बीच दोनों साथ में एयरपोर्ट के बाहर स्पाट हुए। इस समय खुशी और वेदांग के साथ बोनी कपूर और जान्हवी कपूर भी नजर आए। दरअसल, जान्हवी कपूर गुजरात के जामनगर में अपने बायफ्रेंड शिखर पहाड़िया का बर्थडे सेलिब्रेट करने पहुंची हैं। फैमिली का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

वीडियो में जान्हवी और बोनी कपूर मुंबई के एक एयरपोर्ट पर दिखाई दे रहे हैं। इसी वीडियो में खुशी कपूर को वेदांग के साथ देखा गया। खुशी ने अपने पालतू कुत्ते को भी गोद में उठा रखा था। इसके बाद सभी का एक और वीडियो में सामने आया, इसमें वह जामनगर एयरपोर्ट से बाहर निकलते दिखाई दे रहे हैं। खुशी की बेस्ट फ्रेंड मुस्कान भी कपूर फैमिली के साथ नजर आईं। खुशी कपूर और वेदांग रैना ने जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज से बालीवुड में डेब्यू किया था। इसके बाद से अक्सर दोनों साथ में नजर आते हैं। हालांकि, दोनों में से किसी ने अपने रिलेशनशिप को आफिशियली एक्सेप्ट नहीं किया है। इस बीच वर्क फ्रंट की बात करें तो खुशी इस साल दो फिल्मों में नजर आईं। उन्होंने 2025 की शुरुआत अद्वैत चंदन की रोमांटिक–कामेडी फिल्म लवयापा से की ।

इस फिल्म से उन्होंने आमिर खान के बेटे जुनैद खान के साथ थिएटर में डेब्यू किया। इसके बाद वह डायरेक्टर शौना गौतम की फिल्म नादानियां में नजर आईं । इसमें खुशी के साथ सैफ अली खान और अमृता सिंह के बेटे इब्रा. हिम अली खान भी हैं। इब्राहिम ने इस फिल्म से बालीवुड में डेब्यू किया।

# मंदिर जाने के कारण ट्रोल हो गई सारा अली खान



**मुंबई।** बॉलीवुड अदाकार सारा अली खान को अक्सर अपनी प्रोफेशनल लाइफ और पर्सनल लाइफ को लेकर ट्रोल किया जाता है। हाल ही में एक्ट्रेस नवरात्रि के मौके पर गुवाहाटी के कामाख्या मंदिर दर्शन करने के लिए पहुंची। सारा ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की। इसके बाद से सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस को काफी ट्रोल किया जा रहा है। सारा अली खान ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर कीं। फोटोज में सारा सफेद कुर्ता, पायजामा और दुपट्टा पहने नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को देखने के बाद सोशल मीडिया पर लोग काफी भड़क गए हैं। कुछ लोग एक्ट्रेस को नसीहत दे रहे हैं कि वह अपना नाम बदलकर सीता रख लें। सारा को यूजर्स एडवाइस दे रहे हैं कि वह या तो अपना नाम चेंज कर लें या फिर धर्म बदल लें। एक यूजर ने एक्ट्रेस की पोस्ट पर कमेंट कर लिखा, यह सब नाटक हैं। तो वहीं एक ने सवाल किया कि सारा कभी इस्लामिक जगहों पर क्यों नहीं जाती हैं? दूसरे ने लिखा, आप इस तरह इस्लाम को बदनाम नहीं कर सकती। इस पहले फरवरी में सारा अली खान झारखंड के देवघर में बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिर गई थीं। सारा ने इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा था, जय बाबा बैद्यनाथ, जिसके कारण एक्ट्रेस को कमेंट करके ट्रोल किया जा रहा था।

## अकाल–द अनकॉन्क्वेर्ड

### अनकही कहानियों की कहानी है: गिप्पी ग्रेवाल

**नई दिल्ली।** जाने–माने अभिनेता गायक गिप्पी ग्रेवाल का कहना है कि उनकी फिल्म अकाल–द अनकॉन्क्वेर्ड अनकही कहानियों की कहानी है। हाल ही में अभिनेता गिप्पी ग्रेवाल, निमृत खैरा, निकितिन धीर और गुरप्रीत घुग्गी जैसे सितारे भी अपनी आनेवाली फिल्म अकाल : द अनकॉन्क्वेर्ड के प्रमोशन के सिलसिले में दिल्ली आए। फिल्म अकाल: द अनकॉन्क्वेर्ड की कहानी 1840 के दशक में सेट एक एक्शन ड्रामा है।

जिसमें पंजाब के योद्धा एक विशोधी सेना के खिलाफ खुद का बचाव करते हैं। गिप्पी ग्रेवाल ने बताया कि अकाल: द अनकॉन्क्वेर्ड ऐसी कहानियों के बारे में एक फिल्म है, जो अब तक अनकही रही हैं और इनके बारे में बहुत कम लोगों को पता है।

जैसा कि नाम से ही ज्ञात होता है अकाल का मतलब है कालातीत, यानी जिसे किसी भी काल में जीता नही जा सकता। फिल्म अकाल: द अनकॉन्क्वेर्ड का निर्माण करण जौहर (धर्मा प्रोडक्शंस) द्वारा किया गया है और यह फिल्म–10 अप्रैल 2025 को रिलीज होगी।

